# देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 05 मई 2025 । वर्ष – 69 । अंक – 169 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ नफरत के खिलाफ... ■ इस बार टॉपी में से... 04
■ समंदर में चीन के साथ उलझ गया यह देश... ■ पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और विदेश... 09
■ ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती का सही समय... ■ सोयाबीन की उन्नत किस्में... 11
■ इंग्लैंड में जड़ेजा... ■ आंद्रे रसेल ने दिखाया... 10

**आईपीएल में आज**

हैदराबाद विरुद्ध दिल्ली (हैदराबाद) 7.30 शाम से

## सार संक्षेप

### योग गुरु शिवानंद का 128 साल की उम्र में निधन



**वाराणसी।** योग साधना के प्रतीक और पद्मश्री से सम्मानित शिवानंद बाबा का निधन शनिवार रात लगभग 9 बजे हो गया। 128 साल की उम्र में बीएचयू अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार रविवार को हरिश्चंद्र घाट पर किया जाएगा। शिवानंद बाबा वाराणसी के भेलूपुर क्षेत्र के दुर्गाकुंड स्थित कबीर नगर में रहते थे। इतने बुजुर्ग होने के बाद भी वह हर रोज नियमित रूप से योग और प्राणायाम करते थे। उनका जीवन सादगी, संयम और ब्रह्मचर्य का एक आदर्श उदाहरण था। साल 2022 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शिवानंद बाबा को पद्मश्री से सम्मानित किया था।

### राजस्थान में रिश्वत लेते विधायक को हिरासत में लिया

जयपुर। 20 लाख रुपए रिश्वत मामले में राजस्थान एसीबी ने रविवार को भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) के विधायक को ट्रैप किया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बांसवाड़ा के बागीदौरा विधानसभा सीट से विधायक जय कृष्ण पटेल को हिरासत में लिया। विधायक पर आरोप है कि वह विधानसभा में सवाल करने के एवज में रिश्वत मांगते थे। इस बार विधायक की ओर से 2.50 करोड़ की रिश्वत मांगी गई थी। गनमैन के जरिए पहली किस्त के तौर पर 20 लाख रुपये लेते हुए विधायक को एसीबी ने दबोचा।

**बिरादरी कनात**

**चूहा-सुनती हो-** कांग्रेस कह रही है जाति जनगणना के लिए कांग्रेस के दबाव पर पलटे हैं प्रधानमंत्री।

**चुहिया- हां प्रिये-** यह राजनीति के खेल हैं, इसमें दबाव से ज्यादा अपने नफा-नुकसान की चिंता की जाती है।

## भारत कसता जा रहा पाकिस्तान की आतंकी करतूत पर शिकंजा

# बगलिहार बांध से रोका चिनाब नदी का पानी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ 65 साल से चले आ रहे सिंधु जल समझौते को रद्द कर दिया था और अब भारत ने चिनाब नदी पर बगलिहार बांध से पाकिस्तान को जाने वाले पानी का प्रवाह रोक दिया है।

इसके साथ ही झेलम नदी पर किशनगंगा बांध पर भी इसी तरह का कदम उठाने की योजना भी चल रही है। जम्मू के रामबन में बगलिहार और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा हाइड्रो पावर डैम के जरिए भारत अपनी तरफ से पानी छोड़ने के टाइम को रेगुलेट कर सकता है। यानी इन बांधों के जरिए पाकिस्तान को पहुंचने वाले पानी को बिना किसी पूर्व चेतावनी के कम किया जा सकता है और फ्लो को बढ़ाया भी जा सकता है। बगलिहार बांध से पानी रोके जाने के बाद पाकिस्तान में जलसंकट शुरू होने की खबरें भी आ रही हैं।

# वायुसेना प्रमुख ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

उधर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में यह अहम बैठक हुई।



इससे पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें अरब सागर में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया था। वहीं राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक भी हमले के दो दिन बाद हुई थी। सूत्रों का कहना है कि- सेना प्रमुखों के साथ बैठक में पाकिस्तान की आतंकी करतूत पर शिकंजा कसने और तगड़ा जवाब देने के लिए ठोस रणनीति बनाए जाने के साथ प्रधानमंत्री ने सैन्य अधिकारियों को पूरी छूट दी है ताकि वे पाक को सबक सिखाने ठोस कदम उठा सकें। इसी सिलसिले में वायुसेना प्रमुख प्रधानमंत्री से मिले।

### *अब बिलावल और इमरान के एक्स हैंडल बंद किए*

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद जहर उगल रहे पाक के नेताओं पर भारत डिजिटल स्ट्राइक भी कर रहा है। इसके चलते बिलावल भुट्टो और जेल में बंद इमरान खान के एक्स हेंडल भी भारत ने बंद कर दिए हैं। ये नेता लगातार भारत के खिलाफ अपने देश में और सोशल मीडिया पर जहर उगल रहे थे।*

### मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्तियों के साथ रीवा में किया न्यायालय भवन का लोकार्पण

# लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए जजों की नियुक्ति आवश्यक : मुख्य न्यायाधीश कैत



- राज्य सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही है आगे : जस्टिस सूर्य कांत
- करुणा, विवेक और न्याय से भव्य भवन की आत्मा होगी जागृत : जस्टिस महेश्वरी
- न्याय पाना सबका अधिकार, इसकी सहज उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है सरकार: डॉ. यादव

## नये कानूनों से न्यायालयीन प्रणाली और लोकतंत्र हुआ है समृद्ध : मुख्यमंत्री

**रीवा, भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का कानूनी अधिकार है। वादी को समय पर न्याय दिलाना ही सम्पूर्ण न्याय प्रणाली का एकमात्र लक्ष्य है। न्याय पाने के अधिकार की सुरक्षा करते हुए हमारी सरकार प्रदेश के हर नागरिक को सहज और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय पर न्याय दिलाना एक समाजिक सूत्र है, जिसे हम सभी को अपने-अपने दायरे में पूरी शिद्दत से निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रियासत काल से ही रीवा क्षेत्र न्याय व्यवस्था की दृष्टि से हमेशा अग्रणी रहा है। इस दिशा में रीवा में आज एक और नए युग का सूत्रपात हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रीवा में नवनिर्मित जिला न्यायालय कॉम्पलेक्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस नवनिर्मित भवन को न्याय का मंदिर बताते हुए विश्वास जताया कि इस भवन में आने वाला हर व्यक्ति सहज, सुलभ और पूर्ण न्याय प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि सच्चे अर्थों में सम्राट विक्रमादित्य ने ही देश में एक सशक्त न्याय प्रणाली की आधारशिला रखी थी और आज भी उनकी वही समृद्ध परम्परा निर्बाध गति से प्रवाहमान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले डेढ़-दो सालों में ही न्यायालयीन व्यवस्था की बेहतरी के लिए प्रदेश में 30 से अधिक छोटे-बड़े न्यायालय भवनों का लोकार्पण किया गया है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार न्याय शेष पृष्ठ 2 पर

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर टकराए एक के बाद एक कई वाहन, पांच की मौत, आठ घायल

**ओंगोल।** आंध्र प्रदेश में हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। गौरतलब है कि हादसा किसी एक वाहन के साथ नहीं हुआ बल्कि कई वाहन एक के बाद एक दूसरे से टकराए, जिनमें पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह ओंगोल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर पहली दुर्घटना सुबह करीब 4.50 बजे हुई।

जहां टायर पंक्चर होने के कारण लेन 1 पर खड़े ट्रक को पोल्ट्री वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे चालक और दो क्लीनर की मौत हो गई। इसके तुरंत बाद, एक वाहन ने पोल्ट्री वाहन को टक्कर मार दी, जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना के कारण एक किलोमीटर से अधिक लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। ट्रैफिक जाम के कारण, अमरावती से तिरुपति जा रही एक कार ने एक खड़े ट्रक को टक्कर मार दी, जिसमें गुंटूर जिले के छह यात्री सवार थे। एक दूसरे ट्रक ने पीछे से कार को टक्कर मार दी, जिससे कार दो भारी वाहनों के बीच में फंस गई। इसके चलते दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए।

### मध्यस्थता सम्मेलन में बोलीं राष्ट्रपति

# पंचायतों को कानूनी रूप से सशक्त बनाने की है जरूरत



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पंचायतों को गांवों में विवादों को सुलझाने और मध्यस्थता करने के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाने के लिए विवाद समाधान तंत्र को ग्रामीण क्षेत्रों तक बढ़ाने की सख्त जरूरत है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में प्रथम राष्ट्रीय मध्यस्थता सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि गांवों में सामाजिक सद्भाव राष्ट्र को मजबूत बनाने की एक आवश्यक शर्त है।

गांवों में पारिवारिक या भूमि विवादों में मध्यस्थता करने वाले लोग सामाजिक रूप से सशक्त होते हैं, लेकिन उनके पास कानूनी सशक्तिकरण का अभाव होता है। इस वजह से ऐसे मामले गांव के स्तर पर ही नहीं सुलझ पाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि विवादों के समाधान के दौरान, प्रभावित पक्षों को पता होता शेष पृष्ठ 2 पर

## ऐसा तंत्र बनाए कि गांवों के विवाद वहीं निपट जाएं

राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा तंत्र बनाने की जरूरत है जहां गांव स्तर पर विवादों का निपटारा वहीं हो जाए, माहौल खराब न हो और लोग सद्भाव के साथ रहें। उन्होंने कहा कि इस तरह से कई छोटे-मोटे मुद्दों को जमीनी स्तर पर ही सुलझाया जा सकता है। मुर्मू ने कहा कि शायद यह किसी चूक या वक्त की कमी की वजह से गांव से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक न्यायिक व्यवस्था स्थापित नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि गांवों में मध्यस्थता की व्यवस्था पहले से ही थी, लेकिन लोग अब शिक्षित हो गए हैं, इसलिए उन्हें पता है कि मध्यस्थों के पास कोई शक्ति नहीं है। इस कार्यक्रम में भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, सीजेआई पदनाम बीआर गवई और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे।

### जम्मू-कश्मीर हाईवे पर हादसा

# खाई में गिरा सेना का वाहन, 3 सैन्यकर्मी शहीद

**जम्मू, (देशबन्धु)।** जम्मू एवं कश्मीर के रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को एक सड़क दुर्घटना में तीन जवानों की मौत हो गई। सैन्य वाहन गहरी खाई में गिर गया।

एक अधिकारी ने बताया, आज जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन जिले में बैटरी चश्मा के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन खाई में गिर गया। तीन सैनिकों की मौके पर ही मौत हो गई। बचाव अभियान तुरंत शुरू कर दिया गया। पुलिस ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पिछले पखवाड़े से जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग रामसू-रामबन खंड में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के कारण बंद रहा है। कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण सड़क बह गई है। राजमार्ग की मरम्मत कर यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है, लेकिन इसके बाद भी 40 किलोमीटर से अधिक लंबा रामबन-रामसू खंड लगभग 300 किलोमीटर लंबे महत्वपूर्ण राजमार्ग की कमजोर कड़ी बना हुआ है।

भूमि से घिरी घाटी के लिए, सेना और सभी नागरिक आपूर्ति इसी राजमार्ग से होकर गुजरती है।

### प्रधानमंत्री मोदी हमेशा जाति जनगणना के विरोध में रहे : कांग्रेस

# 'कांग्रेस के दबाव में जाति जनगणना पर पलटे मोदी'

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा जाति जनगणना का विरोध करते रहे हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी के दबाव में उन्हें इस मुद्दे पर अचानक और हताशा भरा यू-टर्न लेने को मजबूर होना पड़ा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आज यहां जारी एक बयान में कहा 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जातिगत जनगणना के मुद्दे पर एकदम अचानक और हताशा भरे यू-टर्न के पर्याप्त सबूत हैं।' श्री रमेश ने कुछ सबूत गिनाते हुए कहा पिछले साल 28 अप्रैल को एक टीवी इंटरव्यू में श्री मोदी ने जातिगत जनगणना की मांग करने वालों को 'अर्बन नक्सल' करार दिया था। मोदी सरकार ने 20 जुलाई 2021 को संसद में कहा था कि 'सरकार ने नीतिगत निर्णय लिया है कि जनगणना में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अलावा अन्य किसी जाति की गणना नहीं की जाएगी।' देश की सर्वोच्च अदालत में 21 सितंबर 2021 को दाखिल हलफनामे में सरकार ने साफ कहा था-जनगणना 2021 के दायरे से किसी भी अन्य जाति की जानकारी को बाहर रखना केंद्र का एक सचेत नीतिगत निर्णय है।'

### हिरासत में ली गई छह बांग्लादेशी महिलाएं

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से रह रही छह बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया है। इन महिलाओं के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। इसके बाद दिल्ली स्थित विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) की सहायता से निर्वासन की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ये महिलाएं पुलिस की पकड़ से बचने के लिए दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर रह रही थीं। डीसीपी ईस्ट अभिषेक धानिया ने कहा कि पुलिस स्टेशन (मंडावली) को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाया गया।

JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL

अब पाइये चश्मे से छुटकारा मात्र कुछ सेकेण्ड्स में

Teneo- 2 तकनीक से इलाज

TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित



आज ही विजिट करें

9165108121 janjyotieyehospital.com

1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life

A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302)

ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26

Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities

Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games

राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट

Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

### उम्मीद — अब भारत में अनाथ बच्चों को गोद लेना सामान्य

# 35701 परिवार कर रहे मासूमों को घर लाने का इंतजार

**नई दिल्ली।** धीरज (बदला हुआ नाम) की कहानी ऐसे हजारों अनाथ और परित्यक्त बच्चों की जिंदगी की बेहतरी की उम्मीद जगाती है जो आज भी अनाथ आश्रमों और शिशु देखभाल केंद्र में किसी परिवार के अपनाए जाने की बाट जोह रहे हैं। धीरज को पैदा होते ही नॉक नीज बीमारी की वजह से जन्म देने वाली मां शिशु देखभाल केंद्र में छोड़ गई। बीमारी की वजह से उन्हें कोई गोद नहीं लेना चाहता, लेकिन 2021 में एक दंपती ने उन्हें अपनाया। धीरज अब एक परिवार में एशो-आराम और बीमारी के इलाज के साथ ही एक बेहतर जिंदगी जी रहे हैं और यह सब मुमकिन हुआ देश में गोद लेने के नजरिए में आए सकारात्मक बदलाव से।



भारत में बीते एक दशक में गोद लेने की संख्या में शानदार बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। 2015-16 के मुकाबले गोद लिए बच्चों की संख्या 3,677 से बढ़कर 2018-19 में 4,027 हो गई है। हालांकि, इसमें कोविड-19 के दौरान थोड़ी गिरावट आई, लेकिन 2024-25 में रिकॉर्ड 4,515 बच्चों को गोद लिया गया। यह बीते एक दशक में सबसे अधिक संख्या है। इस साल अब तक 420 बच्चे अनाथ/परित्यक्त/सौंपे गए (ओएएस) श्रेणी से गोद लिए जा चुके हैं। इनमें से 342 को भारतीयों ने, आठ को एनआरआई, छह को ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) और 11 को विदेशियों ने गोद लिया। किशोर न्याय अधिनियम और दत्तक ग्रहण विनियम के तहत दिया जाता है प्रक्रिया को अंजाम। भारत की गोद लेने की व्यवस्था का जिम्मा 35 दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसियां (सारा), 719 विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसियां,757 जिलाधिकारी, 714 मुख्य चिकित्सा अधिकारी और 760 जिला बाल संरक्षण इकाइयां (डीसीपीयू) संभालते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, भारत 44 केंद्रीय प्राधिकरणों, 21 भारतीय राजनयिक मिशनों और 65 मान्यता प्राप्त विदेशी गोद लेने वाली एजेंसियों के साथ काम करता है।

**गोद लेने वाले 35,701 और बच्चे सिर्फ 2,435-** गोद लेने की इच्छा रखने वाले लोगों की संख्या के मुकाबले गोद दिए जाने वाले बच्चों की संख्या बेहद कम है। अप्रैल 2025 तक केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) के केयरिंग्स पोर्टल पर गोद लेने के इच्छुक 35,701 दंपतियों ने पंजीकरण कराया है। इनमें 32,873 भारतीय नागरिक ओएएस बच्चों को गोद लेने के इंतजार में हैं। 300 एनआरआई, 216 ओसीआई और 319 विदेशी भी कतार में हैं। एक अधिकारी ने बताया कि अब तक सबसे बड़ी चुनौती बच्चों और उन्हें अपनाने की इच्छा रखने वालों के बीच की दूरी रही है। लेकिन 2023-24 में इसमें सुधार हुआ। कई वर्षों से संस्थानों में रह रहे 8,500 से अधिक बच्चों को गोद लेने के लिए मुहैया कराया गया। साथ ही, कारा के नेटवर्क में 245 नई एजेंसियों को जोड़ा गया। सबसे अहम बात यह है कि लोगों का नजरिया बदल रहा है।

# देश-विदेश

## हमें भागीदारों की तलाश, उपदेशकों की नहीं : जयशंकर

**नई दिल्ली।** आर्कटिक सर्कल इंडिया फोरम 2025 में विदेश मंत्री ने बदलती विश्व व्यवस्था में भारत की स्थिति और सोच के बारे में बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत भागीदारी की तलाश में रहता है और यूरोप की ओर इसी सोच के साथ देख रहा है। आर्कटिक सर्कल इंडिया फोरम 2025 में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, हम अब उस आकार और अवस्था में पहुंच गए हैं, जहां दुनिया के किसी भी कोने में होने वाली लगभग हर महत्वपूर्ण घटना हमारे लिए मायने रखती है। अमेरिका आज पहले से कहीं अधिक आत्मनिर्भर है। यूरोप आज बदलाव के लिए दबाव में है। बहुध्रुवीयता की वास्तविकताएं उसे समझ में आ रही हैं। मुझे लगता है कि उसने अभी भी इसे पूरी तरह से समायोजित और आत्मसात नहीं किया है।

## श्रद्धालुओं के लिए बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुले



### -15 हजार तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन
### -पीएम मोदी के नाम से हुई पहली पूजा

**देहरादून, (एजेंसियां)।** भू-बैकुंठ बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार को सुबह 6 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। जय बदरीनाथ... के उद्घोष के साथ करीब 15 हजार तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ की अखंड ज्योति के साथ ही भगवान बदरीविशाल के दर्शन किए। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही उत्तराखंड की चारधाम यात्रा भी विधिवत रूप से शुरू हो गई है। धाम पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भगवान बदरीविशाल के दर्शन करने के बाद पहली महाभिषेक पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की और देश व राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। इसी के साथ ही बदरीनाथ मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर समेत आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी की पूजाएं भी शुरू हो गई हैं।

रविवार को सुबह चार बजे बीकेटीसी (बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति) के अधिकारी व कर्मचारी मंदिर परिक्रमा स्थल पर पहुंचे। इसके बाद साढ़े चार बजे कुबेर की उत्सव डोली को दक्षिण द्वार से मंदिर के मंडप में प्रवेश कराया गया और लक्ष्मी की मूर्ति को उनके मंदिर में स्थापित किया गया। सुबह साढ़े पांच बजे बदरीनाथ द्वार पूजन होने के बाद रवि पुष्य योग में सुबह ठीक छह बजे बदरीनाथ मंदिर के कपाट खोल दिए गए। बदरीनाथ सिंहद्वार पर पंक्तिबद्ध होकर वेद वेदांग संस्कृत महाविद्यालय ज्योतिर्मठ के छात्रों और शिक्षकों ने विष्णु सहस्रनाम का पाठ किया। सुबह 10 बजे तक श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ भगवान के निर्वाण (बिना शृंगार) दर्शन किए। इसके बाद बदरीनाथ की पहली महाभिषेक पूजा के साथ ही नित्य पूजाएं शुरू हुईं।

### पाकिस्तान से तनाव के बीच पंजाब से दो जासूस गिरफ्तार

## लीक कर रहे थे सैन्य ठिकानों की तस्वीरें

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान से जारी तनाव के बीच पंजाब पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पंजाब पुलिस ने दो लोगों को सेना की छावनियों और एयरबेस से जुड़ी संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस जासूसी नेटवर्क के तार पाकिस्तान से जुड़े होने की आशंका है। राज्य के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को इसकी जानकारी दी। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने शनिवार को पलक शेर मसीह और सूरज मसीह नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उनके पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से संबंध हैं, जो हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू उर्फ हैप्पी के माध्यम से स्थापित किए गए हैं, जो वर्तमान में अमृतसर सेंट्रल जेल में बंद है।

डीजीपी गौरव यादव के मुताबिक आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है, और जांच जारी है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, आगे और भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की उम्मीद है।

## सिंगापुर आम चुनाव में पीएम वोंग और पीएपी की प्रचंड जीत, 97 में से 87 सीटें

**सिंगापुर।** प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने शनिवार को सिंगापुर के आम चुनाव में 97 संसदीय सीटों में से 87 सीटें हासिल कर भारी जीत दर्ज की। अमेरिकी व्यापार शुल्कों के कारण ग्लोबल इकोनॉमी में उत्पन्न अनिश्चितताओं के बीच वोंग और पीएपी को आम चुनाव से नया जनादेश मिला है। सिंगापुर की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी पीएपी ने 1965 में स्वतंत्रता के बाद से ही यहां शासन किया है।

मार्सिलिंग-यू टी ग्रुप रिप्रेजेंटेशन कांस्टीट्यूएंसी (जीआरसी) के नतीजे घोषित होने के बाद वोंग ने कहा कि यह उनका पहला और शानदार अनुभव था। उन्होंने मतदाताओं के लिए कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया। लॉरेंस वोंग (52) ने कहा कि हम आपके मजबूत जनादेश के लिए आभारी हैं तथा आप सभी के लिए और भी अधिक मेहनत करके आपके द्वारा हमें दिए गए विश्वास का सम्मान करेंगे।

**पिछले साल पीएम बने थे लॉरेंस वोंग**

इस चुनाव को प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की पहली अहम परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है, जिन्होंने पिछले साल पदभार ग्रहण किया था। वह पीएपी का नेतृत्व कर रहे हैं, जो आजादी के बाद से सिंगापुर पर शासन कर रही है। यहां के निर्वाचन विभाग (ईएलडी) ने बताया कि सिंगापुर के मतदाताओं ने देश की भावी राजनीतिक तस्वीर तय करने के लिए 1,240 मतदान केंद्रों पर 97 संसदीय सीटों में से 92 के लिए मतदान किया।



## इजरायल के एयरपोर्ट पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल से किया हमला

**नई दिल्ली।** इजरायल के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर हूती विद्रोहियों ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला कर दिया। इस हमले के बाद इजरायल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक अहम बैठक बुलाई है। वहीं दिल्ली से तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को अबू धाबी के लिए डायवर्ट कर दिया गया। विमान को दिल्ली वापस लाया जाएगा। फ्लाइट डाटा के मुताबिक डायवजन का यह फैसला तब लिया गया जब एयर इंडिया की फ्लाइट जॉर्डन के एयर स्पेस से गुजर रही थी।

### दिल्ली से तेल अवीव जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट डायवर्ट

**इजरायल का एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइल फेल-** इज़रायली सेना ने पुष्टि की कि रविवार की सुबह कई प्रयासों के बावजूद उसका एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइल को मार गिराने में विफल रहा। मामले की जांच चल रही है। इस हमले में आठ लोग घायल हुए हैं। यमन के हूती विद्रोही गाजा पट्टी पर युद्ध और नाकाबंदी के विरोध में इजरायल के खिलाफ हमले कर रहे हैं। अब उन्होंने इजरायल के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे पर मिसाइल दागे जाने की जिम्मेदारी ली है। फिलिस्तीनी अधिकारियों के अनुसार गाजा पर 18 महीने से अधिक समय से चल रहे इजरायली हमलों में कम से कम 52,495 लोग मारे गए हैं, जिनमें 57 लोग 2 मार्च से पूरी तरह इजरायली घेराबंदी के कारण भूख से मर गए। एक टेलीविज़न बयान में हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने एयरलाइनों को चेतावनी दी कि बेन गुरियन हवाई अड्डा अब हवाई यात्रा के लिए सुरक्षित नहीं है। द्रूज अल्पसंख्यकों की 'हिफाजत' के लिए इजरायल ने इस मुस्लिम मुल्क पर किए हमले, इस्लाम से निकले इस ग्रुप को क्यों 'पसंद' करते हैं नेतन्याहू?

**नेतन्याहू करेंगे बैठक-** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू मीटिंग में हूती विद्रोहियों के खिलाफ अपने एक्शन को लेकर चर्चा करेंगे। इससे पहले इजरायल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क के आसपास हमले किए थे और द्रुज अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने के लिए हमले किए गए थे। इस हमले के कारण सेंट्रल इज़रायल के हवाई अड्डे पर कुछ उड़ानों को कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा और कुछ उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। हवाई अड्डे के सभी एंट्री गेट्स भी कुछ समय के लिए बंद कर दिए गए जबकि घटनास्थल की ओर जाने वाली रेल यात्राएं रोक दी गईं। इज़राइली मीडिया के अनुसार, पूरे सेंट्रल इज़राइल में सायरन बजने लगे, जिससे कई लोग आश्रयों में चले गए।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

### लंबित प्रकरणों के.....

पाने के इच्छुक हर व्यक्ति के लिए जिला न्यायालय में एक सकारात्मक वातावरण तैयार करने तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने न्यायिक प्रणाली को अधिक कारगर बनाने के लिए नये कानून बनाए। उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा बीते कुछ सालों में दिए गए प्रमुख निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि इन निर्णयों से सबके दिलों में देश की न्याय व्यवस्था के प्रति श्रद्धा और बढ़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश की न्यायपालिका ने एक अहम निर्णय लेते हुए अब न्याय की देवी की काली पट्टी खोल दी है, ताकि न्याय की देवी खुली आंखों से सबको न्याय दे सके, यह एक अभूतपूर्व पहल है। उन्होंने सर्वसुविधायुक्त नये न्यायालय भवन के लिए रीवावासियों को बधाई देते हुए कहा कि सबके अधिकारों और हितों की रक्षा में यह भवन न्याय के प्रति आस्था का केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा में न्याय की गौरवशाली परंपरा रही है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश श्री सूर्य कांत ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार के सक्रिय सहयोग से 30 नवीन न्यायालय भवनों की सौगात मिली है। रीवा के नवीन न्यायालय भवन में न्यायालयीन प्रणाली से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताएं पूरी हो जाएंगी। नवीन भवन में मानवीय मूल्यों की स्थापना हो और कारगर न्यायप्रणाली से निष्पक्ष न्याय मिले। देश की प्रगति के लिए मजबूत न्याय प्रणाली का होना आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश श्री जे.के. माहेश्वरी ने कहा कि रीवा में राजा विश्वनाथ सिंह ने वर्षों पहले दो न्यायालयों का गठन किया था। मेताक्षरा न्यायालय में हिन्दू धर्म की परंपराओं के अनुसार तथा धर्मसभा में धार्मिक आधार पर न्याय किया जाता था। नवीन न्यायालय भवन बघेली स्थापत्य और आधुनिकता का अनूठा संगम है। इस भवन में जब करूणा, विवेक और न्याय होगा तभी इसकी आत्मा जागृत होगी।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश श्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि रीवा में विधि का इतिहास बहुत महत्वपूर्ण है। इसी माटी से निकलकर श्री जी.पी. सिंह हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तथा जस्टिस जे.एस. वर्मा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने। यहाँ के कई जज और अधिवक्ता हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेर रहे हैं।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्री सुरेश कुमार कैत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से प्रदेश को 30 नये भवन मिले हैं। रीवा के भव्य न्यायालय भवन में 40 कोर्ट और 750 वकीलों के बैठने की व्यवस्था है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में प्रकरण अधिक हैं लेकिन जजों की संख्या कम है। प्रकरणों के निराकरण के लिए हाईकोर्ट में 32 नये जजों की नियुक्ति की जाना आवश्यक है।

**जिला न्यायालय भवन की सौगात खुशी और गौरव लेकर आई - उप मुख्यमंत्री शुक्ल-** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा के लिए नवीन जिला न्यायालय भवन की सौगात खुशी और गौरव लेकर आई है। रीवा ही नहीं पूरा विन्ध्य तेजी से विकास कर रहा है। यहाँ 40 मिलियन टन सीमेंट और 15 हजार मेगावाट बिजली के उत्पादन सहित अत्यधिक मात्रा में कोयले का भी उत्पादन होता है। विन्ध्य में रेलवे लाइन, फोरलेन सड़कों और एयरपोर्ट निर्माण के साथ हर क्षेत्र में विकास में तेजी आई है। न्यायालय के नवीन भवन के लोकार्पण में मुख्यमंत्री और न्यायाधीशगणों ने शामिल होकर हमारा गौरव बढ़ा दिया है। हमारी न्याय प्रणाली सुदृढ़ होगी तो हमारा लोकतंत्र भी मजबूत बनेगा। समारोह में हाईकोर्ट के पोर्टफोलियो जज श्री संजीव सचदेवा ने कहा कि रीवा की न्यायिक प्रणाली देश के संविधान से भी पुरानी है। यहाँ राजशाही विन्ध्य प्रदेश के समय भी मजबूत न्याय व्यवस्था थी। रीवा हाईकोर्ट से बघेलखण्ड और बुंदेलखण्ड के 21 जिलों के प्रकरणों का निराकरण होता था। नवीन न्यायालय भवन से रीवा की न्यायालयीन परंपरा को नया आयाम मिलेगा।

स्वागत उद्बोधन हाईकोर्ट के न्यायाधीश श्री संजय द्विवेदी ने दिया। समारोह में हाईकोर्ट के न्यायाधीश श्री विशाल मिश्रा, एडवोकेट जनरल प्रशांत सिंह, प्रमुख सचिव न्याय विभाग एन.पी. सिंह, सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल उपस्थित रहीं। समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। कमिश्नर बी.एस. जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अखण्ड प्रताप सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, नरेन्द्र सिंह बघेल, लक्ष्मीनारायण मिश्रा, शिवेन्द्र उपाध्याय, सुशील तिवारी, घनश्याम सिंह तथा बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### पंचायतों को....

है कि मध्यस्थों के पास कानूनी शक्तियों का अभाव होता है, इसलिए वे निर्णयों से सहमत नहीं होते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मध्यस्थता न्याय प्रदान करने का एक अनिवार्य हिस्सा है। यह भारतीय संविधान के मूल में है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता न केवल विचाराधीन विशिष्ट मामले में न्याय देने में तेजी ला सकती है, बल्कि अन्य मामलों में भी बड़ी संख्या में मुकदमों के बोझ को कम कर न्याय दे सकती है। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भारत के बढ़ते मुकदमों के लिए नए और अधिक संदर्भ-संवेदनशील समाधानों की वकालत की।


# निविदा / नियुक्ति / जाहिरात

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण - सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 05/व.ले.लि./2025-26 — बालाघाट, दिनाक 29.04.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्रं. | टेण्डर क्रं. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | 2025_PWDRB_420061 | बालाघाट | उपसंभाग क्रमांक-1 बालाघाट के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. एवं अन्य जमा कार्य | प्रथम आमंत्रण | 18.00 | 36000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 2. | 2025_PWDRB_420062 | बालाघाट | उपसंभाग क्रमांक-1 बालाघाट के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 18.00 | 36000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 3. | 2025_PWDRB_420063 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक-1 बालाघाट के अन्तर्गत सड़क मरम्मत हेतु मटेरियल प्रदाय कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 18.00 | 36000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 4. | 2025_PWDRB_420064 | बालाघाट | उपसंभाग क्रमांक-1 बालाघाट के अंतर्गत विभिन्न सड़कों में बी.टी. पेंच रिपेयर एवं मरम्मत कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 15.00 | 30000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 5. | 2025_PWDRB_420066 | बालाघाट | उपसंभाग क्रमांक-1 बालाघाट के अंतर्गत विभिन्न सड़कों में पुलियों की मरम्मत, पेंटिंग फिगरिंग और कि.मी. स्टोन, प्वाइंट स्टोन लगाने का कार्य | प्रथम आमंत्रण | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| | | | | कुल योग- | 79.00 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने एवं आनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 20/05/2025 (17.30) को निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन ही जमा किये जायेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

जी- 12348/25

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)**

प्रकाशन क्र. 001/2025-26 — दिनांक-01/05/2025

म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

| सं. क्र. | निविदा सूचना क्रं./ दिनांक | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | ऑन लाइन निविदा क्रय/ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 001/ 01.05.2025 | 2025_PHED_420339_1 | MODERNIZATION & EXTENSION OF SCOPE AND SUPPLY OF EQUIPMENTS FOR EXISTING ISO/IEC 17025:2017, ACCREDIATED DISTRICT WATER TESTING LABORATORY OF PHE DIVISION NARSINGHPUR DISTT-NARSINGHPUR (2nd Call) | 4.02 | 8040.00 | 2000.00 | 16.05.2025 | 180 दिवस वर्षा ऋतु सहित |

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड - नरसिंहपुर

G-12343/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण-सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 04/व.ले.लि./2025-26 — बालाघाट, दिनांक 28/04/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| सं. क्र. | टेण्डर क्रं. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | 2025_PWDRB_419890 | बालाघाट | कंटगी नंदोरा, कटेदरा चौखंडी, खांदीटोला बोलडोगरी, कोसुंबा भंडेरवा, लखनवाडा सिरपुर चौकी, लखनवाडा वरुड भजीयापार, महकेपार कोडबी, सुकली जामुनटोला मार्ग लम्बाई 27.05 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 490.22 | 490300.00 | 15000.00 | 10 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2. | 2025_PWDRB_419892 | बालाघाट | भौरगढ़ से टेमनी मार्ग, कटोरी लिलामा मार्ग, कटोरी फूलचूर शंकर पिपरिया मार्ग, कटोरी भण्डाराबोड़ी कच्चेखानी मार्ग, कटोरी चोर पिंडकेपार रानी मोहगांवघाट मार्ग, सालेटेका घुबडगोंदी मार्ग, कटेदरा जर्राहमोहगांव मार्ग लम्बाई 27.36 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 448.65 | 448700.00 | 15000.00 | 10 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3. | 2025_PWDRB_419894 | बालाघाट | आलेझरी कासपुर, गर्रा एकोडी, कालागोटा पिपरिया वारा आलेझरी मार्ग लम्बाई 11.70 कि. मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 408.49 | 408500.00 | 15000.00 | 08 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4. | 2025_PWDRB_419895 | बालाघाट | उमरी-सावंगी-अर्जुनी बाहकल मार्ग लम्बाई 4. 45 कि.मी. का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 363.44 | 363500.00 | 15000.00 | 08 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5. | 2025_PWDRB_419898 | बालाघाट | चोरपिण्डकेपार से टूईयापार मार्ग लम्बाई 3.10 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 238.64 | 238700.00 | 15000.00 | 08 माह वर्षा ऋतु सहित |
| | | | कुल योग- | | 1949.44 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने एवं ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16/05/2025 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन ही जमा किये जायेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

G-12342/25 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

**कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक 10 — **विशेष साधारण आमसभा की सूचना** — पंजीयन दिनांक 04.01.1977

बहुउद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्या. बी पैक्स जैतहरी के समस्त अशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की विशेष साधारण आमसभा दिनांक 10/05/2025 दिन शनिवार को समय 3 बजे दोपहर समिति कार्यालय भवन जैतहरी में आयोजित की गई है, जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है। कोरम के आभाव में बैठक आधे घंटे के लिये स्थगित की जाकर पुन: इसी स्थान पर प्रारंभ की जावेगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नही होगी।

-:विषय सूची निम्नानुसार है:-

(1)संस्था की पंजीकृत उपविधि कंडिका (3) में संस्था के कार्यक्षेत्र के ग्रामों में से 16 ग्राम गौरेला, ठेही, गोबरी, पड़री, ठेंगरहा, बैहार, गूंझी, खोलाईया, डालाडीह, खोलाड़ी, बेहनाडाबर, झांईताल, ठोंड़ीपानी, छीरपानी, पड़रीपानी, गट्टाटोला पृथक कर नवीन प्रस्तावित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गौरेला के गठन हेतु संशोधन बावत् विचार।

| क्र0 | वर्तमान शब्दावली | संशोधित शब्दावली | संशोधन का कारण |
|---|---|---|---|
| 1. | बी पैक्स जैतहरी में निम्नलिखित राजस्व ग्राम पंचायतों में सोसायटी का संचालन कार्यक्षेत्र होगा। 1.गौरेला, 2.ठेही, 3.गोबरी, 4.पड़री, 5.ठेंगरहा, 6.बैहार, 7.गूंझी, 8.खोलाईया, 9.डालाडीह, 10. खोलाड़ी, 11.बेहनाडाबर, 12. झांईताल, 13.ठोंड़ीपानी, 14.छीरपानी, 15. पड़रीपानी, 16.गट्टाटोला, 17.सेमरवार, 18.अंजनी, 19.गोरसी, 20.उमरिया, 21.मनौरा, 22.मानिकपुर, 23.सिवनी, 24.बलबहरा, 25.अमगवां, 26.जैतहरी (नगर पंचायत) ग्रामों तक सीमित | बी पैक्स गौरेला में निम्नलिखित राजस्व ग्राम पंचायतों में सोसायटी का संचालन कार्यक्षेत्र होगा। 1. गौरेला, 2. ठेही, 3. गोबरी, 4. पड़री, 5. ठेंगरहा, 6.बैहार, 7. गूंझी, 8. खोलाईया, 9. डालाडीह, 10. खोलाड़ी, 11. बेहनाडाबर, 12. झांई ताल, 13. ठोंड़ीपानी, 14. छीरपानी, 15. पड़रीपानी, 16. गट्टाटोला तक सीमित | प्रस्तावित नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बी पैक्स गौरेला का गठन प्रस्तावित होने के कारण |

2. संस्था के पुनर्गठन हेतु प्रस्तावित योजना के अनुमोदन हेतु विचार।

प्रबंधक
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख
सहकारी समिति जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.)

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/001/अ-27/2024-2025

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र सिंह अन्य/ स्व. राम दयाल सिंह नि.- 1210 द्वारका नगर वार्ड लालमाटी घमापुर जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 135 प्लाट नं. 5/65 रकवा 729 व.फु./अवि. हिस्सा .... वर्गफुट/हे. विक्रय पत्र/हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक ..... मृत्यु दिनांक .... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 135 प्लाट नं. 5/65 रकवा 729 व.फु./अवि. हिस्सा .... /ग्राम करियापाथर प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा 729 व.फु./हे. सुरेन्द्र कुमार राजपूत, जीवन सिंह राजेन्द्र सिंह पिता रामदयाल नि. पूर्वी घमापुर जबलपुर के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 08/05/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 17/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 17/04/2025
पेशी दिनांक 08/05/2025

तहसीलदार,
रांझी, जबलपुर

र.नं. 325

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./3354/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 02/05/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्रीमती हल्की बाई साहू पत्नि श्री झुन्नी लाल साहू निवासी गंजीपुरा जबलपुर के द्वारा मौजा हिन्डोतिया नजूल ब्लाक नंबर .... प्लाट नंबर .... स्थित भूमि खसरा नंबर 73/1/1 में से रकवा 531 व.फु. भूमि पर लाला भाई पिता की मृत्यु दिनांक..... को हो जो के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 19/05/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-02/05/2025
पेशी दिनांक-19/05/2025

तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

र.नं. 327

**In The Court of XVI, Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur presiding Officer:**
फरहान मसूद कुरैशी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/ 0000388/2025)
लता दयानी...........वादी
Vs
आम जनता .....प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दि.:-16/06/2025

प्रेषिती-(1) आम जनता पता- जबलपुर मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी लता दयानी ने अपके विरूद्ध दावा वास्ते घोषणा हेतु मूल्यांकन 1000 रूपये एक हजार रूपये के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 24 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ वादपत्र की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(फरहान एम. कुरैशी)
सोलहवें सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,
जबलपुर (म.प्र.)

र.नं. 326

# देश-प्रदेश

उवाच

## देश जैसा चाहता है, वो होकर रहेगा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली के बक्करवाला आनंद धाम आश्रम में सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव में शामिल हुए। इस मंच से रक्षामंत्री ने पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि एक रक्षा मंत्री के रूप में मेरा दायित्व है, कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं. प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में जैसा आप चाहते हैं वैसा होकर रहेगा।



विजयाराजे सिंधिया कृषि विवि में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के साथ हुआ परस्पर संवाद कार्यक्रम

# किसान के खेत से निकलता है विकसित भारत का रास्ता : उप राष्ट्रपति






### राज्यपाल पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केन्द्रीय मंत्री सिंधिया भी कार्यक्रम में हुए शामिल

**ग्वालियर/भोपाल, देशबन्धु।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि विकसित भारत का रास्ता किसान के खेत से निकलता है। इसलिए कृषि के क्षेत्र में काम कर रही संस्थाओं और कृषि विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है कि वे किसानों के जीवन में बदलाव एवं खुशहाली लाने में अपना योगदान दें। प्रयास ऐसे हों कि किसान केवल फसल उत्पादक बनकर ही न रहें, अपितु वे एग्री-प्रीनियर (कृषि उद्यमी) बनें। उप राष्ट्रपति धनखड़ रविवार को ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के परस्पर संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कृषि विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे तकनीक और अनुसंधान का इस्तेमाल कर कृषि क्षेत्र में बदलाव के प्रबंधक बनें।

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि भारतीय संस्कृति किसानों के कल्याण का संदेश देती है। वर्तमान दौर में किसानों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान-जय किसान का नारा दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जय जवान-जय किसान के साथ जय विज्ञान जोड़ा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान में जय अनुसंधान को शामिल किया है।

### मप्र में गौ-संरक्षण के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों को सराहा

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गौवंश के संरक्षण के उद्देश्य से गौशालाओं को दिए जा रहे प्रोत्साहन की प्रशंसा की। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री डॉ. यादव से राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय की गौशाला के विस्तार में सहयोग के लिये कहा।

### देश में कृषि के क्षेत्र में हो रहे हैं क्रांतिकारी काम : सिंधिया

केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी काम हो रहे हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश में सिंचाई सुविधाओं को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। केन बेतवा एवं काली सिंध-पार्वती व चंबल नदी जोड़ों परियोजना इसी का प्रतिफल है। उन्होंने यह भी कहा कि देश अमृतकाल से शताब्दी काल की ओर अग्रसर है। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक देश आत्मनिर्भर ही नहीं, विश्व गुरू के रूप में स्थापित हो। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से कहा कि आप सब कल का भारत हो, इसलिये देश के विकास की दिशा में नई क्रांति लाने के वाहक बनें।

### कृषि विवि अनुसंधान की परिपाटियों को विश्व स्तरीय बनाएँ : राज्यपाल

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मानव सभ्यता के उद्भव और विकास में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हमारे देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी के लिये कृषि आज भी आजीविका की जीवन रेखा बनी हुई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी दूरदृष्टि दृष्टिकोंण के साथ किसानों को समृद्ध व सशक्त बनाकर विकसित भारत बनाने के लिये लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि विकास और परिवर्तन के केन्द्र बिंदु विश्वविद्यालयों को अध्ययन व अनुसंधान की मौजूदा परिपाटियों को विश्व स्तरीय बनाना होगा।

### कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में हो रहे कार्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था बदलेंगे : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कृषि और पशुपालन के कार्य प्रदेश की अर्थ व्यवस्था बदलने का कार्य करेंगे। लगभग दो वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश का कृषि क्षेत्र 45 लाख हेक्टेयर था जो आज की स्थिति में 55 लाख हो गया है। प्रदेश में एक करोड़ हेक्टेयर कृषि क्षेत्र निर्मित करने का राज्य सरकार का संकल्प है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए सिंचाई का महत्वपूर्ण योगदान है, इस नाते निरंतर प्रयास भी किए जा रहे हैं। प्रदेश में नर्मदा और अन्य नदियों के जल से सिंचाई का कार्य हो ही रहा है। विश्व की प्रथम नदी जोड़ो परियोजना केन-बेतवा मंजूरी के बाद पार्वती काली सिंध चंबल परियोजना को भी स्वीकृति प्राप्त हुई है।

# उमा बोली, लव जिहाद पर जागरुकता जरूरी, जातिगत जनगणना आवश्यक

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में चल रहे लव जिहाद मामले में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कोई भी लड़की यह जानने में सक्षम है कि सामने वाला व्यक्ति कौन है और उसकी पहचान क्या है। उन्होंने साफ कहा जहां कानून का दायरा बनता है, वहां कार्रवाई होगी, लेकिन समाज को भी अपने स्तर पर सजग रहने की जरूरत है। सुश्री भारती ने कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों से खुलकर संवाद करने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने की सलाह दी।



उन्होंने आज मीडिया से अनौपचारिक चर्चा में जातिगत जनगणना को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि देश में अनेक सामाजिक वर्ग हैं जिनकी भूमिका और संख्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस बात की ओर ध्यान आकर्षित किया कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि वहां की सामाजिक संरचना को गंभीरता से नहीं लिया गया। उमा ने कहा रामभक्त होने का मतलब यह नहीं कि वे स्वाभाविक रूप से भाजपा समर्थक भी होंगे। हमें यह समझना होगा कि जनसंख्या के अनुपात में राजनीतिक भागीदारी कैसे सुनिश्चित हो। उन्होंने जातिगत आंकड़ों को सामाजिक न्याय और नीति निर्माण के लिए महत्वपूर्ण बताया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके किस समुदाय की समाज में कितनी भागीदारी है और उसकी आवश्यकताएं क्या हैं।

## जल-संरक्षण प्रशासन के साथ प्रत्येक नागरिक की सांस्कृतिक और नैतिक जिम्मेदारी :डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल स्रोतों का संरक्षण केवल प्रशासन का कार्य नहीं, यह प्रत्येक नागरिक की सांस्कृतिक और नैतिक जिम्मेदारी है। जल संकट आज वैश्विक चिंता का विषय है और भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह विषय और भी अधिक गंभीर हो जाता है। मध्यप्रदेश सरकार ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के माध्यम से इस चुनौती को अवसर में बदलने की प्रेरणास्पद पहल की है। जल-संरक्षण केवल अभियान नहीं, अपितु पर्यावरणीय पुनरुत्थान और सांस्कृतिक चेतना का समवेत संगम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में 30 अप्रैल से प्रारंभ किया गया जल गंगा संवर्धन'' अभियान एक बहु-स्तरीय आयोजन है। इसका उद्देश्य राज्य के जल स्रोतों जैसे नदियों, तालाबों, झीलों, पुराने कुओं, बावड़ियों और जल-धाराओं को पुनर्जीवित करना और उन्हें सतत रूप से संरक्षित करना है। यह अभियान सरकारी योजना से आगे बढ़कर अब जन-आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की नदियों, तालाबों, झीलों, पुराने कुओं, बावड़ियों और जल-धाराओं को सहेज कर उन्हें पुनर्जीवन देना है। इन जल स्रोतों की गाद निकासी, सफाई, सीमांकन और पुनर्जीवन की कार्य-योजना बनाई गई है, जिसमें जन-भागीदारी से श्रमदान भी किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों से लेकर नगर निगमों तक लोग स्वयं आगे आकर जल स्रोतों की सफाई कर रहे हैं।

### जन-जागरण से जल-संरक्षण का ऐतिहासिक जन-अभियान

राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विवि ग्वालियर का छठवाँ दीक्षांत समारोह सम्पन्न



# संगीत का मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान : राज्यपाल

- स्वर्ण पदक से 122 एवं शोध उपाधियों से 33 विद्यार्थी सम्मानित
- गायन, भजन और जनजातीय नृत्य की प्रस्तुतियां हुईं

**ग्वालियर/भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि संगीत हमेशा ही मन को भाता है। मनुष्य की हर उम्र में संगीत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। राज्यपाल श्री पटेल ने रविवार को राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर के छठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कबीर लोक भजन गायक पद्मश्री कालूरामबामनिया ने की। इस मौके पर वरिष्ठ तबला वादक एवं शिक्षाविद् प्रो. किरण देशपाण्डे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय भारतीय संगीत को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। महाविद्यालय के अनेकों छात्रों ने संगीत के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवाओं को अपनी पूरी क्षमता के साथ योगदान देना चाहिए। संगीत विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के बाद जिन छात्रों को पुरस्कृत किया गया है वे अपने जीवन में संगीत के माध्यम से देश विकास में अपना सहयोग करें।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि वरिष्ठ तबला वादक प्रो. किरण देशपाण्डे के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेना चाहिए। वे जिस प्रकार से 87 वर्ष की उम्र में भी तबला वादन कर रहे हैं, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार क्रिकेट में खिलाड़ी शतक लगाते हैं, उसी प्रकार प्रो. देशपाण्डे भी अपनी उम्र का शतक लगाएँ, यह हम सबकी कामना है।

दीक्षांत समारोह में वरिष्ठ तबला वादक एवं शिक्षाविद् प्रो. पं. किरण देशपाण्डे ने कहा कि उनका तबला वादन विश्वविद्यालय द्वारा डी.लिट उपाधि से सम्मानित किए जाने के प्रति धन्यवाद ज्ञापन हैं। समारोह में कबीर लोक भजन गायक पद्मश्री कालूराम बामनिया ने जीवन में गुरू की महत्ता पर भजन की प्रस्तुतियां दी। दीक्षांत समारोह में संगीत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहरिया जनजाति नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल को कार्यक्रम के प्रारंभ में शोभा यात्रा निकालकर मंच तक लाया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही कुलगुरू प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे ने अतिथियों का स्वागत कर राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रो. राकेश कुशवाह सहित साधारण परिषद, कार्य परिषद एवं विद्यार्थी परिषद के सदस्यगण उपस्थित थे।

विधानसभा चुनाव को लेकर बैठकों का दौर शुरू

# बिहार में एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा महागठबंधन

- महागठबंधन की बैठक में सभी बड़े नेताओं ने की शिरकत
- 20 को मजदूरों की हड़ताल का समर्थन करेगा महागठबंधन

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। पटना में रविवार को महागठबंधन नेताओं की बैठक हुई। महागठबंधन की इस बैठक में आरजेडी, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआईएमएल, सीपीएम, वीआईपी पार्टी के अध्यक्ष बैठक में मौजूद रहे।

बैठक के बाद राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आरजेडी सांसद ने बताया कि बिहार के सभी 243 सीटों पर महागठबंधन चुनाव लड़ेगा। बिहार में महागठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़कर एनडीए को शिकस्त दी जाएगी।

आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि 20 मई के दिन मजदूरों की हड़ताल होगी। इंडिया ब्लॉक इस हड़ताल का समर्थन करेगा। आरजेडी सांसद ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए सभी घटक दलों के साथ मिलकर बूथ लेवल तक काम हो रहा है। मनोज झा ने कहा कि 20 मई को मजदूरों के हक के लिए पूरे देशभर में इंडिया गठबंधन सड़क पर होगा। इंडिया गठबंधन के कोई भी उम्मीदवार हो एक-एक प्रत्याशी के लिए सभी घटक दल चुनाव में मजबूती से काम करेंगे। तेजस्वी प्रसाद यादव के चेहरे पर कोई विवाद नहीं है।

### जातीय जनगणना अभी भी है मुद्दा

आरजेडी सांसद ने कहा कि हमारे लिए जातीय जनगणना मुद्दा पहले भी था और अभी भी है। जाति जनगणना जब तक होगी नहीं तब तक इस विषय पर पूरी नजर है। जो आंकड़े दिए जाएंगे। वह सही दिए गए कि नहीं, तमाम चीजों पर नजर होगी।

### चुनावी तालमेल व आपसी समन्वय पर चर्चा

बैठक में को-ऑर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष तेजस्वी यादव, कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और वाम दलों के नेताओं ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की। बैठक में हर जिले में महागठबंधन की चुनावी रणनीति, आपसी तालमेल और समन्वय समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। सभी पार्टियों के कार्यकर्ताओं को टास्क दिया गया।

# मुख्यमंत्री ने रीवा सिटीजन ऐप का किया शुभारंभ, नागरिकों से किया संवाद

## नागरिकों को नगर निगम की सेवाओं का घर बैठे मिलेगा लाभ

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नगर पालिक निगम रीवा द्वारा निर्मित माय रीवा सिटीजन ऐप का शुभारंभ किया। यह ऐप नागरिकों की सेवा में एक स्मार्ट पहल है, जिसके माध्यम से रीवा के नागरिक नगर निगम की सेवाओं से जुड़कर घर बैठे आवश्यक सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर नगर निगम द्वारा माय रीवा सिटीजन ऐप से संबंधित निर्मित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर जिले के विकास में सहभागी बनने का आहवान किया।




माय रीवा सिटीजन ऐप में शिकायत पंजीकरण, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, नाली, सड़क, सीवरेज, पेयजल सहित सेवा ट्रैकिंग और समाधान स्थिति को देखा जा सकेगा। इसके माध्यम से आमजन सुझाव, फीडबैक प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे। जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, सम्पत्तिकर, जलकर भुगतान, अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं ई-चालान सहित अन्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। ऐप में शिकायत के साथ फोटो अपलोड करने, गूगल मैप आधारित स्थान चिन्हांकन, वन-स्टाप प्लेटफार्म में शिकायतों, सेवाएँ, सरल एवं पारदर्शी इंटरफेस, डैशबोर्ड तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण आदि की सुविधा भी रहेगी।

**नवीन विश्राम गृह का लोकार्पण**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा प्रवास के दौरान राजनिवास सर्किट हाउस परिसर में नवनिर्मित विश्राम गृह का लोकार्पण किया। इंडो-यूरोपियन शैली में पुर्नघनत्वीकरण योजना से 656.45 लाख रूपये की लागत से निर्मित विश्राम गृह सभी आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों के अनुसार बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नवनिर्मित विश्राम गृह का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नवीन सर्किट हाउस रीवा के लिए बड़ी सौगात है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन विश्राम करने वालों को सुखद अनुभूति देगा। उन्होंने नवीन सर्किट हाउस निर्माण के लिए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण के उपरांत सर्किट हाउस का अवलोकन किया और बेहतर निर्माण की प्रशंसा की।

पुर्नघनत्वीकरण योजना में म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा 2200 वर्ग मीटर में नवनिर्मित विश्राम गृह में 6 स्विट रूम के साथ एक वेंटिंग एरिया, 24 सीटर मीटिंग हॉल, ड्राइंग रूम, 14 सीटर डायनिंग एरिया आदि शामिल हैं। भवन में लिफ्ट एवं अग्निशमक यंत्र का भी प्रावधान किया गया है। इस अवसर सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कमिश्नर श्री बी.एस. जामोद, आईजी श्री गौरव राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## तेलंगाना में बुजुर्ग जोड़े की पीट-पीट कर हत्या

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के अलवाल शहर में रविवार तड़के एक बुजुर्ग जोड़ा संदिग्ध हालात में मृत पाया गया। मृतकों में भद्राचलम जिले के इल्लंदुक के निवासी कनकैया और राजम्मा हैं जो अलवाल में रह रहे थे। कनकैया वहां चौकीदार का काम करते थे। रविवार को स्थानीय लोगों ने शव उनके घर के अंदर पाए, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बुजुर्ग जोड़े को बुरी तरह डंडों से पीट-पीट कर मारा गया था, जैसा कि उनके शरीर पर चोटों से स्पष्ट था। रिश्तेदारों ने आरोप लगाया कि राजम्मा के गहने और एक लाख रुपए नकद चोरी हो गए हैं।


### नाम और जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. J.C.386675A रेन्क सुबेदार नाम अनिल पटेल जिला जबलपुर मध्यप्रदेश पिन 482001 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम एवं जन्मतिथि सावित्री पटेल भाई और 01/7/1960 और मेरे पिता का नाम एवं जन्मतिथि श्री राम पटेल एवं 01/7/1955 जो कि गलत है। मेरी माता का नाम सावित्री पटेल एवं 01/01/1961 और मेरे पिता का नाम श्रीराम पटेल एवं 01/7/1957 जो कि आधार एवं अन्य कागजातों में दर्ज है। मेरी माता एवं पिता के नाम एवं जन्मतिथि को पढ़ा व सुना जाये एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाये।

सही नाम एवं जन्मतिथि -
माता का नाम - सावित्री पटेल 01/01/1961
पिता का नाम - श्रीराम पटेल 01/07/1957
गलत नाम एवं जन्मतिथि -
माता का नाम - सावित्री पटेल भाई 01/07/1960
पिता का नाम - श्री राम पटेल 01/07/1955

कृति


चुनाव आयोग ला रहा है नया ऐप

# चुनाव से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही जगह मिलेंगी

- 40 से ज्यादा ऐप्स को एक साथ लाएगा
- सभी काम एक ही जगह पर हो सकेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का चुनाव आयोग (ईसीआई) अब एक नया और आसान डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है, जिससे वोटर, चुनाव अधिकारी, राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन सभी को सुविधा मिलेगी। इस नए प्लेटफॉर्म का नाम ईसीआईनेट होगा। ईसीआईनेट चुनाव आयोग के पहले से मौजूद 40 से ज्यादा मोबाइल और वेबसाइट ऐप्स को एक साथ लाएगा और उन्हें नया रूप देगा।

यह एक ही जगह से चलने वाला ऐसा ऐप होगा जिसमें चुनाव आयोग की 40 से ज़्यादा पुरानी मोबाइल और वेब ऐप्स को जोड़ दिया जाएगा। ईसीआईनेट के शानदार यूजर इंटरफेस के साथ इसे इस्तेमाल करना भी बहुत आसान होगा, क्योंकि सभी चुनावी काम एक ही जगह पर हो सकेंगे। अब लोगों को अलग-अलग ऐप डाउनलोड करने और अलग-अलग लॉगिन याद रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस प्लेटफॉर्म की शुरुआत मार्च 2025 में हुई थी जब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो अन्य चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन में इसकी योजना बनाई थी। ईसीआईनेट के माध्यम से उपयोगकर्ता अपने कंप्यूटर या स्मार्टफोन पर चुनाव से जुड़ी जरूरी जानकारी आसानी से देख सकेंगे। ईसीआईनेट के माध्यम से उपयोगकर्ता अपने कंप्यूटर या स्मार्टफोन पर चुनाव से जुड़ी ज़रूरी जानकारी आसानी से देख सकेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि जानकारी एकदम सही हो, ईसीआईनेट पर डेटा केवल अधिकृत चुनाव आयोग के अधिकारी ही डालेंगे। संबंधित अधिकारी द्वारा डेटा डालने से यह पक्का होगा कि हितधारकों को जो जानकारी मिले वह अधिक से अधिक सही हो। हालांकि, किसी भी विवाद की स्थिति में, वैधानिक प्रपत्रों में विधिवत भरा गया प्राथमिक डेटा मान्य होगा।

ईसीआईनेट में पहले से मौजूद कई ऐप्स जैसे वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप, सीविजिल, सुविधा 2.0, ईएसएमएस, सक्षम और केवाईसी ऐप शामिल होंगे। इन सभी ऐप्स को मिलाकर अब तक 5.5 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है।

उम्मीद है कि ईसीआईनेट से लगभग 100 करोड़ वोट करने वाले लोगों और पूरे चुनाव प्रक्रिया में काम करने वाले 10.5 लाख से ज़्यादा बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), राजनीतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त लगभग 15 लाख बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए), लगभग 45 लाख पोलिंग अधिकारियों, 15,597 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ), 4,123 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और पूरे देश के 767 जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ) को फायदा होगा।

देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 05 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# नफ़रत के खिलाफ़ खड़ी महिलाएं

ऐसे वक्त में जब देश का वातावरण एक सम्प्रदाय, कुछ समुदायों तथा कतिपय विचारों के लिये पल रही नफ़रत के कारण विषाक्त हो चला है, कुछ महिलाएं खुद को बड़े खतरे में डालती हुई इसके विरूद्ध उठ खड़ी हुई हैं। बेशक, उनके जैसे हजारों लोगों की तरह वे भी अलग-थलग पड़ती हुई दिख रही हैं लेकिन उम्मीद है कि उनसे प्रेरणा लेकर अन्य लोग भी साम्प्रदायिक सौहार्द्र के लिये कोशिशें करेंगे।

लोक गायिका नेहा सिंह राठौर लम्बे समय से कट्टरपंथियों के रडार पर हैं। अपने ठेठ देसी अंदाज में लिखे और गाये गीतों से वे सत्ता से कंटीले सवाल करती हैं। देश-प्रदेश की समस्याओं को वे अपने ढंग से उठाती हैं और सत्ता पर चोट करने से कतई नहीं चूकतीं। 'यूपी में का बा?' तथा 'बिहार में का बा?' वाले गीतों की उनकी श्रृंखला खासी लोकप्रिय हुई थी। बदहाली, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, कोरोना के कुप्रबंधन आदि पर उन्होंने सरकार पर तीखे हमले किये हैं। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर उन्होंने केन्द्र सरकार से अपने गीतों के जरिये सवाल किये जो पार्टी समर्थकों को नागवार नहीं गुज़रे। उनके खिलाफ लखनऊ तथा अयोध्या में एफआरआई दर्ज करा दी गयी है। यह भाजपा तथा उनसे जुड़े संगठनों का वही पैंतरा है जिसके अंतर्गत समाज सेवकों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, पत्रकारों आदि के खिलाफ मामले दर्ज़ होते हैं।

नेहा के खिलाफ़ राजद्रोह की शिकायत दर्ज की गयी है। हालांकि वे इस बात से घबराई हुई नहीं है और वे लगातार अपने वीडियो प्रसारित कर बतला रही हैं कि वे सत्ता से सवाल करना छोड़ेंगी नहीं। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. माद्री काकोटी भी लम्बे समय से वीडियो डालकर शासकीय कार्य प्रणाली की खामियां उजागर करती रही हैं। उनके खिलाफ भी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर दी गयी है। नेहा तथा माद्री से भाजपा सरकारों की खुन्नस पुरानी है, वैसी ही जिस प्रकार स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा आदि से है जिसके खिलाफ़ पिछले दिनों उनके कार्यक्रम को लेकर नाराज़ महाराष्ट्र सरकार ने मामला दर्ज़ कर लिया था।

ये दोनों मामले उनकी अभिव्यक्ति को लेकर रहे हैं, पर इसके विपरीत जो अन्य महिलाएं नफ़रतियों के कोप का शिकार हो रही हैं, वे हाल के घटनाक्रमों के चलते हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम (कश्मीर) के बैसरन घाटी में आतंकियों की फायरिंग से जो 26 पर्यटक मारे गये, उनमें से एक हिमांशी के पति लेफ्टिनेंट जनरल विनय नरवाल भी थे। 16 अप्रैल को दोनों की शादी हुई थी। इस घटना के बाद हिमांशी ने बेहद संयम व विवेक का परिचय देते हुए लोगों से अपील की कि 'चाहे आतंकियों ने उनके पति को कथित रूप से उनका धर्म पूछकर गोली मारी हो, फिर भी देश के मुसलमानों और कश्मीरियों को टारगेट न किया जाये।'

ऐशान्या के पति शुभम द्विवेदी की भी आतंकियों ने हत्या की। उन्होंने इस घटना का ब्यौरा देते हुए कहा कि 'दो हजार पर्यटकों के वहां होने के बावजूद एक भी पुलिस वाला या सुरक्षाकर्मी नहीं था।' उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि 'जिस सरकार के भरोसे वे वहां गये थे, उसने हम पर्यटकों को अनाथ छोड़ दिया।' भाजपा समर्थक इसलिये कुपित हैं कि उन्होंने व्यवस्था में खामी क्यों निकाली। उधर उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नैनीताल की शैला नेगी भी नफ़रती ब्रिगेड के निशाने पर आ गयी हैं। यहां एक उम्रदराज़ मुस्लिम ने एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार किया। पुलिस वे आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है लेकिन इसे लेकर वहां जमकर बवाल हो रहा है। वहां अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के साथ मारपीट हो रही है, उनकी सम्पत्तियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। शैला ने उपद्रव कर रहे हिन्दुओं को समझाने की कोशिश की कि किसी एक व्यक्ति की गलती के लिये पूरे समुदाय को दोषी ठहराना उचित नहीं है। निश्चित ही यह एक समझदारी से भरी और विवेकपूर्ण बात थी लेकिन लोगों का गुस्सा शैला पर भड़क उठा है।

वैसे तो ये सभी महिलाएं अपने विचारों पर अडिग हैं लेकिन उनके खिलाफ जिस तरह से घृणा का सैलाब उमड़ आया है वह बेहद दुखद और बहुत हद तक इनकी सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक है। नेहा को अपशब्द कहे जा रहे हैं। ये उनके रंग-रूप को लेकर तो हैं ही, उनका चरित्र हनन भी किया जा रहा है। हिमांशी, जिनका वैवाहिक जीवन एक सप्ताह का भी पूरा नहीं हुआ था, उनके बारे में बेहद अशोभनीय टिप्पणियां सोशल मीडिया पर देखी जा रही हैं। कोई उन्हें बचा जीवन किसी मौलवी के साथ बिताने की सलाह दे रहा है तो कोई कह रहा है कि 'वह अपने पति को खा गयी'। ऐशान्या से इसलिये नाराज़गी है क्योंकि उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में चूक बतलाई है। शैला को तो सीधे-सीधे बलात्कार करने की तक धमकियां दी जा रही हैं।

इन सभी महिलाओं के प्रति जो विचार भाजपा समर्थकों द्वारा व्यक्त किये जा रहे हैं वे एक पतनशील समाज का साक्ष्य हैं जिससे उबरने के कोई चिन्ह दूर-दूर तक इसलिये दिखाई नहीं देते क्योंकि इन तत्वों को सत्ता का प्रश्रय प्राप्त है। जिस प्रकार से उन्हें चरित्रहीन निरूपित किया जा रहा है वह बताता है कि भारत एक कुंठित तथा नफ़रती समाज में बदल चुका है। पहले से यह देश स्त्री विरोधी है। सत्ता पोषित नफ़रती तत्वों से देश की विवेकशील व संवेदनशील महिलाएं पहले से अधिक असुरक्षित हैं।

# इस बार टोपी में से जाति गणना निकाली

लड़ाई तो अब शुरु होगी। जाति गणना की राहुल गांधी की मांग को मोदी सरकार को मानना पड़ा। आम जनगणना में इस बार जातिवार गणना भी होगी। मगर गिनती हो जाना ही अपने आप में कुछ नहीं है। दलितों की आदिवासियों की गिनती है। दस साल बाद होने वाली हर जनगणना में होती है। हालांकि मोदी सरकार ने अभी तक जनगणना ही नहीं करवाई। 2021 में होना थी। मगर कोविड के बहाने उसे टाल दिया गया। जबकि 2021 में ही 5 राज्यों बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल, पुदुचेरी के विधानसभा चुनाव करवाए। इससे पहले 2020 में बिहार, दिल्ली के। और 2022 में उत्तर प्रदेश के चुनाव भी हुए। चुनाव कभी नहीं टाले। मगर पांच साल लेट हो गई जनगणना।

जनगणना में सरकार के सामने सबसे बड़ी समस्या यही थी कि वह जाति गणना से कैसे बचे। मोदी सरकार ने उस समय संसद में कहा था कि वह अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा किसी और समुदाय की गणना नहीं करवाएगी। ऐसा ही जवाब उसने एक हलफनामे के जरिए सुप्रीम कोर्ट को दिया था। 2021 के बजट में जनगणना के लिए जो पैसा रखा था उसे केंसिल किया (विलंबित) अगले साल 2022 तक के लिए। अगले साल फिर 2023 तक के लिए। सरकार जाति गणना से बचने के लिए जनगणना को भी अभी तक टालती रही।

मगर अब उसने अचानक यह फैसला ले लिया। इस पर बहुत सारी बातें हैं। सवाल हैं। कि अचानक क्यों?

देश जब पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहा था। पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा था तब अचानक प्रधानमंत्री मोदी फैसला करते हैं कि हम तो जातिवार गणना कराएंगे।

11 साल से लोगों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। जनता जब जो चाहती है उसे वह न देकर दूसरे मामले में उलझा दिया जाता है। बेरोजगार नौकरी मांगते हैं उनसे कहा जाता है कि वह तुम्हारी भैंस खोल ले जाएंगे। महिलाएं कहती हैं कि आपने तो कहा था- 'बहुत हुआ नारी पर वार अबकी बार मोदी सरकार!' तो कहते हैं कि अब तुम्हारा मंगल सूत्र ले जाएंगे! कुछ भी कह देते हैं। और कुछ नहीं मिला तो कह दिया कि मैं बायलॉजिकल (मां की कोख से जनमा) नहीं हूं।

जनता को एक के बाद एक नए मुद्दे में उलझाना। इसे खुश होकर उनके भक्त कहते हैं कि यह हेडलाइन मैनेजमेंट हैं। खबरों की सुर्खियों में हम ही रहेंगे। टोपी में से कबतूर निकालने का जादू चलता रहेगा। इस बार जब 26 पर्यटकों की पहलगाम में हत्या हुई और लोग इसके जवाब में आतंकवाद का खात्मा मांग रहे थे तो मोदी जी ने टोपी में से जाति गणना निकाल दी।

जाति गणना तो बहुत पुरानी मांग है। होना चाहिए थी। मगर इस समय घोषणा कुछ और चाहिए थी। आतंकवाद के खिलाफ। और घोषणा नहीं कार्रवाई। मगर मोदी जी को आदत पड़ गई है बातों से लोगों को बहलाने की। आखिर 11 साल से यही कर रहे हैं। मगर इस बार संभव नहीं लगता।



शकील अख्तर

**जनता को एक के बाद एक नए मुद्दे में उलझाना। इसे खुश होकर उनके भक्त कहते हैं कि यह हेडलाइन मैनेजमेंट हैं। खबरों की सुर्खियों में हम ही रहेंगे। टोपी में से कबतूर निकालने का जादू चलता रहेगा। इस बार जब 26 पर्यटकों की पहलगाम में हत्या हुई और लोग इसके जवाब में आतंकवाद का खात्मा मांग रहे थे तो मोदी जी ने टोपी में से जाति गणना निकाल दी।**

दो बड़ी बातें हैं। पहली, बार-बार सीमा पार से आकर यहां लोगों को मारे जाने की घटनाएं और उन पर कोई कार्रवाई नहीं होना। पुलवामा में चालीस जवान शहीद, गलवान में बीस जवान और अब पहलगाम में 26 पर्यटक। दूसरी बात, इनके जवाब में जो मोदीजी जो जाति गणना लाए हैं वह उन्हें उलटी पड़ रही है। आरएसएस और भाजपा के मूल विचार यथास्थितिवाद के खिलाफ है। यह दक्षिणपंथी संगठन सामाजिक ढांचे में बदलाव के सख्त खिलाफ हैं।

लेकिन समय की ऐसी बलिहारी है कि देश में सामाजिक ढांचे के बदलाव के आज तक के सबसे बड़े काम की घोषणा मोदी जी के हाथों होना थी। हो गई।

बहुत अच्छा हुआ। सोचिए अगर यह घोषणा राहुल गांधी करते तो क्या होता? 1990 याद कर लीजिए। उसी तरह देश भर में बीजेपी इसके विरोध में हिंसक आंदोलन शुरू कर देती। युवाओं का आत्मदाह याद है! क्या भयावह समय था। वीपी सिंह को आज तक गालियां देते हैं।

मोदी जी की घोषणा से एक लाभ यह जरूर हुआ कि प्रतिक्रियावादी ताकतें मुख्यत: ओबीसी और दलित आदिवासी के खिलाफ खुल कर नहीं आ पा रही हैं। केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर बहुत गंदगी फैलाई जा रही है। मगर वहां कब नहीं फैला रहे थे ये लोग? फर्क बस इतना था कि पहले मुस्लिम के खिलाफ फैला रहे थे और अब पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, आदिवासी के खिलाफ।

मामला पूरा यू टर्न ले गया। अभी तक इस वर्ग को समझा रहे थे कि मुस्लिम तुम्हारे खिलाफ है। झारखंड के चुनाव में तो इस बार प्रधानमंत्री मोदी ने बोल ही दिया था कि बेटी ले जाएंगे। मगर मजबूरी में जैसे ही जाति गणना की घोषणा की तो सारा नजला पिछड़ा अति पिछड़ा दलित आदिवासी पर गिरने लगा।

उसकी सारी सेवाएं भूल गए कि उनको ही आगे ले जाकर मस्जिदों के बाहर नाचते और नारे लगाते थे। 11 साल में देश में हिन्दू-मुसलमान हवा बनाने के लिए सबसे ज्यादा उपयोग समाज के इस वंचित समाज का ही किया। और अब उसे ही गालियां दी जा रही हैं।

दूसरा बड़ा सेटबैक समाज की उच्च जातियों को भी लगा। आज तक का सबसे बड़ा धक्का। हमला। दिखाते तो इसे भी मुसलमान मुसलमान ही रहे। मगर छीन इसका सारा प्रिवलेज ( विशेषाधिकार) लिया। जाति भारत में एक प्रिवलेज की तरह थी। और उसकी सबसे बड़ी रक्षक होने का दावा भाजपा आरएसएस करती थी। मगर पैनिक रिएक्शन (घबराहट) में वह जाति गणना ले आई। इसका कोई फायदा उसे नहीं मिलेगा। दोई दीन से गए ... ! इसके आगे नहीं लिख रहे। लोग इस पर भी ऐतराज करने लगे हैं। यह वाला लिख देते हैं कि न खुदा ही मिला न विसाले सनम, न इधर के हुए न उधर के हुए! यह भी हलवा मिला न मांडे के मुकाबले का है।

सवर्ण समझ गया कि वह भी बीजेपी आरएसएस के लिए उपयोग की चीज है। अब पिछड़ा ज्यादा महत्वपूर्ण लगने लगा तो उस पर ही चोट कर दी। और ऐसी चोट की अब वह कभी वर्चस्व की लड़ाई में संख्या बल के सामने टिक ही नहीं पाएगा। मोदी को जो वह आंख बंद करके समर्थन दे रहा था वह उसे उलटा पड़ गया। सोशल मीडिया ही आज समाज का आईना बना हुआ है। उस पर तमाम मोदी के समर्थक लिख रहे हैं कि अब उनका समर्थन बंद। बड़ा धोखा हो गया। सही बात है। राहुल करते, अखिलेश करते, तेजस्वी करते तो यह स्वाभाविक माना जाता। वे सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहे थे। मगर इसे देश को तोड़ने वाला अरबन नक्सल का विचार बताने वाले जब खुद इसको ले आए तो साफ हो गया कि वे लोगों का ध्यान भटकाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। उनकी किसी विचार से कोई प्रतिबद्धता नहीं है। अगर है तो केवल वोट से अपनी सत्ता से।

और अब आखिरी बात। कहानी शुरू वहीं से की थी कि अभी सिर्फ घोषणा हुई है। इसे लागू करवाना और फिर जाति की संख्या के आधार पर हिस्सेदारी के लिए पिछड़े, अति पिछड़े दलित आदिवासी को निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। मोदीजी ने तो आज मुद्दा बदलने के लिए इसकी घोषणा कर दी। महिला आरक्षण की भी की थी। नौकरियों की भी, महंगाई कम करने के भी, 15 लाख की भी सबकी। लेकिन लागू क्या हुआ, मिला क्या?

अब सोचना पिछड़े दलित आदिवासी को है कि कौन उसे संख्या के हिसाब से हिस्सेदारी दिला सकता है? किसके विचारों में वास्तव में सामाजिक न्याय है? और कौन सामाजिक न्याय, समानता को समरसता कहकर कमजोर को बलवान के साथ समरस करके मिलाकर रखना चाहता है। समरसता मतलब जो समर्थ कहे उसे मानना। समानता मतलब समर्थ के बराबर सामाजिक रूप से कमजोर का भी अधिकार।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# भारत-पाकिस्तान सैन्य गतिरोध में कहां खड़ा है भारत?

■ **नित्य चक्रवर्ती**

22 अप्रैल को पहलगाम में 26 लोगों की नृशंस हत्या को दस दिन बीत चुके हैं। अगले दिनों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई उपायों की घोषणा कर के देश के उबलते मूड को बढ़ावा दिया, जिसमें 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि को निलंबित करना भी शामिल है। उसके बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी कदम उठाये, जिनमें 1972 के शिमला समझौते से बाहर आना भी शामिल रहा।

29 अप्रैल को, प्रधानमंत्री ने अपने सैन्य प्रमुखों के साथ बैठक की और कथित तौर पर उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के समय और प्रकृति पर निर्णय लेने के लिए पूर्ण स्वतंत्रता दी। उसी रात, पाकिस्तान के सूचना मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि-पाकिस्तान को अपनी खुफिया रिपोर्टों के आधार पर आशंका है कि भारत 2-3 दिनों के भीतर सैन्य हमला करेगा, और उस स्थिति में उनका देश पूरी तरह से तैयार है।

भारतीय टीवी चैनलों और राष्ट्रीय मीडिया के एक हिस्से ने दोहराया कि मोदी का पाकिस्तान के खिलाफ हमला निश्चित रूप से होने वाला है। बुधवार, 30 अप्रैल को स्थिति पूरी तरह बदल गयी, जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों को फोन करके दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाये रखने का आह्वान किया। स्वर काफी केंद्रित था और इसमें ट्रंप जैसा स्वर नहीं था, जिन्होंने शुरू में यह आभास दिया था कि अमेरिका उनके प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिशोध के रूप में की जाने वाली हर चीज के साथ जायेगा।

**भारतीय टीवी चैनलों और राष्ट्रीय मीडिया के एक हिस्से ने दोहराया कि मोदी का पाकिस्तान के खिलाफ हमला निश्चित रूप से होने वाला है। बुधवार, 30 अप्रैल को स्थिति पूरी तरह बदल गयी, जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों को फोन करके दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाये रखने का आह्वान किया।**

यदि रुबियो की टिप्पणियों का विश्लेषण किया जाये, तो यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग करने की संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। हालांकि, साथ ही, हमले में शहबाज शरीफ सरकार की किसी भी संलिप्तता का उल्लेख किये बिना, रुबियो ने विनम्रतापूर्वक तनाव कम करने की मांग करते हुए औपचारिक रुख अपनाया। गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग के बयान में यह उल्लेख किया गया था कि रुबियो और शरीफ दोनों ने हिंसा के जघन्य कृत्यों के लिए आतंकवादियों को जवाबदेह ठहराने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

पाकिस्तान पर किसी भी संभावित भारतीय सैन्य हमले के लिए अमेरिका के नवीनतम रुख का क्या मतलब है, जिसमें दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच पूर्ण युद्ध में वृद्धि की संभावना है? सबसे पहले, रुबियो भारत द्वारा अपराधियों का पता लगाने की अपनी कार्रवाई को आगे बढ़ाने के पक्ष में हैं, और वह चाहते हैं कि पाकिस्तान अपनी ओर से इस कार्य में पूरा सहयोग करे। रुबियो ने पहलगाम नरसंहार पर राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं को दृढ़ता से व्यक्त किया होगा। लेकिन साथ ही, रुबियो ने कोई संकेत नहीं दिया है कि शहबाज शरीफ सरकार का पहलगाम नरसंहार में शामिल आतंकवादियों के साथ सीधा संबंध है।

रुबियो की शरीफ के साथ बातचीत के बारे में, अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि उन्होंने आतंकी हमले की निंदा करने की आवश्यकता के बारे में बात की। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने आतंकवादियों को उनकी जघन्य हिंसा के लिए जवाबदेह ठहराने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसमें कहा गया कि 'सचिव ने इस अमानवीय हमले की जांच में पाकिस्तानी अधिकारियों से सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने पाकिस्तान को तनाव कम करने और दोनों देशों के बीच सीधे संचार को फिर से स्थापित करने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।'

22 अप्रैल के पहलगाम नरसंहार के दस दिन बाद का यह परिदृश्य जून 2002 में भारत-पाकिस्तान सैन्य गतिरोध से कई समानताएं रखता है, जब पश्चिमी देशों को जानकारी मिली कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान पर हमला करने का फैसला किया है। दिसंबर 2001 में दिल्ली में भारतीय संसद पर पाक-प्रेरित आतंकवादी हमले और उसके बाद मई 2002 में जम्मू के कालूचक में एक और नरसंहार के बाद वाजपेयी ने पाकिस्तान के साथ बातचीत की सभी उम्मीदें खो दी थीं। भारतीय अभियान को ऑपरेशन पराक्रम नाम दिया गया था। भारत और पाकिस्तान दोनों ने नियंत्रण रेखा पर भारी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और नौसेना तथा सेना की टुकड़ियाँ पूरी तरह से तैयार थीं।

लेकिन फिर, अमेरिका ने जोरदार हस्तक्षेप किया। दक्षिण एशिया की देखरेख करने वाले अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारी रॉबर्ट आर्मिटेज ने दिल्ली में घंटों बिताकर भारतीय पक्ष को युद्ध टालने के लिए मनाया और वायदा किया कि विदेश मंत्री कॉलिनपॉवेल पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ से पाकिस्तान के अंदर आतंकी शिविरों को हटाने और पाकिस्तानी धरती से सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बारे में बात कर रहे हैं। पॉवेल आखिरकार सफल हुए और युद्ध टल गया, हालांकि प्रधानमंत्री वाजपेयी खुश नहीं थे। लेकिन साथ ही, उन्हें पता था कि अमेरिका को नाराज़ करके भारत के लिए पाकिस्तान के साथ युद्ध करना संभव नहीं था।

दिलचस्प बात यह है कि मैं जून 2002में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच एक अलग असाइनमेंट पर मास्को में था। जिस दिन मैं मास्को से दिल्ली लौट रहा था, मैंने हवाई अड्डे पर पाया कि प्रधानमंत्री के तत्कालीन प्रधान सचिव ब्रजेश मिश्रा भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली के लिए एक ही उड़ान में सवार थे। मुझे आश्चर्य हुआ क्योंकि प्रधानमंत्री के पास कोई कार्यक्रम नहीं था।

मॉस्को में मिश्रा और वाजपेयी मध्य एशियाई राज्य के दौरे पर थे। मुझे एक अधिकारी ने बताया कि मिश्रा को प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूसी अधिकारियों से भारत-पाक गतिरोध पर नवीनतम स्थिति के बारे में बात करने के लिए भेजा था, जो पूरे दक्षिण एशिया को प्रभावित करने वाले किसी भी भारतीय भू-राजनीतिक शतरंज चाल पर रूसी रुख के महत्व को दर्शाता है।

2002 जून की घटना ने प्रदर्शित किया है कि प्रधानमंत्री मोदी को भी पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी अंतिम निर्णय लेने से पहले कई कारकों को ध्यान में रखना होगा। टीवी चैनल दावा कर सकते हैं कि हमला आसन्न था। भाजपा समर्थक पाकिस्तान के आने वाले अपमान का इंतजार कर रहे हो सकते हैं। कुछ स्वघोषित विशेषज्ञ आक्रामक टीवी मीडिया पर कह सकते हैं कि पाकिस्तान चार भागों में विभाजित होगा। लेकिन जमीन पर भू-राजनीतिक वास्तविकता काफी अलग है। प्रधानमंत्री मोदी भी इसे जानते हैं।

सैन्य प्रमुखों को कार्रवाई की प्रकृति पर निर्णय लेने की पूरी स्वतंत्रता देने के बाद, प्रधानमंत्री को किसी भी मजबूत कार्रवाई का संकेत देने से पहले यह देखना होगा कि अमेरिका सीमा पार आतंकवाद को रोकने और आतंकी शिविरों को खत्म करने के लिए भारत को क्या आश्वासन दे सकता है।



# ललित सुरजन की कलम से

## चीन, ओबोर और भारत

*'भारत और पाकिस्तान दोनों काश्मीर को मुद्दा बनाकर चाहे जितना वैमनस्य पालते रहें, यह तथ्य सबके सामने है कि एक समय की जो जम्मू-काश्मीर रियासत थी, गत सत्तर वर्षों से उसका एक भाग भारत के पास विलय पत्र पर राजा द्वारा हस्ताक्षर करने के बाद से है, जबकि दूसरा भाग पाकिस्तान के वास्तविक नियंत्रण में है। वह जिसे आज़ाद काश्मीर कहता है, वहां किसी भी तरह की स्वायत्तता नहीं है और उसकी तथाकथित सरकार इस्लामाबाद द्वारा ही मनोनीत की जाती है। पाकिस्तान के कब्जे वाले भाग में चीन लंबे समय से सक्रिय है तथा बलोचिस्तान के निर्माणाधीन ग्वादर बंदरगार तक चीन की आवाजाही का रास्ता वहीं से गुजरता है। यह भारत पर निर्भर करता है कि इस वास्तविकता को किस हद तक स्वीकार करे, उसकी तरफ से मुंह मोड़ ले या फिर पूरी तरह आंखें बंद कर ले। चूंकि पाकिस्तान में भी निर्वाचित सरकार के बजाय सेना का ही हुक्म चलता है, इसलिए आपसी बातचीत से कोई समाधान जल्दी होते नहीं दिखता। किंतु चीन को इससे क्या फर्क पड़ता है। वह तो अपने मकसद में कामयाबी हासिल कर ही रहा है।'*

**(देशबन्धु में 25 मई 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/05/blog-post_26.html

# गुरवाणी विचार

## गऊड़ी महसा 9

मन रे कहां भयौ तैं बौरा
अहनिसि औघ छटे नहीं जाने
भयो लोभ संग हौरा (रहाओ)
जे तन तन तैं आपनो करि मानियो और सुंदर गृह नारी।
रतन जनम अपनौ तैं हारियो-गोविंद गति नहीं जानी
निगरण न लीन भयो चरणन-सिओं बिरथा औध सिरानी
कहो नानक सोई नर सुखीया राम नाम गुण गावै।
और सगल जग माया मोहिआ -निरभय पद नहीं पावै।

यह शब्द गौड़ी राग से लिया गया है जो गुरुग्रंथ साहिब में अंग 220 में विराजमान है। शब्द की इन पंक्तियों द्वारा मन को समझाईश दे रहे हैं कि ऐ इंसान तू इस संसार में आकर किस लोभ में फंस कर पागल हुआ जा रहा है। माया के मोह में मदहोश हुआ फिरता है। यह जानते हुए भी कि ये सब कुछ यहीं पर धरा रह जाना है और हमें खाली हाथ ही इस संसाह से बिदा होना पड़ेगा। दिन गिन कर के उम्र तेरी कम होती जा रही है ठीक उसी प्रकार जिस तरह फूटे हुए घड़े से शनै: शनै: पानी खत्म होते जाता है-

छिन छिन औध बिहात है,
फूटे घट जिओं पानी।

इंसान इस बात को भूल जाता है कि लालच में पड़कर अपनी श्वांसों की पूंजी को व्यर्थ ही गवां रहा है। हमें यह याद रखना चाहिए कि हमारे किसी जनम के पुण्य प्रताप से मानव जनम मिला है जिसे पाने के लिए देवतागण भी तरसते हैं।

इस देही को सिमरे देव इस देही को सिमरे देव।
इस देही को भजि भजि हरि की सेव।

अतएव हमें मानव जीवन पाने का मूल्य समझना चाहिए और प्रत्येक श्वांस की पूंजी प्रभु बंदगी में खर्च करना चाहिए। शब्द की अगली पंक्ति में आप फरमा रहे हैं कि घर की अपनी पत्नी जिसे हम अपना समझ बैठे हैं वह भी हमारे जिंदा रहने तक ही साथी है। शरीर से प्राण निकलने की देर है एक घड़ी भी घर में कोई रखने को तैयार नहीं होता। यहां तक कि हमारा शरीर भी हमारा नहीं है इसमें जब तक प्राण है तब तक ही यह हमारा है। शरीर से श्वांसों की पूंजी खत्म होते ही यह हमारा नहीं होता-

जदों भौर ने उड़ारियां मारिआं- पिंजरा पुराना हो गया।

इसलिए तो गुरवाणी हमें पग पग पर समझाइश देती रहती है कि - सब कुछ जीवत का बयोहार, मात पिता भाई सुत बनिता और।

अतएव हमें चाहिए कि जो यह मानव जीवन पूर्वाग्रहों की नाल हमें हीरे जैसा मिला है इसे प्रभु परमात्मा की बंदगी में रमाए रखें। उदर पोषण हेतु चाहे हम कार बिहार करते रहें पर मन हमारा निरंकार से जुड़ा रहे। हमने मानव जीवन पाकर भी विषय विकारों में गवां दिया और व्यर्थ ही अपनी श्वांसों की पूंजी खत्म कर दी और प्रभु का नाम सिमरन नहीं किया तो महारा जनम कौड़ी जैसा है। इसलिए समय रहते हमें चेत जाना चाहिए-

बीती ताहि बिसार दे आगे की सुधि ले। अंतिम पंक्तियों में आप फरमा रहे हैं कि वही मनुष्य सही मायने में सुखी है जो हर वक्त प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी में मन रमाए रखता है। वह इस संसार में तो सुख की अनुभूति करता ही है और यहां तक कि उसे प्रभु के सांचे दरबार में भी स्थान मिलता है। हगें चौरासी लाख योनियों में पड़ने से मुक्ति मिल मिल जाती है अतएव हमें मानव जीवन पाने का संपूर्ण रूप से लाभ प्राप्त कर लेना चाहिए। पर यह संभव तभी है जब प्रभु परमात्मा की हम पर कृपा होगी। इसलिए हमें हर वक्त प्रभु परमात्मा से विनती करते रहना चाहिए-

बिसर नाहिं दातार अपना नाम देहो।
गुण गांवा दिन रात नानक चावो ऐहो।।

**-इंदर सिंह आहुजा**

# आपके पत्र

## आतंकवाद कई देशों के लिए बड़ा नासूर

समग्र रूप से वैश्विक स्तर पर देखें तो आतंकवाद कई देशों के लिए बड़ा नासूर बन चुका है। भारत में पहलगाम घटना को लिया जाए तो निर्दोष 27 भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या इसका एक बड़ा उदाहरण है वैश्विक परिपेक्ष में देखें तो वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद बहुत बड़ा अवरोध और बड़ी रुकावट है। इसका स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए अन्यथा मानवता कराहने लगेगी और ऐसे ही निर्दोष मासूम नागरिकों की हत्या होती रहेगी। इनके विरुद्ध कडे से कड़ा कदम उठाकर इनकी जड़ें ही खत्म कर देनी चाहिए और आतंकवादियों को चुन चुन कर मारा जाना चाहिए। इसराइल हमास युद्ध इसकी एक बड़ी कड़ी है और अब भारत सरकार भी पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के साथ उनके पालनहारों को भी खत्म करने में लगी हुई है।

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय स्थापित करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित कर अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलत: धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक आपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलत: सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग- अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रेल पटरियों, वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना, बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं।

**-संजीव ठाकुर**

# जबलपुर स्टेशन का प्लेटफार्म नम्बर 1, पार्किंग ठेका बना लूट का अड्डा



**जबलपुर, देशबन्धु।** अगर आपको जबलपुर प्लेटफार्म नंबर एक पर किसी परिजन को छोड़ने या लेने जाना है तो मानकर चलिए आपका लूटना पक्का है, चाहे आप कोई भी हो। मंडल में बैठे वाणिज्य अधिकारियों को इस बात से कोई मतलब नहीं है कि यात्रियों के साथ स्टेशन पार्किंग पर क्या हो रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय ने जबलपुर मंडल की वाणिज्य गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए दो जूनियर प्रशासनिक ग्रेड, एक सीनियर स्केल और दो जूनियर स्केल अधिकारियों की पदस्थापन की हैं, लेकिन इनमें से किसी भी अधिकारी ने यात्रियों की समस्या के समाधान पर ध्यान नहीं दिया।

सूत्रों से जानकारी मिली है कि पार्किंग ठेकेदार रेलवे अधिकारियों से सांठगांठ कर यात्रियों के साथ धोखाधड़ी कर रहा है। इस धोखाधड़ी में जबलपुर स्टेशन के वाणिज्यिक कर्मचारी भी शामिल हैं। जबलपुर स्टेशन पर एक स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य, एक वाणिज्य निरीक्षक और 24 घंटे डिप्टी स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य यात्रियों की समस्या के समाधान के लिए पोस्ट किया गया है, लेकिन वे केवल प्रोटोकॉल ड्यूटी निभा रहे हैं। नाम उजागर न करने की शर्त पर एक वरिष्ठ वाणिज्य कर्मचारी ने बताया कि स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य केवल रेलवे अधिकारियों के घरेलू कार्य कर रहे हैं, इसमें मिलिटरी कैंटीन से सामान की व्यवस्था करना भी शामिल है। यदि कोई यात्री उनके पास शिकायत लेकर आता है तो वे हमेशा बिना जांच किए पार्किंग ठेकेदार के पक्ष में खड़े हो जाते हैं और यात्रियों को दोषी साबित करने की कोशिश करते है।

### दोनों रेस्ट हाउस के आगे से लगाए बैरिकेड्स

जबलपुर स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक एक के पार्किंग ठेकेदार ने नीलांबरी व श्वेतांबरी विश्राम गृह के प्रवेश द्वार से पहले ही बारिकेड्स लगा दी है, जिससे रेस्ट हाउस में रेलवे अधिकारियों से मिलने जाने वाले लोग से भी अवैध वसूली की जा सके।

### ड्रॉप एंड गो में भी हो रही अवैध वसूली

चूंकि पार्किंग ठेकेदार ने श्वेताम्बर और नीलाम्बरी विश्राम गृह के सामने बैरिकेड्स लगा दिए हैं, इसलिए यात्रियों के लिए ड्रॉप एंड गो क्षेत्र बढ़ गया है। यात्री के स्टेशन पार्किंग क्षेत्र मे बैरिकेड्स से अंदर प्रवेश होते ही उसका ड्रॉप एंड गो का समय शुरू हो जाता है और जब वह निकास द्वार पर पहुंचता है तो उसका समय समाप्त हो जाता है। चूंकि ड्रॉप एंड गो क्षेत्र का प्रवेश और निकास स्टेशन पार्किंग क्षेत्र से काफी पहले कर दिया है, इसलिए ड्रॉप एंड गो क्षेत्र के लिए समय कम हो गया है। इसके साथ ही पार्किंग ठेकेदार ने चालाकी से निकास द्वार बहुत छोटा कर दिया है जिससे जब यात्री ड्रॉप एंड गो से निकास द्वार पर पहुंचते है तब तक वाहनों की लम्बी लाइन लग जाती है और वाहन निकालते वक्त उसका ड्रॉप एंड गो का निर्धारित समय बीत जाता है और पार्किंग ठेकेदार उनसे दोगुना शुल्क वसूलता है। इसका मुख्य कारण जबलपुर स्टेशन पर वाणिज्य कर्मचारियों का अधिक समय तक रुकना है, क्योंकि नीतिगत दिशा-निर्देशों के अनुसार वाणिज्य कर्मचारी को हर चार साल में अपनी सीट से तथा हर दस साल में स्टेशन से स्थानांतरित कर दिया जाना चाहिए, लेकिन रेलवे अधिकारी इन नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण रेलवे कर्मचारियों द्वारा रेलवे अधिकारियों की चापलूसी करना है। जबलपुर मंडल में पदस्थ अधिकारी यात्री संतुष्टि की कीमत पर अपनी पोस्टिंग का आनंद ले रहे है और ऐसे चापलूस कर्मचारियों को लाभ पहुंचा रहे हैं।

प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशल सिंह एक अच्छे प्रशासनिक एवं बुद्धिमान अधिकारी हैं, उन्हें यात्रियों की समस्या के समाधान के लिए उचित कदम उठाना चाहिए और उन्हें जबलपुर स्टेशन में वर्षों से पदस्थ कर्मचारियों को स्थानांतरित करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए, जिससे ठेकेदार और रेलवे अधिकारी के बीच सांठगांठ को खत्म किया जा सके।

### रेल कर्मचारी और अधिकारियों को भी नहीं छोड़ रहे ठेकेदार के लोग

मैकेनिकल शाखा के अधिकारी ने इस शर्त पर निष्पक्षता से बयान दिया कि उनका नाम प्रकाशित नहीं किया जाएगा। वाणिज्य विभाग द्वारा दिए गए संरक्षण के कारण ठेकेदार के कर्मचारी नियमित रूप से रेलवे अधिकारी और रेलवे कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी वाणिज्यिक शाखा के अलावा अन्य शाखा से संबंधित है तो यह व्यक्ति उनसे अवैध धन वसूलने के लिए दुर्व्यवहार करते हैं।

यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में अच्छे से अच्छे विशेषज्ञ अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। शोभना बंदोपाध्याय एवं कमल तलरेजा अपनी कार्य प्रणाली के कारण ही अपनी अलग पहचान बनाते हुए सक्रियता दिखाते हुए अपने सभी परियोजनाओं को समय के पूर्व ही पूरा करने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं।

कुछ असंतोषी अधिकारी इन अधिकारियों की सफलता से विचलित होकर ही बाधाएं उत्पन्न करते हैं कुछ तो इतने निचलें स्तर पर गिर जाते हैं कि वह अनावश्यक गल्तियों को फालतू में तूल देकर इन अधिकारियों की टांग खींचते हैं परंतु सफल नहीं हो पाते हैं।

### वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के साथ हो रहा छलावा

गौरतलब है कि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा जैसा कि नाम है वैसा ही वह कार्य संपादित करने की प्रति समर्पित रहते हैं। परंतु इनके सीसीआई रवि शर्मा की कार्य प्रणाली कुछ इस तरह की है कि वह वगैर जानकारी प्राप्त किये ही कर्मचारियों की तबादला सूची बना लेते हैं। ऐसा लगता है जैसे कि उनको कैंसर की बीमारी और लकवाग्रस्त कर्मचारी की भी लाचारी आंखों में दिखायी नहीं देती हैं। या तो इनकी आंखों में कोई समस्या है या यह जानबूझकर गल्ती करके वाणिज्य अधिकारियों को नीचा दिखाने के लिए ही वगैर सत्यापन किये ही ट्रांसफर सूची को प्रभावित करने में अग्रणी रहते हैं।

मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा एक अनुभवी और कुशल प्रशासक के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। इनमें त्वरित निर्णय लेने की अच्छी क्षमता है वह अच्छे निर्णय लेकर सभी को लाभान्वित करेंगे। इसकी सभी को उम्मीद है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज आयेंगे



**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सोमवार 05 मई को जबलपुर आगमन होगा। मुख्यमंत्री यहां पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रिमझा एवं ग्राम पवई धाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 5 मई की दोपहर 12.30 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आयेंगे तथा 5 मिनट बाद हेलीकॉप्टर द्वारा मंडला जिले के चौगान में बने अस्?थाई हेलीपेड के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री मंडला जिले के रामनगर किला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 3.25 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा जबलपुर जिले की विधानसभा क्षेत्र पाटन के ग्राम रिमझा पहुचेंगे। डॉ. यादव रिमझा में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 4.30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा ग्राम पवई धाम रवाना होंगे। मुख्यमंत्री शाम 4.45 बजे ग्राम पवई धाम पहुचेंगे और यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात हेलीकॉप्टर द्वारा शाम 5.20 बजे डुमना एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाम 5.35 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर पहुचेंगे और डुमना एयरपोर्ट से शाम 5.40 बजे वायुयान द्वारा भोपाल रवाना होंगे।

## म.प्र. कार्डिओलॉजिकल सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस का समापन



**जबलपुर, देशबन्धु।** देश के कोने कोने से पहुंचे विशेषज्ञों ने जो महत्वपूर्ण जानकारी इस कॉन्फ्रेंस में साझा की है, वो निश्चित ही हृदय चिकित्सा के क्षेत्र को नए आयाम देगी। यह बात म.प्र. - कार्डिओलॉजिकल सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस (MPCSI-CON 2025) के समापन अवसर पर अतिथियों ने कही। उल्लेखनीय है कि आयोजन में देश विदेश से पहुंचे विशेषज्ञों ने अनुभव साझा किए। दूसरे दिन भी लाइव सेशंस के जरिए आधुनिक चिकित्सा पद्धति की जानकारी दी गई।

आयोजक एसीएस जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. सुहेल सिद्दीकी और सचिव डॉ. दिलीप तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे अनुसन्धान और नई तकनीकों पर विचार विमर्श और शैक्षणिक विकास करना रहा। अमेरिका के प्रतिष्ठित माउंट सिनाई हार्ट सेंटर न्यूयॉर्क से डॉ समीन शर्मा, मुंबई से डॉ. आनंद राव और डॉ ब्रजेश कुमार कुंवर, दिल्ली से डॉ. प्रवीण चंद्रा, डॉ अतुल माथुर, डॉ. एस राधाकृष्णन, डॉ. आर आर मंत्री, डॉ. निशीथ चंद्रा और डॉ. रजनीश कपूर , हैदराबाद से डॉ. शरथ रेड्डी, चेन्नई से डॉ. सिवा कुमार, बंगलुरु से डॉ. डीएस चड्ढा, लखनऊ से डॉ. ऋषि सेठी, नागपुर से डॉ. जसपाल अरनेजा, डॉ प्रशांत जगताप, इंदौर से डॉ सरिता राव, एवं भोपाल, ग्वालियर, रायपुर, बिलासपुर जैसे अन्य कई शहरों से वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ सम्मिलित हुए।

वैलेडिक्टरी फंक्शन व अवॉर्ड सेरेमनी के साथ दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का समापन हुआ। दो दिवसीय आयोजन में शहर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश अग्रवाल, डॉ अंकित अग्रवाल, डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ अखिलेश दुबे, डॉ एच पी ऐस चंदेल, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. के एल उमा महेश्वर, डॉ. अनिमेष गुप्ता, डॉ. विकास मिश्रा, डॉ अमित किनारे, डॉ. आशीष तिवारी, डॉ. रघुवीर पटेल,डॉ. शिशिर सोनी, डॉ. अभिषेक गायकवाड़, डॉ. एहतेशाम अंसारी, डॉ. भाविक धीरावाणी और डॉ. हर्षा रेड्डी उपस्थित रहे।

## देश में चार जातियों की दुहाई देने वाले जातिगत जनगणना को हुए राजी : कांग्रेस

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा ने कहा कि लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सदन से लेकर सड़कों तक पूरे देश में सदियों से पीडित शोषित पीडित ओबीसी को राष्ट्रीय विकास में भागीदार बनाने हेतु जातिगत जनगणना को जरूरी बताया जिससे राहुल गांधी को दलित ओबीसी अल्पसंख्यक वर्गों के समुदाय से मिल रहे अपार जन समर्थन से भयभीत होकर देश की जो सरकार कल तक देश में केवल चार जातियों की बात करती थी और जातिगत जनगणना से समाज की एकता अखंडता को खतरा बताने वालों को राहुल गांधी द्वारा उठाए गए मुद्दे से सहमत होकर ओबीसी ,दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक समुदायों के हित में उनका हक देने मजबूर होना पड़ा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा ,प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी, विजय अग्रवाल, राजेश पटेल, डॉक्टर मोइन अंसारी, मामूर गुड्डू, राजा खान, अशोक चौधरी, पवन नामदेव, रविंद्र कुशवाहा धर्मेंद्र कुशवाहा संजू ठाकुर रम्बल विश्वकर्म आदि ने सरकार से मांग की है कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी हेतु 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को तत्काल हटाने की पहल शीघ्र शुरू की जाए अन्यथा ओबीसी वर्ग आंदोलन के लिए बाध्य हो।

## महापौर कप 24 वी राज्य वुशु स्पर्धा सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश वुशु संघ के सचिव मनोज गुप्ता द्वारा दी जानकारी के अनुसार विगत 2 मई 2025 से खेल एवं युवा कल्याण विभाग के बैडमिंटन हॉल, रानीताल, जबलपुर में महापौर कप 24वीं मध्य प्रदेश राज्य सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर स्पर्धा का आयोजन किया गया, स्पर्धा का समापन व पुरूस्कार वितरण आई पी एस अधिकारी जयदीप प्रसाद डॉक्टर जितेन्द्र जामदार, पर्व जायसवाल, एडवोकेट दिनेश उपाध्याय, एडवोकेट नवीन शुक्ला, एडवोकेट बृजभूषण पांडे आदि ने किया।



24 स्वर्ण, 11 रजत तथा 9 कांस्य पदक जीतकर जबलपुर के वुशु खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान, 21 स्वर्ण, 14 रजत तथा 12 कांस्य पदक जीतकर अशोकनगर के खिलाड़ियों ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

शुभारंभ नगर निगम जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह, विधायक कैंट अशोक रोहाणी, मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे आदि के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया था। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत सचिव मनोज गुप्ता ने किया , संचालन डॉक्टर मुकेश जायसवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन नितिन भाटिया ने किया। मध्य प्रदेश वुशु संघ से मान्यता प्राप्त 24 विभिन्न जिलों के लगभग 400 खिलाड़ी और अधिकारी ने हिस्सा लिया था।

## विद्युत सप्लाई बंद रहने की सूचना

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर संभाग पश्चिम म. प्र.पू. क्षे. वि. वि. क. लि. जबलपुर अंतर्गत लाइन मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है, इसके चलते अलग-अलग दिवस बिजली की आपूर्ति रोकी जा रही है। इसी कड़ी में आज 05 मई 2025

प्रातः 08:00बजे से दोपहर 12: 00 बजे तक विद्युत प्रवाह अवरोध रहेगा।

फीडर इसी तरह फीडर उखरी से चेरीताल, बलदेवबाग चौक, गोपालबाग चौक, पारिजात बिल्डिंग के आस पास के क्षेत्र में भी बिजली की सप्लाई प्रभावित रहेगी। बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों ने इस बाबत कहा गया है कि आने वाले कुछ दिनों तक इसी तरह विभिन्न रिहायशी इलाकों में सुबह से दोपहर तक बिजली बंद की जायेगी।

## सूर्या जायसवाल ने जीता गोल्ड



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश वुशु संघ के द्वारा दो दिवसीय राज्य स्पर्धा 2 मई 2025 को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रानीताल, जबलपुर में महापौर कप 24 वीं सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है, इस स्पर्धा में जबलपुर के सूर्या जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड 2 सिल्वर मेडल जीत कर जबलपुर का नाम रोशन किया। सूर्या के कोच दिव्यांश मनोज गुप्ता ने कहा सूर्या बहुत ही प्रतिभाशाली है कुछ दिनों के संघर्ष में ही 3 मेडल जीतना जबलपुर के लिए गर्व की बात है। आगामी होने वाली नैशनल स्पर्धा में सूर्या जायसवाल प्रदेश और अपने शहर का नाम रोशन करेगा गोल्ड मेडल विजेता सूर्या जायसवाल को मध्य प्रदेश केडर के आईपीएस डीजी जयदीप प्रसाद, डॉ जामदार, वूशु संघ के सचिव मनोज गुप्ता ने मेडल पहनाकर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## एड.निक्की (रितेश रजक) भाजपा तिलक मंडल महामंत्री नियुक्त हुये



**जबलपुर, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं संसाद विष्णु दत शर्मा जी के निर्देश अनुसार एव पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर की अनुसंशा पर भाजपा जबलपुर महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर की सहमति से भाजपा पार्षद एमआईसी सदस्य राम सोनकर एवं मंडल अध्यक्ष ऋषि सोनकर ने मंडल महामंत्री के दायित्व पर एड.निक्की रितेश रजक को नियुक्त किया।

एड रितेश रजक निक्की की नियुक्ति पर जनप्रतिनिधियों, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

## किसानों को गर्मियों में खेत की गहरी जुताई करने सलाह

**जबलपुर, देशबन्धु।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों ने जिले के किसानों को ग्रीष्मकाल में खेतों की गहरी जुताई करने की सलाह दी है। कृषि अधिकारियों के मुताबिक गर्मियों में खेत की गहराई जुताई करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बरती है और उत्पादन बढने के साथ-साथ कृषि की लागत में कमी आती है। कृषि अधिकारियों के मुताबिक गर्मी में खेत की गहरी जुताई को ऑफ सीजन जुताई भी कहा जाता है। यह गर्मियों के महीनों में खेत की गहरी जुताई करने की कृषि पद्धति है तथा आमतौर पर रबी की फसल की कटाई के बाद और खरीफ की फसल की बुवाई से पहले की जाती है। यह खेत की मिट्टी को पलटने और ढीला करने का काम करती है।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों ने गत दिवस पाटन विकासखण्ड के ग्राम ककरहटा में किसानों से गहरी जुताई पर चर्चा की तथा इससे होने वाले फायदे बताये। इन अधिकारियों में जिले के उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम, सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी शामिल थे। उप संचालक कृषि डॉ निगम ने किसानों को बताया कि गहरी जुताई से खरपतवार के बीज और राइजोम मिट्टी की सतह पर आ जाते हैं और तेज धूप में सूखकर नष्ट हो जाते हैं। इससे आने वाली खरीफ की फसल में खरपतवारों की समस्या कम हो जाती है और खरपतवारनाशी के उपयोग की आवश्यकता भी कम हो जाती है।

उप संचालक कृषि के मुताबिक ग्रीष्मकालीन जुताई मिट्टी में छिपे कीटों के अंडे, लार्वा और प्यूपा को धूप और गर्मी के संपर्क में लाकर नष्ट कर देती है। यह मिट्टी जनित रोगों के रोगजनकों को भी कम करने में मदद करता है, जिससे अगली फसल में कीटों और बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। गहरी जुताई से मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ती है। खुली और ढीली मिट्टी बारिश के पानी को बेहतर ढंग से सोखती है।



**जबलपुर, देशबन्धु।** एसपी संपत उपाध्याय के मार्गदर्शन में युवाओं को सड़क हादसों से बचने संबंधी जरूरी जानकारी दी गई। भंवरताल गार्डन में रविवार को भी एनसीसी के केडेटस को जानकारी दी गई, डीएसपी बैजनाथ प्रजापति मौजूद थे।

## पाइप लाइन सुधार कार्य का महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने किया निरीक्षण



**जबलपुर, देशबन्धु।** रमनगरा ट्रीटमेंट प्लांट से दो मेन पाइप लाइन गयी है, बार-बार विद्युत बंद होने से पाइप लाइन ऐयर लॉक होने के कारण बाजनामठ के पास राइजिंग मेन लाइन लीकेज हो गया एवं शाह नाला के पास चल रहे सड़क निर्माण के कार्य से पाइप लाइन लीकेज हो गयी, दोनो पाइप लाइनों का सुधार के लिए चल रहा कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने राइजिंग मेन लाइन के सुधार कार्य का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों एवं ठेकेदार को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अवसर पर महापौर श्री अन्नू ने बताया कि नागरिकों को सामान्य रूप से जलापूर्ति हो इसके लिए वे स्वयं सुधार कार्यो पर निगरानी रखे हुए हैं। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नागरिकों को टैंकर से भी जलापूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में भी पेयजल की आपूर्ति बाधित हुई है वहां पर टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति कराई जा रही है। नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए नगर निगम के जल विभाग के द्वारा स्वयं के संसाधनों के साथ-साथ अतिरिक्त टैंकर लगाकर भी नागरिकों को पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है। महापौर श्री अन्नू ने आशा व्यक्त की है कि बाजनामठ एवं शाह नाला के समीप दोनों राइजिंग मेन लाइन के सुधार कार्य के लिए लिए गए शटडाउन के दौरान निर्धारित कार्य पूरी प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है एवं जल्द ही नागरिकों को पूर्व की तरह निर्बाध जलापूर्ति की जाएगी। आज निरीक्षण के अवसर पर जल विभाग के अधिकारी अनुराग पाठक आदि उपस्थित थे।




**35 लाख रूपये की लागत से डामलीकरण**-कायाकल्प 2.0 योजना अंतर्गत भंवरताल अग्रवाल पेट्रोल पंप के पास से ब्लूम चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर 35 लाख रूपये की लागत से डामरीकरण कार्य कराया जा रहा है, निर्माण कार्य को देखने और गुणवत्ता चेक करने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, एम.आई.सी. सदस्य एवं लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी राम सोनकर, पार्षद श्रीमती लवलीन आनंद के साथ निरीक्षण करने पहुँचे और अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी मौजूदगी में उच्च गुणवत्ता के साथ डामलीकरण सडक निर्माण का कार्य पूर्ण कराएँ। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो में निरंतर गति आ रही है, विकास कार्यो में कोई कमी नहीं होनी दी जायेगी। इस अवसर पर प्रणीत वर्मा, शिवा चौधरी, प्रदीप लुक्का, राजू पटेल, अंकित द्विवेदी, संजू अन्ना, सहायक यंत्री वीरेंद्र पांडे, आशीष पाटकर, उपयंत्री सुश्री अंजली चौहान आदि उपस्थित रहे।



**जबलपुर, देशबन्धु।** आरोपों से घिरे रीयल स्टेट कारोबारी रंजीत चौधरी ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान सफाई दी कि अनिल गुप्ता ने राजनीति दवाब के चलते उन पर फर्जी मामला दर्ज कराया है। इसके पक्ष में उन्होंने तर्क रखे।

## सारे श्रेष्ठ कार्य गुरुकृपा से ही संभव होते हैं : इंद्रेश महाराज



**पाटन, देशबन्धु।** आप जो कुछ अच्छा कर रहे हैं ,यह सब गुरु कृपा के द्वारा ही संभव होता है, गुरु आपको ऐसा सामर्थ्य प्रदान करते हैं जो आपकी जीवन यात्रा को श्रेष्ठ कार्यों से परिपूरित करती है यह कह सकते हैं की सभी अच्छे कार्यों के लिए गुरु कृपा ही सर्वोपरि है! विराट हास्पिस के माध्यम से पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी और डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता असाध्य रोगों से पीड़ित रोगियों की सेवा करके जो स्तुत्य कार्य कर रहे हैं वह गुरु कृपा का ही परिणाम है।

उक्त उद्गार पवई धाम अमरपुर में पूज्य संत महेंद्रानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस के अवसर पर देश के ख्याति लब्ध भागवत प्रवक्ता इंद्रेश महाराज ने धर्म सभा में व्यक्त किए, राजा परीक्षित के जन्म की कथा का उल्लेख करते हुए पूज्य महाराज श्री ने कहा की मातृ गर्भ में अनेक बालक प्राण त्यागते हैं स्वयं ठाकुर जी ने अपनी मैया के गर्भ में अनेक बालकों की रक्षा नहीं की परंतु उत्तरा के गर्भ में स्वयं स्थापित हो गए ठाकुर जी जानते हैं कि कालांतर में परीक्षित ही मेरी कथा का श्रेष्ठ श्रोता होगा और अपने श्रेष्ठ श्रोता की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है , जो व्यक्ति भागवत की कथा का श्रवण करता है उससे यह सिद्ध होता है की कभी ना कभी गर्भ में उसकी रक्षा ठाकुर जी ने की है, हमारा संबंध ठाकुर जी से अवश्य है, मातृ गर्भ में हमने ठाकुर जी के दर्शन अवश्य किए होंगे!

भक्ति की केवल तीन धाराएं हैं विश्वास, संबंध और समर्पण हर परिस्थिति में हमें अपने इष्ट पर विश्वास करना होगा और जीवन पर्यंत उसका स्मरण रखने के साथ-साथ जीवन में जो हो रहा है उसे प्रसाद के रूप में स्वीकार करना होगा तभी हम श्रेष्ठ भक्त की श्रेणी में आप आएंगे!

**पवई धाम बना गोकुल** -कृष्ण जन्म के उत्सव में पवई धाम गोकुलधाम में परिवर्तित हो गया जन्मोत्सव में भक्तों के उत्साह ने वृंदावन सरकार कर दिया,सर्वेश पचौरी (पटेल) की मुख्य यजमान ने भागवत कथा श्याम मनोहर पचौरी मुख्य यज्ञ यजमान, जबलपुर पाटन के विधायक अजय विश्नोई जबलपुर मध्य के विधायक अभिलाष पांडे , बरगी के विधायक नीरज सिंह , सह यजमान लाल सिंह यादव ,राकेश पचौरी, योगेश गोर मथुरा इन्द्र सिंह यादव,प्रमोद पलहा, बलराम यादव आयोजन प्रभारी, हरकृष्ण पचौरी अध्यक्ष आयोजन समिति , जितेंद्र पचौरी मीडिया प्रभारी , नवनीत माहेश्वरी ,विष्णु शंकर पटेल गोरी शंकर तिवारी , मनोज पटेल , देवेंद्र सिंह,दीपक सेठी,सीमा सिंह चौहान,मुकुल पचौरी,ब्रजेश बादल, मदन मोहन पचौरी आदि ने श्रीमद् भागवत पूजन किया। मंच संचालन जितेंद्र पचौरी ने किया जबलपुर के वरिष्ठ कैलाश गुप्ता , डॉ अखिलेश गुमास्ता, कैलाश साहू,मुकेश राठौर, नीरज कुचया ,मनोज जसाठी,संजय जैन, राजू डनायक, दुर्गेश पटेल आदि।

## भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर पूजन एवं सुंदरकाण्ड का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** सनातनी परंपरा समरसता की है इससे समृद्ध भारत का निर्माण होता है। हमारे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हमें समाज के एक व्यक्ति को दूसरे से जोडने का एक सशक्त माध्यम है। जहां हम समाज के प्रत्येक व्यक्ति के उत्थान के लिये दृढ संकल्पित होते है और सामाजिक भावना को भलिभांति आत्मसात करते हुये समाज के उन्नयन में अपना सहयोग प्रदान करते है।

आज कायस्थ कुलदेव भगवान श्री चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर मै प्रार्थना करता हूँ कि हम सभी कायस्थ एक जुटता के साथ एक दूसरे के सहयोगी बने और समाज को परम वैभव की ओर ले जा सके। उक्त आशय के उद्गार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री चमन श्रीवास्तव ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा भगवान चित्रगुप्त प्रकट उत्सव के अवसर पर मुख्य




अतिथि के रूप में उपस्थित होकर व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेविका श्रीमती प्रीति विनय सक्सेना ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मीना चमन श्रीवास्तव, डा0 धर्मेन्द्र खरे, सुनील श्रीवास्तव, डा0 रेनू श्रीवास्तव, देवेन्द्र श्रीवास्तव, विवेक खरे, एवं एड स्मृति सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियो द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त जी के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पूजन अर्चन के साथ किया गया। तत्पश्चात् नगर के प्रख्यात कला साधक श्री आशीष श्रीवास्तव एवं उनके मंडल के द्वारा सुंदर काण्ड का आयोजन किया गया। सुंदर काण्ड के पश्चात् भगवान श्री चित्रगुप्त जी एवं मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम लक्ष्मण, सीता जी एवं पवन सुत हनुमान की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुनील श्रीवास्तव, भानू श्रीवास्तव, डा0 जयनारायण खरे, ममता श्रीवास्तव, विवेक खरे, नवनीत श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, नीना श्रीवास्तव, डा0 राम श्रीवास्तव, स्मृति सिन्हा, शचि खरे,कपिल खरे, आशीष श्रीवास्तव, प्रियंक श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, पुष्पा श्रीवास्तव, बीना श्रीवास्तव, शालिनी निगम ,स्मृति श्रीवास्तव, अलका खरे, आदित्य सिन्हा, विशाल निगम,डा0. ए.के.वर्मा, एड0 हिमाशु खरे, आलोक श्रीवास्तव, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, विजय खरे आदि का सराहनीय सहयोग रहा।



## 'रामायण भजनावलि' का लोकार्पण

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री राम चरित मानस मंगलकारी है, राम बने दूल्हा, जागो रे बजरंगबली, राम लला आ गए, जैसे मधुर भजन कला बीथिका में, दुर्गेश ब्यौहार द्वारा रचित %रामायण भजनार्व पुस्तक के लोकार्पण समारोह में कलाकारों ने प्रस्तुत किये। भजन से मानवीय कल्याण होता है एवं आनंद और दिशा दोनों मिलती है। ये उद्गार पाथेय, गूँज, सुर-ताल एवं मधुर-पल संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगतगुरु डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज ने व्यक्त किये। अध्यक्षता डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। सारस्वत अतिथि आचार्य भगवत दुबे, विशिष्ट अतिथि डॉ. अखिलेश गुमास्ता एवं शीला माता जी द्वय रहे। भजनों की मनमोहक प्रस्तुति में दुर्गेश ब्यौहार, सौरभ शुक्ला, नेहा खरे, मेघा ब्यौहार, डॉ. अनिल कोरी, इन्द्रपाल सिंह, राघवेन्द्र श्रीवास्तव, दिनेश प्रधान, संध्या ब्यौहार, विनीता पैगवार, आर्या, अनन्या एवं अद्विक ने स्वर प्रदान किया। समारोह में बबलू मैथ्यूज, मुन्ना गूजर, सुभाष जैन 'अजल', दीपेन्द्र खरे एवं सौरभ शुक्ला को सृजन सम्मान प्रदान किया गया। कुशल संचालन राजेश पाठक 'प्रवीण', मंजु गोरे एवं नेहा खरे ने किया।

## आद्यशङ्कर का अवतरण-दिवस

**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवान् आद्यशङ्कराचार्य का अवतार ऐसे समय पर हुआ जब भारत वर्ष में वैदिक सनातनीय परम्परा का पालन करने वालो पर वज्रपात होने लगा था और अनाधिकारी वैदिक धर्म का उपदेश करने लगे थे। सारा धर्मप्राणराष्ट्र अनीश्वरवाद में दीक्षित हो गया था। सनातनधर्म अज्ञान-अंधकार की गुफाओं में समाहित होने लगा था। उस समय भारतीय सनातनवैदिकधर्म, हिंदू धर्म की रक्षा करने के लिए आद्यशङ्कराचार्य का अवतार हुआ। भगवान् के अवतार का उद्देश्य धर्म की रक्षा करना ही होता है। जिन वेद-शास्त्रों ने जीवों के कल्याण के लिए यज्ञ-यागादि का विधान कर कर्मबंधन से मुक्त होने का उपाय बताया एवं ज्ञानियों के लिए परमसिंधुसुधारूप परब्रह्म में समा जाने का उपदेश प्रदान किया। इस वैदिक परंपरा को नष्ट-भ्रष्ट करने का प्रयास किया जाने लगा, तब श्रीमद् आद्यशङ्कराचार्य का अवतार हुआ।



जब असुर वेदों का आश्रय लेकर मद्य-मांस आदि का उपयोग करने लगे थे, तब भगवान् विष्णु ने बुद्ध का अवतार लेकर यज्ञ की निन्दा आरम्भ की। असुरों के यह कहने पर की %यज्ञ तो वेद विहित होने के कारण निन्दनीय नहीं है%। तब बुद्ध ने कहा वेदा: अप्रमाणम अर्थात् वेद प्रमाण नहीं है। वेदों की प्रमाणिकता का खंडन होते ही पुण्य-नदियों, मंदिरों, तीर्थो की उपेक्षा होने लगी। लोगों ने व्रत-उपासनादि करना छोड़ दिया। द्विजातियों (ब्राह्मणों) ने वेदाध्ययन आदि का परित्याग कर दिया। उपनयन-अग्निहोत्र आदि भी बंद हो गए। नारियाँ पातिव्रतधर्म और सतीत्व का परित्याग कर समूह के समूह भ्रमण करने लगीं। बौद्ध विहारों में अकर्मण्य लोगों का संघ निवास करने लगा। अहिंसा का ऐसा बोलबाला हुआ कि जहां युद्ध उचित था वहां धर्म और देश की रक्षा के लिए भी अहिंसा का राग अलापा जाने लगा और फलत: झुंड के झुंड विदेशी उत्पीड़न भारत भूमि में आकर लूटपाट और हिंसा करने लगे।

यही लोग बौद्ध धर्म के नाम पर सनातन धर्मियों का उत्पीड़न भी करने लगे। वैदिकधर्म के क्षीण होते ही विभिन्न एवं अनेक मत वालों का उदय हुआ। जिनमें कापालिक आदि भी सम्मिलित थे। जो तुच्छ सांसारिक प्रयोजनों की प्राप्ति की लालसा से बलि जैसे बीभत्स प्रयोग भी करते थे। सुरापान और मांसाहार को प्रोत्साहन मिलने लगा। जहां धर्म और ब्रह्म के संबंध में वेद एकमात्र प्रमाण माने जाते थे, वहीं कुछ स्वतंत्र आगमों का भी प्रणयन होने लगा। आधुनिकों के बाहुल्य से वेद विरोधी मतों का प्रचलन बढ़ा तो तीर्थयात्राएं बंद होने लगी और भारत की एकता अखंडता खतरे में पड़ गई।

## संत निरंकारी मण्डल जबलपुर का ऐतिहासिक रक्तदान शिविर

**जबलपुर,देशबन्धु।** संत निरंकारी मण्डल कि शाखा जबलपुर में गोलबाजार संत निरंकारी सत्संग भवन में चेरिटेबिल फाउंडेशन के सौजन्य से विशालतम् रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया द्य

जिसमें सेकडों मिशन के रक्तदाताओं ने युगद्रष्टा बाबा हरदेव सिंह जी के ब्रम्ह वाक्य रक्त नादियों में बहे, न कि नालियों में पर समर्पित होकर रक्तदान किर्या।

संत निरंकारी भवन में प्रात: 10 बजे माननीय जगत बहादुर सिंह (अन्नु) महापौर के कर कमलों से शिविर का उद्घाटन किया गया द्य आपजी का स्वागत सेवादल के भाई बहिनों के मार्च गीत 'न हिन्दू, न सिख ईसाई, न हम मुसलमान हैं, मानवता है धर्म हमारा हम केवल इंसान हैं द्वारा तथा नवनीत नागपाल जी ने निरंकारी परम्परा के अनुसार दुपट्टा पहिना कर स्वागत किया।



रक्तदान हेतु रक्तदाता भाई बहिन पंजीयन कराते हुए व रक्त देते हुए अनेक युवा भाई बहिनों का उत्साहवर्धन करते हुए मिशन कि गतिविधियों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि निरंकारी मिशन से मैं पिछले कई वर्षों से जु?ा हुआ हूँ द्य मिशन का प्रत्येक सेवादार दिल से पूर्ण समर्पित भाव से मानवता की सेवा करते हैं ये इन पर ईश्वर की विशेष कृपा है द्य ये सेवादार भाई बहिन न सिर्फ शिविर में बल्कि प्रतिदिन जरूरत मंदों को रक्त देने हेतु सदैव तत्पर रहते हैं इनका सम्पूर्ण जीवन सुखमय रहेगा।

रक्त संग्रहण नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कालेज, रानी दुर्गावती (एल्गिन) अस्पताल, जबलपुर ब्लड बैंक एवं सेठ गोविंदास 'विक्टोरिया' अस्पताल के विशेषज्ञ डाक्टरों कि टीम द्वारा उचित निरीक्षण के उपरान्त किया गया। जबलपुर में 25 वां रक्तदान रहा इस शिविर में 225 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

इसके अतिरिक्त वर्ष भर में प्रतिदिन रक्तदाताओं ने जरूरत मंदों को 302 यूनिट रक्तदान कर नव-जीवन प्रदान करने में योगदान दिया।

सजीव माध्यम है, जो हमें सिखाता है मानवता सर्वोच धर्म हैं।कार्यक्रम की सफलता में साधसंगत व सेवादल के सभी भाई-बहिनों का विशेष योगदान रहा।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 05 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख शुक्ल पक्ष की अष्टमी, नक्षत्र-अश्लेषा।**

**मेष**
आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

**वृषभ**
परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

**मिथुन**
महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं। `क-

**कर्क**
आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

**सिंह**
परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

**कन्या**
अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

**तुला**
आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**वृश्चिक**
घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

**धनु**
काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

**मकर**
आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

**कुंभ**
आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दु:ख की भावना हो सकती है।

**मीन**
भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनभव होगा।
म.

## नई तकनीक के माध्यम से रेलवे में मोबाइल बरामद करने की कवायद

**आरपीएफ पश्चिम मध्य रेल द्वारा डिजिटल सतर्कता रंग लाई**

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा और उनकी संपत्ति की सुरक्षा को लेकर लगातार नवाचारों को अपनाया जा रहा है। रेलवे सुरक्षा बल ने हाल ही में दूरसंचार विभाग के सहयोग से पूरे देश में सीईआईआर पोर्टल को लागू किया है। यह पोर्टल चोरी या खोए हुए मोबाइल फोन को आईएमईआई नंबर के माध्यम से ब्लॉक, ट्रैक व रिकवर करने में मदद करता है। इसका उद्देश्य मोबाइल चोरी रोकने के साथ-साथ ऐसे उपकरणों की अवैध बिक्री को नियंत्रित करना भी है। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल भोपाल मंडल की साइबर सेल ने पहली बार दूरसंचार विभाग के सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल के माध्यम से चोरी हुआ मोबाइल फोन सफलतापूर्वक ढूंढ़ निकाला और यात्री को लौटाकर एक सराहनीय पहल की है।

घटना का संक्षिप्त विवरण ~ दिनांक 25 अप्रैल 2025 को शिकायतकर्ता श्री मुरु द्वारा इटारसी स्टेशन पर यात्रा के दौरान उनका मोबाइल चोरी होने की जानकारी रेल मदद पोर्टल पर दी। यात्री ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई, बावजूद इसके आरपीएफ साइबर सेल द्वारा शिकायत का निपटान किया गया।साइबर सेल, भोपाल ने निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ब्लॉक किया, ताकी वह उपयोग में नहीं लाया जा सके। दिनांक 26 अप्रैल को मोबाइल को भोपाल क्षेत्र में ट्रेस किया गया, और जांच में पता चला कि यह श्री प्रवीन नामक व्यक्ति के पास है। संबंधित व्यक्ति को संपर्क कर मोबाइल निकटतम आरपीएफ पोस्ट पर जमा कराने के लिए कहा गया, और उन्होंने 30 अप्रैल को आरपीएफ पोस्ट - रानी कमलापति में मोबाइल जमा कर दिया। यह पहला मौका है जब भोपाल मंडल में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से एक यात्री की खोई हुई संपत्ति को इतनी दक्षता और पारदर्शिता के साथ बरामद कर लौटाया गया है। इस पहल से यात्रियों के बीच भरोसा और रेलवे की छवि दोनों मजबूत होती है। इस प्रयास के माध्यम से रेल यात्री अब रेल मदद, 139 हेल्पलाइन या आरपीएफ से सीधे संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बिना एफआईआर के भी, सीईआईआर के ज़रिए मोबाइल की रिकवरी की जा सकती है। पश्चिम मध्य रेल की यह सफलता यह दर्शाती है कि अब डिजिटल ट्रैकिंग और तकनीकी दक्षता से लैस रेलवे प्रशासन यात्रियों को न केवल बेहतर सेवा दे रहा है, बल्कि उनकी संपत्ति की सुरक्षा के लिए भी सजग और सक्रिय है।

## गौतम बुद्ध की विश्व शांति धाम यात्रा निकलेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** डॉ.बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति के तत्वाधान में 11 मई को विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की 2569 वी त्रिगुणी पावन पूर्णिमा के अवसर पर रविवार 11 मई की पूर्व संध्या पर शाम 5 बजे से सिविक सेंटर में विश्व शांति धम्म यात्रा निकाली जा रही है। विश्वगुरु गौतम बुद्ध की धम्म यात्रा मालवीय चौक बड़ा फुहारा बड़ी ओमती घोड़ा नक्कास होते हुए डॉ.बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर चौक तक निकाली जाएगी। समस्त बौद्ध विहारों से अपील है कि विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की धम्म यात्रा में शामिल होने का कष्ट करें। महिला मंडल की सदस्य- छाया धाबर्डे, सविता लोखडें मनीषा पुनवठकर सुनीता पाटिल सुनीता शेण्डे पारमी बौद्ध कृपा खरे, मनीषा कोल्हेकर नंदिता गजभिये स्मिता बौद्ध वंदना रामटेक ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

## फातिमा माता मरियम की वार्षिक भक्ति का ....नवीना का प्रथम दिन

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी जबलपुर में सेंट थॉमस स्कूल परिसर स्थित फातिमा की माता मरियम के तीर्थस्थल में वार्षिक भक्ति के अंतर्गत आज नौदिवसीय प्रार्थना का प्रथम दिन था।

पावन ख्रीस्तयाग के मुख्य याजक होली क्रॉस चर्च के पल्ली पुरोहित फादर विपिन कीरो ओ प्रेम ने भक्तजनों की उपस्थिति में पावन ख्रीस्तयाग अर्पित करते हुए कहा... हमने कुछ दिनों पूर्व गुड फ्राइडे की धर्मविधि मनाई है, याद करें कि क्रूस पर प्रभु येसु की दर्दनाक मृत्यु के समय माता मरियम और कुछ महिलाएं मात्र थी बहुत से शिष्य भय के कारण वहां उपस्थित नहीं थे।माता मरियम जानती थीं कि प्रत्येक कार्य ईश्वरीय इच्छा को दर्शाते है, इसलिए वह उनके जन्म से लेकर उनके संकट , दु:ख तथा क्रूस मरण तक साथ रहती हैं। माता मरियम ने स्वर्गदूत गैब्रियल के संदेश के बाद इस भजन को गाया



था कि मेरी आत्मा प्रभु का गुणगान करती है ,मेरा मन प्रभु में आनंद मनाता है।माता मरियम की जीवन की यात्रा प्रभु येसु के साथ अनवरत जारी रही। क्योंकि उनके जीवन में धीरज, साहस, धैर्य , सादगी, आज्ञाकारिता का गुण समाहित था। माता मरियम जानती थी कि उनके जीवन में ईश्वर की कृपा हुई है और ईश्वर ने उनके लिए महान कार्य किए हैं इसलिए उन्होंने अपने जीवन में ईश्वरीय वरदान तथा कृपाओं को जानते हुए प्रभु येसु के जन्म से पूर्व जनगणना से लेकर क्रूस के निकट तक निरंतर यात्रा में रहीं। ईश्वर का वचन हमारे लिए प्रमुख हैं। यदि हम ईश्वर के वचन पर ध्यान नहीं देंगे तो हम टूट सकते हैं लेकिन यदि हम ईश्वरीय वचनों पर चलेंगे तो हमारा विश्वास बढ़ेगा और निश्चित रूप से हमें आशीष प्राप्त होगी। प्रभु येसु ने कहा था मेरा अनुसरण करो और माता मरियम ने सदैव ईश्वर के वचनों का अनुसरण करते हुए अपने जीवन की यात्रा की ।पुनरुत्थान के बाद प्रभु येसु ने अपने शिष्य पेत्रुस से कहा था क्या तुम मुझसे प्यार करते हो, मेरा अनुसरण करो और मेरी भेड़ों को चराओ।

उल्लेखनीय है कि पुर्तगाल के फातिमा नामक गाँव में माता मरियम ने 13 मई 1917 को तीन बच्चों को दर्शन दीं थी ...इस पुण्य ,दर्शन की स्मृति में निर्मित जबलपुर के इस तीर्थस्थल में विभिन्न धर्मावलम्बियों की अपार श्रद्धा , भक्ति एवं आस्था की त्रिवेणी का अद्भूत संगम प्रतिवर्ष देखा जाता है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री श्याम लाल कुशवाहा-** हनुमना रीवा निवासी श्री श्याम लाल कुशवाहा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला जायसवाल-** छोटी ओमती निवासी श्री हरिश्याम जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला जायसवाल (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम गोपाल पटेल-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री राम गोपाल पटेल (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इन्द्रपाल सिंह ठाकुर-** वल्दी कोरी की दफाई शीतलामाई निवासी श्री इन्द्रपाल सिंह ठाकुर (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छोटे लाल रान-** क्षेत्रीय बस स्टैंड के पास दमोहनाका निवासी श्री छोटे लाल रान (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कल्लो बाई प्रजापति-** द्वारका नगर कछियाना लालमाटी निवासी श्री टेकचंद प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती कल्लो बाई प्रजापति (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मालती सिंह-** जसूजा सिटी धनवंतरी नगर निवासी श्री एसएन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती मालती सिंह (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. हर्षता खटीक-** सिंधी कैंप पुलिस चौकी के पास निवासी श्री कमलेश खटीक की पुत्री कु. हर्षता खटीक (09) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय तिवारी-** प्रोफेसर कॉलोनी सुहागी अधारताल निवासी श्री शिव शरण तिवारी के पुत्र श्री अजय तिवारी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नन्दू चौधरी-** ठक्कर ग्राम सिंधी कैंप निवासी श्री नन्दू चौधरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुशील बाथरे-** नर्मदा नगर पोलीपाथर निवासी श्री सुशील बाथरे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता चौधरी-** छुई खदान मडैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री विजय चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता चौधरी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नीरा कुमार-** नयागांव रामपुर निवासी श्री प्रवीण कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती नीरा कुमार (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# कटनी एसपी के खिलाफ शहर के अधिवक्ता ने दी शिकायत

## दमोह में पदस्थ तहसीलदार ने लगाया पारिवारिक विखंडन का आरोप

**जबलपुर,देशबन्धु।** कटनी जिले के पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के खिलाफ लगे आरोपों की जांच शुरू हो गई है। दमोह जिले में पदस्थ तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शर्मा के परिवारिक विखंडन को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्रालय दिल्ली में शिकायत की गई है। शिकायत के बाद भारत सरकार के अवर सचिव चंदन कुमार ने राज्य सरकार के प्रमुख सचिव को जांच के निर्देश देते हुए राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई से प्रार्थी को अवगत कराने के लिए कहा है। दरअसल यह पूरा मामला कटनी में पदस्थ नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती

ख्याति मिश्रा से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। उनके पति शैलेन्द्र बिहारी शर्मा दमोह जिले में तहसीलदार के पद पर पदस्थ हैं। शैलेन्द्र बिहारी शर्मा ने ही पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन पर उनके परिवार के विखंडन का आरोप लगाया है। उनकी ओर से जबलपुर निवासी एडवोकेट देवेन्द्र शर्मा ने मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक, जबलपुर के पुलिस महानिरीक्षक को दी गई शिकायत में बताया है कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन अपने पद का दुरुपयोग करते हुए उनके भतीजे डॉ शैलेन्द्र बिहारी शर्मा के पारिवारिक विखंडन की कोशिश कर रहे हैं। एसपी द्वारा द्वारा धमकियां दी जा रही है, जिसकी पूर्व में ही शिकायत की जा चुकी है। शिकायतों में कहा गया है कि 15 अ टूबर 2024 को एसपी द्वारा डॉ. शैलेन्द्र विहारी शर्मा की पत्नी को दबाव में रखकर उसके मोबाइल में व्हाट्सएप डाउनलोड करवाया और उसमे डॉ. शैलेन्द्र बिहारी शर्मा को रास्ते से हटाने के लिए मैसेज भेजा था। इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने पारिवारिक विखंडन एवं धमकाने के उद्देश्य से डॉ. शैलेन्द्र बिहारी शर्मा के ससुर नागेन्द्र मिश्रा से लगभग डेढ़ घंटे बात की।

**कई महीने से रच रहे साजिश**

तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शमां ने शिकायत में कहा कि एसपी अभिजीत कुमार रंजन पिछले कई महीने से उनकी हत्या की साजिश रच रहे हैं। पुलिस विभाग के सभी संसाधनों का उपयोग उनके खिलाफ किया जा रहा है। उनकी और उनके परिवार की मोबाइल लोकेशन एवं सीडीआर निकाली जा रही है। इससे उनका पूरा परिवार दहशत में है।

**उच्च स्तरीय जांच की मांग**

तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शर्मा की ओर से उनके चाचा जबलपुर निवासी एडवोकेट देवेन्द्र शर्मा ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय को भेजी गई शिकायत में कहा कि प्रस्तुत साक्ष्य के साथ पूर्व में ही दिए गए समस्त मस्त आवेदन की न्यायिक जांच उच्च स्तरीय समिति गठित कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की गई थी। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को भेजी गई शिकायत

पर कोई कार्यवाही नहीं होने के उपरात केन्द्रीय गृह मंत्रालय में शिकायत दी गई, जिस पर मध्यप्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव को जांच के निर्देश दिए गए हैं।

**ससुर को बुला कर होटल में किया प्रताडित**

तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शर्मा ने शिकायत में आरोप लगाया कि कटनी एसपी ने अपने पद का दुरूपयोग करत हुए 31 जनवरी 2025 को मेरे ससुर नागेन्द्र मिश्रा को जिला मऊगंज से कटनी बुलवाकर होटल टीजीएस में रात 9 बजे से 12.30 बजे तक प्रताड़ितपीपी किया। यह सब परिवार को तोडने् दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है। उन पर अनावश्यक दबाव बनाया गया। धमकियों से ससुर नागेन्द्र मिश्रा वहीं पर बेहोश हो गए।

# क्रिकेट पर ऑनलाइन सट्टा खिलाते 3 धराए

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोहलपुर थाना पुलिस ने क्राइम ब्रांच की टीम के साथ आनलाईन क्रिकेट का सट्टा खेलते एवं खिलाते 3 सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 4 मोबाईल, चार्जर पावर बैंक, डाटा केवल, रिमोट, सेटटॉप बाक्स 1 एलसीडी एवं 19 हजार रूपये नगद जब्त किए गए। टीआई गोहलपुर प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान पतासाजी कर क्रिकेट का सट्टा खिलाने वाले सटोरियों की धरपकड़ हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं सभी थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया है। आदेश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात/अपराध सोनाली दुबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर सुनील नेमा तथा नगर पुलिस अधीक्षक केण्ट/अपराध उदयभान बागरी के मार्गदर्शन में थाना क्राईम ब्रांच एंव गोहलपुर की संयुक्त टीम द्वारा क्रिकेट का सट्टा खेलने वाले सटोरियों को रंगे हाथ पकड़ते हुये एक एलसीडी, 4 नग मोबाइल तथा नगदी 19 हजार रुपये जब्त किये गये।



श्रीमती मार्को ने बताया कि बीती रात क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि चंडालभाटा साई मंदिर के पास स्थित श्री राधा होटल के रूम नम्बर 109 में तीन लड़के आईपीएल के चेन्नई सुपर किंग विरूद्ध रॉयल चैलेंजर बैंगलुरू के क्रिकेट मैच में हारजीत पर रूपयों पैसों का दाव लगाकर अवैध लाभ अर्जित कर सट्टा खिला रहे हैं। सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना गोहलपुर की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई। होटल के रूम नम्बर 109 में मुखबिर के बताये अनुसार पलंग में 3 लड़के बैठे मिले सामने चल रही टीव्ही में आईपीएल क्रिकेट मैच चैन्नई वर्सेस बैंगलुरु का चल रहा था। एक लड़का अपने मोबाइल में आईपीएल सट्टा का एप चालू किये हुये था। आरोपियों में एक राधा बल्लभ वार्ड करेली जिला नरसिंहपुर निवासी 32 वर्षीय सुनील उर्फ सोनू कहार, दूसरा गुड़हाई छोटा फुहारा कोतवाली निवासी 27 वर्षीय आकाश गुप्ता एवं तीसरा पंजाब बैंक कालोनी वाईनशॉप के पीछे कोतवाली निवासी 27 वर्षीय सागर जैन था। आरोपी सुनील उर्फ सोनू कहार द्वारा हाथ मे लिये एन्ड्रायड मोबाइल में 777ग्रैंड एक्सचेंज एवं चालू आईडी 5आरवाय9 खुली हुयी मिली। पूछताछ पर आरोपी सोनू ने सट्टा खेलने की बात स्वीकार की, आरोपी सागर जैन द्वारा हाथ में वन प्लस कम्पनी का मोबाइल तथा आकाश के पास कीपेड मोबाइल मिला। तीनों आरोपियों ने सट्टा खेलना स्वीकार किया।

**1 लाख रुपए में आईडी लेकर खिला रहे थे सट्टा-** आरोपी सोनू के एण्ड्रायड मोबाइल में एक अन्य एप डी 9एमोनएक्सचेंज चालू मिला। जिसमे आई डी पीआर99818 खुली मिली जिसके सम्बंध में पूछताछ करने पर आरोपी सोनू ने मास्टर आईडी होना बताते हुये अपनी आईडी 05आरवाय9 दीपक पटवा निवासी करेली जिला नरसिंहपुर से एक माह पहले 30 हजार में तथा मास्टर आईडी 99818 प्रिंस जैन से 50 हजार रूपये में एक माह पूर्व लेना बताया तथा उन्हीं से सट्टा खेलना एवं खिलाना स्वीकार किया। आकाश गुप्ता एवं सागर जैन ने सोनू की आईडी से ही आईपीएल मैच में सट्टा खेलना बताये, आरोपियों के कब्जे से 4 मोबाईल, 1 एलसीडी, मोबाइल चार्जर पावर बैंक, डाटा चार्जिंग केबल, रिमोट, सेटअप बॉक्स एवं 19 हजार रूपये नगद जब्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट तथा 112(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

# युवक की हत्या का प्रयास

## माढ़ोताल क्षेत्र में बीती रात घटना से सनसनी

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल थानांतर्गत भवन निर्माण का कार्य करने वाले एक युवक पर बीती रात दो युवकों ने चाकू से हत्या का प्रयास किया। घायल युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी का माहौल हैं। घायल युवक की रिपोर्ट पर दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में घायल शंकर नगर करमेता निवासी 37 वर्षीय अनमोल शर्मा उर्फ बंटू ने पुलिस को बताया कि वह बिल्डिंग वर्क का काम करता हैं। 3 मई की रात करीब साढ़े 8 बजे अनमोल अपने घर के बाहर बैठा था तभी वहां 19-20 साल के दो युवक पहुंचे और उससे नक्षत्र नगर का पता पूछने लगे। अनमोल उन युवकों को पता बता ही रहा था कि उनमें से एक लड़के ने पेंट की जेब से चाकू निकालकर अनमोल की हत्या करने की नीयत से उसके पेट में चाकू से हमला कर दिया। जिससे अनमोल वहीं गिर पड़ा एवं दोनों हमलावर युवक वहां से भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

## दूधवाले से मारपीट

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थानांतर्गत जेपी मेमोरियल स्कूल के पास एक दूधवाले के साथ शराब पीने के लिए रुपए न देने पर दो बदमाशों ने मारपीट कर दी। पुलिस के अनुसार इस मामले में बड़ा पत्थर रांझी निवासी 39 वर्षीय नीरज यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई। नीरज ने पुलिस को बताया कि वह दूध बेचने का काम करता हैं। रविवार दोपहर ढ़ाई बजे वह जेपी मेमोरियल स्कूल के पास अपने साथी जय पाठक एवं खत्रे चौधरी के साथ बातचीत कर रहा थी। इसी दौरान आरोपी सुधीर ठाकुर एवं ऋतिक ठाकुर वहां पहुंचे और नीरज से शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए मांगने लगे। रुपए न देने पर आरोपियों ने नीरज के साथ गालीगलौज की इसी दौरान सुधीर ठाकुर ने उसे पकड़ लिया तथा रितिक ठाकुर ने चाकू से हमलाकर दाहिने जांघ में चोट पहुंचा दी।

# पति, सास, ससुर, देवर के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** अधारताल थाना पुलिस ने एक नवविवाहिता की शिकायत पर उसे प्रताड़ित करने के आरोपी में उसके आरोपी पति, सास, ससुर एवं देवर के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस के अनुसार इस संबंध में मूलतः ग्राम पठरा उमरिया एवं वर्तमान में सुहागी, अधारताल में रह रहीं 25 वर्षीय श्रीमति आकांक्षा काछी ने लिखित शिकायत दी। शिकायत में आकांक्षा ने बताया कि उसका विवाह नवम्बर 2024 को सामाजिक रीति रिवाज से ग्राम पठरा उमरिया निवासी आनंद काछी के साथ हुआ था। शादी में उसके पिता ने अपनी सामर्थ्यानुसार चार पहिया वाहन, सोना चांदी, नगदी एक लाख रुपये एवं गृहस्थी का सामान दिया था। उसके पति कोलकाता में एनजीटी विभाग में स्टेनोग्राफर के पद पर नौकरी करते हैं।

इसी बात को लेकर शादी के कुछ समय बाद से सास सुमन बाई, ससुर मिसी लाल, देवर अमित काछी आये दिन ताने देने लगे कि आनंद सरकारी नौकरी में हैं उसके पिता ने दहेज में बहुत कम सामान तथा पैसा दिया है उसके पति भी कहने लगे अपने भाई एवं पिता से 1-1 लाख रूपये और मांगो। आकांक्षा ने मना किया तो उसके साथ आरोपियों ने मारपीट की। वह अपने पति के साथ पति के कार्यस्थल न्यू टाउन कोलकाता गई थी। वहां पर भी यही ताना देकर मारपीट करते थे तथा वापस गांव ले आये बोले कि वह शहर में रहने लायक नहीं हैं। पति, सास, ससुर तथा देवर सभी दहेज में 1-1 लाख रूपये मायके से लाने को कहने लगे वह परेशान होकर वह अपने मायके सुहागी आ गयी थी। लिखित शिकायत पर पति, सास, ससुर, देवर के विरूद्ध धारा 85 बीएनएस तथा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का किया निरीक्षण

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित जबलपुर आगमन एवं कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुये रविवार को कलेक्टर जबलपुर दीपक सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा कार्यक्रम स्थल तथा मझौली एवं पाटन पवई धाम स्थित हैलीपेड पहुंचकर लगायी गयी व्यवस्था का लिया जायजा एवं उपस्थिति अधिकारियों को व्यवस्थाओं के सम्बंध में दिये आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जबलपुर आगमन एवं कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रस्तावित आगमन एवं कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुये रविवार को कलेक्टर जबलपुर दीपक सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय ने ग्राम रिमझा जहां कथा चल रही है एवं मझौली थाना अंतर्गत हेलीपैड का निरीक्षण करने के उपरांत मझौली थाना अंतर्गत श्री विष्णु वराह मंदिर के बाद कटंगी होते हुए पाटन थाना अंतर्गत पवई धाम में हेलीपैड का भ्रमण कर लगायी गयी व्यवस्था का जायजा लेते हुये की जाने वाली व्यवस्थाओं के सम्बंध मे मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# जिला अदालत में डिजिटल कोर्ट का उद्घाटन

**जबलपुर,देशबन्धु।** न्यायपालिका के आधुनिकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, रविवार को ज़िला एवं सत्र न्यायालय, जबलपुर में डिजिटल कोर्ट का उद्घाटन सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जे.के. महेश्वरी, और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के कांफ्रेंस खंड में आयोजित इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा ने भी भाग लिया।




**पेपरलैस अदालतों की परिकल्पना का उद्देश्य**-इस पहल का उद्देश्य पेपरलेस अदालतों की परिकल्पना को आगे बढ़ाना, न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, दक्षता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के ओटीटी प्लेटफॉर्म का शुभारंभ था। जो ज़िला न्यायालय की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग को सक्षम करेगा, जो न्यायिक मर्यादा और सुरक्षा को बनाए रखते हुए न्याय तक सार्वजनिक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक अग्रणी कदम है।

**सुनवाई और निराकरण में आएगी तेजीः चीफ जस्टिस**-चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने डिजिटल कोर्ट प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें कागज़ के उपयोग को कम करने और मुकदमों की सुनवाई और निपटान में तेज़ी लाने के लिए न्यायिक दस्तावेजों के डिजिटलीकरण में इसकी भूमिका पर ज़ोर दिया गया। यह पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण व्यापक पर्यावरण संरक्षण लक्ष्यों के अनुरूप है।

**न्यायपालिका का तकनीकी नवाचारः जस्टिस सचदेवा**-जस्टिस संजीव सचदेवा, ने आईटी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय भारत की न्यायपालिका में तकनीकी नवाचार में सबसे आगे है। कार्यक्रम में न्यायपालिका के समर्पित ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रसारित अदालती कार्यवाही का सीधा प्रदर्शन किया गया, जिससे न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और वादियों को एक सुरक्षित, डिजिटल वातावरण में निर्बाध रूप से जुडने् की अनुमति मिली। यह पहल एक अधिक सुलभ, कुशल और टिकाऊ न्यायिक प्रणाली के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो पूरे देश की अदालतों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करती है।

**ये रहे उपस्थित**-कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ, जबलपुर के जस्टिस अतुल श्रीधरन, जस्टिस विवेक अग्रवाल, जस्टिस विशाल धगत, जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी, जस्टिस द्वारकाधीश बंसल, जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल,जस्टिस अनुराधा शुक्ला, जस्टिस अचल कुमार पालीवाल, जस्टिस अवींद्र कुमार सिंह, जस्टिस विनय सराफ, जस्टिस विवेक जैन, जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल, जस्टिस देवनारायण मिश्रा और जस्टिस विवेक रूसिया, खंडपीठ इंदौर के न्यायाधीश ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। इसके अतिरिक्त, ग्वालियर और इंदौर खंडपीठों के न्यायाधीशगण भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश राज्य भर के ज़िला और तहसील मुख्यालयों पर पदस्थ सभी न्यायिक अधिकारियों भी ज़िला न्यायपालिका में तकनीकी उन्नति के उदय के साक्षी वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से रहे।

# अब हाइटेक हो सकती हैं पुलिस की जांच

## 25 हजार विवेचकों को मिलेगा टैबलेट

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस विभाग के शहर के साथ प्रदेश भर के विवेचना अधिकारी जल्द ही हाइटैक नजर आएंगे। ये न सिर्फ हाइटैक नजर आएंगे बल्कि इनकी जांच भी हाइटैक होने जा रही हैं। दरअसल जिले के साथ ही प्रदेश भर के 25 हजार से अधिक विवेचना अधिकारियों को शासन की ओर से जल्द ही टैबलेट उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस संबंध में शासन की ओर से टैंडर भी जारी कर दिए गए हैं। जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि पुलिस की जांच अब और भी हाईटेक होगी। प्रदेश के 25 हजार से अधिक जांच अधिकारियों को टैबलेट देने के लिए पुलिस मुख्यालय ने टेंडर जारी किया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही टैबलेट खरीदी की प्रक्रिया शुरू होगी।

## जांच को प्रभावी और पारदर्शी बनाने की कवायद

प्रदेश पुलिस अपराध की जांच को और प्रभावी और पारदर्शी बनाने की कवायद में जुटी हुई है। पुलिस विभाग ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक से लैस करने उन्हें टैबलेट देने की योजना बनाई है। बताया जा रहा हैं कि टैबलेट में नक्शा मौका, एफआईआर, गिरफ्तारी फॉर्म रियल टाइम भरे जा सकेंगे। अदालत में वर्चुअल पेशी होगी। तलाशी की वीडियोग्राफी भी अनिवार्य होगी। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में 1700 से अधिक टैबलेट बांटे गए थे। तीन साल के अंदर प्रदेश की 425 थानों में 50 हजार से अधिक एफआईआर दर्ज हुई। सबसे ज्यादा जीआरपी ने मामला दर्ज किया। इनमें अधिक से अधिक चलती ट्रेनों में केस दर्ज हुए है।

# बारात में नाचते युवक से मारपीट

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोहलपुर थानांतर्गत चंडालभाटा में एक बारात में नाचते युवक के साथ शराब पीने के पैसों की मांग कर दो युवकों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। घायल का उपचार कराते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी हैं। पुलिस के अनुसार इस मामले में बाबाटोला, हनुमानताल निवासी 20 वर्षीय अनुज चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार पेसे से मजदूर अनुज ने बताया कि वह 1 मई की रात करीब 1 बजे अपने चाचा दीनानाथ चौधरी के बेटे रोहन चौधरी की बारात में चंडालभाट के पास गौशाला गया था। विवाह में नाचते समय आरोपी प्रकाश चौधरी एवं सुमित चौधरी ने उससे शराब पीने के लिए 2 सौ रुपए मांगे एवं न देने पर आरोपी सुमित गाली गलौज करने लगा। अनुज ने गालियां देने से मना किया तो आरोपी प्रकाश चैधरी ने उसका हाथ पकड़ा तथा सुमित चौधरी ने चायना चाकू से हमलाकर दोनों पैर की जांघ में चार बार मारकर चोट पहुंचा दी तथा दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। घायल अनुज को पहले शासकीय अस्पताल विक्टोरिया एवं चोटें गंभीर होने की वजह से मेडिकल कालेज रैफर किया गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# नीट के 27 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण हुई परीक्षा

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर में आयोजित हुई नीट परीक्षा के 27 केन्द्रों शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों में 27 नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। इन अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी द्वारा ड्यूटी के सम्बंध में ब्रीफ किया। पुलिस कन्ट्रोल रूम में नीट परीक्षा ड्यूटी मे लगे 27 नोडल अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में ब्रीफ करते हुए श्री कलादगी ने बताया कि 27 परीक्षा केन्द्रों हेतु 27 नोडल अधिकारी के अतिरिक्त थानों एवं पुलिस लाईन से लगभग 200 का बल लगाया गया हैं। परीक्षा केन्द्रों के बाहर भी आवश्यकतानुसार वीडियो ग्राफी करायी जायेगी। परीक्षा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक जाम न लगे इस हेतु यातायात का बल भी लगाया गया हैं। परीक्षा केन्द्रा में इलेक्ट्रानिक /कम्यूनिकेशन डिवाईस ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है जिस हेतु परीक्षा केन्द्रो के प्रवेश द्वार पर सभी की चैकिंग , फ्रिस्किंग की जायेगी। उन्होंने कहा कि ड्यूटी अति महत्वपूर्ण है सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई चूक नहीं होनी चाहिये। आदेश के परिपालन में रविवार को प्रश्नपत्रों को परीक्षा केन्द्रों तक सशस्त्र बल के साथ पहुंचाया गया एवं परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं को लॉकर रूम तक सुरक्षा इंतजाम के साथ ले जाया जाकर जमा किया गया। सभी परीक्षा केन्द्रो में चैकिंग एवं फिस्किंग की गयी जिससे परीक्षा निर्विवाद एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। श्री कलादगी द्वारा परीक्षा केन्द्रो का भ्रमण करते हुये लगायी गयी व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा अच्छी ड्यूटी के लिये बधाई दी।

# फैक्ट्री कर्मी के साथ मारपीट

**जबलपुर,देशबन्धु।** घमापुर थानांतर्गत शीतलामाई में बीती रात एक फैक्ट्री कर्मी के साथ क्षेत्र के तीन बदमाशों ने शराब पीने के लिए रुपए न देने पर मारपीट कर दी। पुलिस के अनुसार इस मामले में दीपक डेरी के पीछे कांचघर, घमापुर निवासी 506 आर्मी बेस वर्कशॉप कर्मी 55 वर्षीय अशोक कुमार कोल ने रिपोर्ट दर्ज कराई। अशोक ने बताया कि बीती रात करीब साढ़े 10 बजे वे ई-रिक्शा से अपने साथी अनिल श्रीवास के साथ शीतलामाई जा रहे थे। वे जैसे ही रामलाल डेरी के सामने पहुंचे आरोपी बाबिल कुचबंधिया उर्फ बाबी तथा अन्य 2 लड़कों ने उसकी गाड़ी रोक लिये एवं विवाद कर गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो तीनों शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे। रामलाल ने पैसे देने से मना किया तो तीनों हाथमुक्कों से मारपीट करने लगे तथा उसकी गाडी गिरा दिये एवं जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(3), 126(2) 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# गक्कड़ भर्ता कार्यक्रम में न बुलाने पर सिर फोड़ा

**जबलपुर,देशबन्धु।** खमरिया थानांतर्गत आमाखोह खमरिया में गक्कड़ भर्ता कार्यक्रम में न बुलाने पर एक पड़ोसी ने दूसरे के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार इस मामले में आमाखोह खमरिया निवासी 38 वर्षीय नीलेश पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पेशे से खेती किसानी का काम करने वाले नीलेश ने पुलिस को बताया कि रविवार दोपहर 3 बजे अपने परिवार के साथ वह घर के सामने गक्कड़ भर्ता बनाकर खा रहा था। इसी दौरान पड़ोसी राकेश कुशवाहा शराब पीकर वहां पहुंचा और गक्कड़ भर्ता के कार्यक्रम में उसे न बुलाने पर विवाद करने लगा। नीलेश ने उसके शराब पीकर वहां आने पर आपत्ति जताते हुए घर जाने कहा तो आरोपी राकेश ने उसके साथ गालीगलौज कर ईंट का टुकड़ा उठाकर सिर में मारकर चोट पहुँचा दी। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# ट्रक के ब्रेक लगाने से टकराई ट्रैवलर, 17 में से 10 यात्री घायल

## नासिक से प्रयागराज जाते समय हादसा

**सिवनी, देशबन्धु।** जिले में नेशनल हाईवे-44 पर छपारा बायपास के पास एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। नासिक से प्रयागराज और बोधगया की यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं की ट्रैवलर वाहन एक ट्रक से टकरा गई।

दोपहर करीब 3 बजे की यह घटना है। ट्रैवलर में कुल 17 यात्री सवार थे, जिनमें महिलाएं, बच्चे और पुरुष शामिल थे। हादसा तब हुआ जब आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे ट्रैवलर वाहन ट्रक से टकरा गई और बेकाबू होकर सड़क से खेत में जा घुसी।




प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। छपारा पुलिस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में 10 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 8 को मामूली चोटें आई हैं, जबकि 2 लोगों का गंभीर हालत में इलाज जारी है। छपारा थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। साथ ही घायलों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार का कहना है कि सूचना मिली थी कि सड़क हादसे में ट्रैवलर वाहन में सवार 10 लोगों को चोटें आई है। जिनमें से 8 लोगो को हल्की फुल्की चोट है और दो लोगों इलाज जारी है। फिलहाल घटनाक्रम की जांच की जा रही है और घायलों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

## जुआ खेलते 6 जुआरी गिरफ्तार, 4 फरार

**सिवनी।** पुलिस ने कार, मोबाइल सहित 17.86 लाख रुपए का माल जब्त किया। सिवनी जिले की कान्हीवाड़ा पुलिस ने रविवार को भुरकुंडी गांव में चल रहे जुआ फड़ पर दबिश दी। मौके से 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया, जबकि 4 आरोपी फरार हो गए। थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम ने बताया कि पुलिस ने मौके से 83,000 रुपए नकद, 98,000 रुपए कीमत के 7 मोबाइल फोन और 16 लाख रुपए की हुंडई क्रेटा कार भी जब्त की। कुल जब्त संपत्ति की कीमत 17.86 लाख रुपए है।

# शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर मा. विद्यालय सिहोरा में समर कैम्प का आयोजन

**सिहोरा, देशबन्धु।** सांदीपनि पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय सिहोरा में शासन के निर्देशानुसार दिनांक 01 मई 2025 से 13 मई 2025 तक समर कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में कक्षा 3 से 12 तक के कुल 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है।



समर कैंप में बच्चों को विभिन्न रचनात्मक और शारीरिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि के अंतर्गत श्रीमती वर्षा साहू बच्चों को कला और शिल्प की बारीकियां सिखा रही हैं, जिससे उनकी रचनात्मकता को नया आयाम मिल रहा है। वहीं, श्री अशोक कुमार राय के मार्गदर्शन में खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक हैं।

सुधा उपाध्याय द्वारा योगा और ध्यान की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली और एकाग्रता के महत्व के बारे में जानने को मिल रहा है। इसके अतिरिक्त, संगीत गतिविधि के माध्यम से बच्चे अपनी गायन और वादन कला को निखार रहे हैं। विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रतिदिन बच्चों को पौष्टिक रिफ्रेशमेंट प्रदान किया जा रहा है। प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय ने समर कैंप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों से कहा कि वे इन गतिविधियों में पूरी तल्लीनता से भाग लें और नए कौशल सीखें। उप प्राचार्य श्री शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने भी बच्चों को नियमित रूप से समर कैंप में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

## सार-समाचार

### आचार्यश्री समय सागर महाराज के सानिध्य में पंचकल्याणक के पात्रों का हुआ चयन

**पनागर, देशबन्धु।** नगर में 14 मई से आयोजित होने जा रहे श्री पंचकल्याणक सप्त गजरथ महोत्सव के आयोजन में आज बड़े जैन मंदिर प्रांगण में पूज्य संत शिरोमणि आचार्य 108 समय सागर महाराज जी के सानिध्य में मुख्य पात्रों का चयन किया गया सभी ने सपरिवार आचार्य श्री के समस्त श्रीफल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। आचार्य गुरुवर का पद प्रक्षालन का सौभाग्य संतोष सिंघई सुदर्शन सिंघई परिवार को प्राप्त हुआ। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव

पात्र चयन मैं माता-पिता पवन शालनी लसगरी परिवार सौधर्म इन्द्र सवाई सिंघई मिलन कुमार नमन कुमार पल्लवी सिवनी कुबेर इंद्र मुल्क राज बॉम्बे हॉस्पिटल परिवार महायज्ञनायक सिंघई सौभाष चंद जैन जैन मेडिकल मेडिको परिवार जबलपुर राजा श्रेयांश आनंद कुमार श्रीमती पुष्पा लसगरी परिवार राजा सोमप्रभ राजेंद्र बड़कुल श्रीमति शोभा बड़कुल बड़कुल परिवार भरत चक्रवर्ती अनिल कुमार मीना गोटिया परिवार बाहुबली विजय कुमार चौधरी प्रीति जैन



ब्रह्मचारी संजय भैया परिवार द्वितीया यज्ञनायक प्रभात लसगरी शालिनी लसगरी लसगरी परिवार महामंडलेश्वर डॉ. चक्रेश सिंघई सुमन सिंघई को सौभाग्य प्राप्त हुआ नगर के लोगों ने सभी पात्रों के पुण्य की अनुमोदना की कार्यक्रम का सफल संचालन विधानचार्य ब्रह्मचारी विनय भैया बडा एवं अध्यक्ष राजेश कटंगा पंपी ने किया कार्यक्रम में ब्रह्मचारी भैया बहन के अलावा नगर के वरिष्ठ संतोष चौधरी शरद खजांची प्रदीप चौधरी राजू मोदी दाल मिल अंकित जैन विद्याधर खजांची हेनु चौधरी आयुष्मान बड़कुल राहुल मोदी नैपी चौधरी अमन चौधरी श्रेष्ठ मोदी सुनील ऋषभ सोतू चौधरी युवा जन उपस्थित थे।

### सांप्रदायिकता के खिलाफ एक दिवसीय उपवास रखा गया

**शहपुरा, देशबन्धु।** प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर सांप्रदायिक नहीं धर्मनिरपेक्ष बनने के मद्देनजर जिला शहर कांग्रेस कमेटी जबलपुर द्वारा गांधी टाउन हॉल में सांप्रदायिकता के खिलाफ एक दिवसीय उपवास रखा गया। आज देश में व्याप्त भय असुरक्षा और अस्थिरता का मुख्य कारण हमारा चिंतन ही हमारा विरोध होगा आइए जबलपुर से उठे इस चिंतन शिविर संदेश को पूरे देश में गूंजने दें एक धर्मनिरपेक्ष शांति पूर्ण और एकजुट भारत के निमार्ण हेतु, सांप्रदायिक नहीं बल्कि धर्मनिरपेक्ष बनेइसी तारतम्य में महात्मा गांधी प्रतिमा टाउन हॉल में एक दिवसीय उपवास। दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक



उपवास चला इस कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, टीकाराम कोष्टा, झूल्लेलाल जैन, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम अमरीश मिश्रा, आरिफ बेग, शिवकुमार चोबे , रमेश वेन,पी पी पटेल, गुड्डू नवी,नेम चंद, बृजेश दुबे, सतीश तिवारी, राजेन्द्र पिल्ले, महीला नेत्री कमलेश यादव, गीता शरद तिवारी ,अशरफ मंसूरी,,,अलीम मंसूरी प्रदेश कोऑर्डिनेटर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी विभाग अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस की ओर से प्रदेश महामंत्री मध्य प्रदेश सरदार दलवीर सिंह जस्सल सुमन कुमार जैन राजकुमार जैन मामाजी अतुल जोसेफ राजेंद्र जैन बंधु नेक राम पटेल निर्मल चंद जैन मार्को बाबा हाजी हामिद खान दिलावर खान आदि ने इसका पुरजोर समर्थन किया है और अपना समर्थन व्यक्त किया है।

### महिला रिश्तेदार निकली चोर

**रीवा देशबन्धु।** गढ़ थाना स्थित लालगांव चौकी क्षेत्र में हुई ज्वेलरी चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया, जो फरियादी की रिश्तेदार निकली है। पुलिस ने फिलहाल महिला के कब्जे से चोरी किया गया सोने का हार बरामद किया है। दरअसल 2 दिन पूर्व पनगढ़ी गांव निवासी सुशीला यादव के द्वारा घर से ज्वेलरी चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी।

# साधू के वेश में हत्या करने आया था आरोपी



**सतना, देशबन्धु।** नागौद थाना क्षेत्र में पत्नी के प्रेमी को फरसा मारकर मौत के घात उतारने वाला आरोपी साधू के वेश में आया था। पुलिस ने तलाश करते हुए आरोपी की जंगल से गिरफ्तार कर लिया है। कार्यवाही के बाद पुलिस ने आरोपी को रविवार को अदालत में पेश कर दिया। यह कार्यवाही थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पांडेय के नेतृत्व में की गई है।

**यह है मामला**-2 अप्रैल को जीतेन्द्र कुमार शर्मा पिता यादवचन्द्र शर्मा (41) निवासी अलीपुर थाना खेडीमोड भोसावर जिला भरतपुर राजस्थान ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि वह रेलवे लाइन निर्माण में मोदी कांसट्रक्शन कंपनी में सुपरवाइजर है। उसी के पड़ोस में इन्द्रानगर नागौद में गोपाल खरे उर्फ लाला निवासी सुरदहा का रहता था। 2 अप्रैल कि सुबह 8.30 बजे जीतेन्द्र अपने साथी गोपाल खरे उर्फ लाला के साथ उसकी बाइक एमपी 19 एमक्यू 7436 में पीछे बैठकर रेलवे लाइन साइड में काम के लिए जा रहा था। जब कि निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज के पास पहुंचकर साइड की ओर मुड़े कि उसी समय व्यक्ति साधू वेश में हाथ में लोहे का फरसा लिए सामने खड़ा मिला, जिसने रुकने का इशारा किया। उसे देख गोपाल ने गाड़ी से भागने की कोशिश किया तो वह बाइक समेत गिर गया। गिरते ही आरोपी ने फरसा से गोपाल पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

# वेयरहाउस में बोरियों के नीचे दबे दो पल्लेदार, एक की मौत, एक रैफर

**पाटन, देशबन्धु।** जिले के पाटन मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुरैया में स्थित मां कामाख्या वेयर हाउस में एक बड़ा हादसा हुआ है। बताया जाता है कि गेहूं की बोरियों का स्टैक असंतुलित होकर मजदूरों पर गिर गया। हादसे में एक मजदूर बोरियों में दब गया। घटना में एक पल्लेदार की मौत हो गई। वही घायल पल्लेदार की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना के समय वेयरहाउस में लगभग 40 से 50 पल्लेदार अनाज की बोरियों का स्टैक लगा रहे थे। ऊंचाई से बोरियां गिरने से यह हादसा हुआ है। हादसे में 45 वर्षीय बबलू अहिरवार पिता बाराती अहिरवार वार्ड क्रमांक 5 चौधरी मोहल्ला की मौत हो गई। वही घायल धर्मेंद्र उर्फ गुटा निवासी वार्ड क्रमांक 5 चौधरी मोहल्ला पाटन की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना लगभग 4,30 की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पाटन पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक का पीएम होने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

**ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता**- शनिवार को ही प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने करीब 12 करोड़ रूपये की लागत से बने पाटन सिविल अस्पताल





## सिविल अस्पताल में सुरक्षाकर्मी करते हैं इलाज

जिसमें ओपीडी, आईसीयू, एनबीएसयू, एनआरसी, एक्स-रे और पैथालॉजी कक्ष की सौगात देकर ग्रामीणों से कहा था कि अब आपको स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिलेंगे।

आगे श्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना है, ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर ही अच्छा उपचार मिले और उन्हें इलाज के लिये शहर की ओर न जाना पड़े। लेकिन 12 करोड़ों खर्च होने के बावजूद पाटन नगर में रहने वाले नागरिकों एवं ग्रामीणों को इलाज कराने आखिरकार शहर ही जाना पड़ रहा है वही पाटन सिविल अस्पताल में डॉक्टर नदारद रहते है और यहां आने वाले मरीजों को उपचार आज भी यहां पर तैनात सुरक्षा कर्मी ही कर रहे है। ऐसी स्थिति को देखने वाले के मन में एक हो सवाल है कि क्या करोड़ों रुपए के विकास कार्य सिर्फ कमीशनखोरी के लिए पाटन विधान सभा में किए जा रहे हैं। यह बड़ा सवाल है।

# पनागर में भगवान परशुराम और शिवजी, नंदी महाराज की भव्य प्रतिमा स्थापित

**पनागर, देशबन्धु।** ब्राह्मण एकता संगठन पनागर द्वारा भगवान परशुराम जी मंदिर प्रांगण बम्हनौदा रोड में विगत दिनों से तैयारियां चल रही थी,जिसमें भगवान परशुरामजी जी जयंती अक्षय तृतीया को विशाल शोभायात्रा निकाली गई थी मंगलाचरण पूजन,वेदी पूजन, के पश्चात शनिवार को भगवान परशुराम जी भगवान की प्राण प्रतिष्ठा एवं शिव जी और नंदी महाराज की स्थापना की गई एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सम्मन्न हुआ और मत्र उच्चारण के साथ भगवान परशुराम जी की प्रतिमा एवं शिव जी और नंदी महाराज स्थापित की गई इस अवसर पर ब्राह्मण एकता संगठन पनागर के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# फ्रूटी के पाउच में निकले कीड़े, बच्ची की हालत बिगड़ी

**रीवा देशबन्धु।** शहर में पे पदार्थ के रूप में उपयोग किए जाने वाली फ्रूटी के पाउच में कीड़े निकले हैं इसके सेवन से एक मासूम बच्ची की हालत बिगड़ गई हालांकि अब वह खतरे से बाहर है। पीड़ित परिजन इस पूरे मामले में खाद्य विभाग द्वारा कार्रवाई की मांग कर रहे हैं पूरे मामले को लेकर गुल्लू खान निवासी घोघर ने बताया कि वह न्यायालय परिसर के समीप चाय की दुकान संचालित करते हैं उन्होंने बताया कि आज वह अपनी बेटी के लिए गुड़हाई बाजार के चिकन मोहल्ला स्थित अहमद की दुकान से फ्रूटी लिए थे जिसे ले जाकर अपनी बच्ची को दिए उन्होंने बताया कि बच्ची फ्रूटी पी रही थी इसी दौरान पाइप में अचानक कचरा जैसे फस गया जब उन्होंने पाइप को बाहर निकाल कर देखा तो फ्रूटी में कीड़े निकल रहे थे जिसे वह तत्काल लेकर दुकान संचालक के पास पहुंचे तो उन्होंने फ्रूटी बदलने की बात कही इस बीच बच्ची की हालत बिगड़ने लगी जिसे दवाइयां दी गई बच्ची अब पूरी तरह से स्वस्थ है गुल्लू खान ने कहा कि वह चाहते हैं कि किसी और के बच्चे इस तरह से बीमार ना पड़े इसके लिए वह खाद्य विभाग से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं बताया गया है।



# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन टी-250 बाड़े में शिफ्ट

## ग्रामीणों और वनकर्मी पर किए थे हमले, मवेशियों का भी कर रही थी शिकार

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की बाघिन टी-250 को बहेरहा इंक्लोजर में स्थानांतरित कर दिया गया है। 2 मई को जंगल से रेस्क्यू कर बाघिन को बाड़े में रखा गया। बताया जा रहा है कि बाघिन ने ग्रामीणों पर हमले और मवेशियों का शिकार किया था। इस वजह से वन प्रबंधन ने ये फैक जानकारी के मुताबिक, करीब 10 वर्षीय यह बाघिन पहले पनपथा कोर पतौर कोर परिक्षेत्र में रहती थी। इसके बाद में दूसरी बाघिन के साथ संघर्ष के कारण इसने पनपथा बफर और पतौर की सीमा में अपना क्षेत्र बना लिया। संघर्ष में इसकी आंख के पास चोट लगी और शरीर के अन्य हिस्सों में भी निशान पड़े।

**एक महीने से बाघिन पर निगरानी रखी जा रही थी**-21 अप्रैल को बाघिन ने दो ग्रामीणों पर हमला किया। 28 अप्रैल को पैदल गश्त के दौरान एक वनकर्मी को भी घायल कर दिया। पिछले एक महीने से बाघिन पर निगरानी रखी जा रही थी। विशेष रूप से पिछले 10 दिनों में हाथियों और गाड़ियों के साथ पैदल गश्त की जा रही थी।



बाघिन की पहचान उसके शरीर पर बने निशानों से की गई है। बढ़ती उम्र के कारण शिकार में कठिनाई और सुरक्षा को लेकर बाघिन अधिक सतर्क हो गई थी। वर्तमान में बाघिन स्वस्थ है। उसके पूर्व क्षेत्र में अब एक अन्य बाघिन अपने शावक के साथ दिखाई दे रही है।

**बाघिन की आंख के पास चोट के निशान मिले**-बाघिन को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मगधी परिक्षेत्र के बहेरहा इंक्लोजर के छोटे बाड़े में रखा गया गया है। जिसका एरिया लगभग 3 एकड़ हैं। बाड़े में छोड़कर बाघिन टी-250 के व्यवहार पर निगरानी रखी जा रही हैं। बाघिन को एंटीबायोटिक दवाएं साथ ही आंख के पास और शरीर पर चोट के निशान की भी निगरानी रखी जा? रही है।

### क्षेत्र संचालक बोले- बाड़े में स्वस्थ है बाघिन

बाघिन को लेकर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि बाघिन का इलाज किया जा रहा है। अभी इस बात की जांच की जा रही है कि बाघिन वन्य प्राणियों का शिकार कर पा रही है या नहीं। बाघिन बाड़े में स्वस्थ है।बाघिन को इलाज भी किया जा रहा है, साथ ही निगरानी की जा रही है। छोटे बाड़े में रखने का फैसला इसलिए लिया गया है। बाघिन का इलाज और निगरानी आसानी से हो सके और बाघिन को देखा जा सके। बाघिन के क्षेत्र में दूसरी बाघिन दिखाई दी है। इस वजह से इसने अपना क्षेत्र छोड़ा है।

## अमेरिका: पश्चिमी टेक्सास में महसूस हुए भूकंप के झटके, 5.3 रही तीव्रता

पश्चिमी टेक्सास, (आईएएनएस)। पश्चिमी टेक्सास में शनिवार रात (स्थानीय समय) 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने इसकी पुष्टि की। भूकंप शनिवार रात 7ः47 बजे (स्थानीय समय) आया। यह न्यू मैक्सिको के व्हाइट्स सिटी से करीब 35 मील दक्षिण में हुआ, जो टेक्सास के मिडलैंड और एल पासो शहरों के बीच के क्षेत्र में है। यूएसजीएस के अनुसार, इस क्षेत्र में कम आबादी होने के कारण लोगों पर भूकंप का सीमित प्रभाव पड़ा। जिससे भूस्खलन या मिट्टी धंसने की संभावना भी बहुत कम थी। इससे पहले, यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर (ईएमएससी) ने भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी थी और इसका केंद्र टेक्सास के पेकोस से लगभग 50 मील पश्चिम और वैन हॉर्न से 45 मील उत्तर-पूर्व में बताया था। स्वतंत्र वैज्ञानिक निकाय ने एक्स पर बताया कि अगले कुछ घंटों या दिनों में भूकंप के झटके आने की संभावना है। ईएमएससी ने अपने एडवाइजरी में कहा, जब तक जरूरी न हो, अपनी सुरक्षा के लिए क्षतिग्रस्त क्षेत्रों से दूर रहें। सावधान रहें और राष्ट्रीय अधिकारियों की जानकारी का पालन करें।

# समंदर में चीन के साथ उलझ गया यह देश, द्वीप पर कब्जे को लेकर बढ़ा तनाव

जापान और चीन ने पूर्वी चीन सागर में जापानी नियंत्रण वाले उन द्वीपों के आसपास के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का एक-दूसरे पर आरोप लगाया है, जिन पर बीजिंग भी अपना दावा करता है। जापान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि शनिवार को चीन की चार तटरक्षक नौकाओं में से एक से उड़ान भरने वाले एक चीनी हेलीकॉप्टर ने सेनकाकू द्वीप के आसपास जापानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था, तथा लगभग 15 मिनट तक क्षेत्र का उल्लंघन किया था, जिसे लेकर उसने बीजिंग के समक्ष विरोध दर्ज कराया है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई क्षेत्र में घुसपैठ के जवाब में उसने भी लड़ाकू विमान भेजे। चीन नियमित रूप से द्वीपों के आसपास के जलक्षेत्र और वायुक्षेत्र में क्रमशः तटरक्षक जहाजों और विमानों को भेजता है, ताकि क्षेत्र में जापानी जहाजों को परेशान किया जा सके। चीन इन द्वीपों को दियाओयू कहता है।

जापानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने जापान में चीनी दूतावास के समक्ष बहुत गंभीर विरोध दर्ज कराया है। विरोध में कहा गया है कि चीन के तटरक्षक बल की कार्रवाई जापान की



संप्रभुता का उल्लंघन करती है और चीनी सरकार से निवारक उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

चीन ने भी एक बयान में कहा कि उसने भी इसी तरह का कदम उठाया है और जापान के एक नागरिक विमान द्वारा द्वीपों के आसपास उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने पर जापान के समक्ष विरोध जताया है। उसने कहा कि वह जापान द्वारा चीन की संप्रभुता के उल्लंघन से बेहद अप्रसन्न है।

# गाजा में 'फाइनल वॉर' की आहट? नेतन्याहू ने विदेश दौरा रद्द कर फौजी ताकत झोंकी

**तेल अवीव।** गाज़ा में 18 महीने से जारी जंग के बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा कदम उठाया है। नरसंहार के आरोपों और अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच नेतन्याहू सरकार ने हजारों सैनिकों को मैदान में उतारते हुए ऑपरेशन विस्तार की तैयारी शुरू कर दी है। सुरक्षा कैबिनेट की अहम बैठक के बाद इस फैसले पर मुहर लगी है, वहीं हालात की गंभीरता को देखते हुए नेतन्याहू ने अपना विदेश दौरा भी रद्द कर दिया है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, इजरायल की योजना है कि आने वाले दिनों में हजारों सैनिकों को युद्ध में उतारा जाए, जिसकी पुष्टि एक वरिष्ठ सूत्र ने की है। यह फैसला प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सुरक्षा कैबिनेट की बैठक के बाद लिया गया। वर्तमान में इजरायली सेना और टैंक गाजा के लगभग एक-तिहाई हिस्से पर काबिज हैं और दो मिलियन से अधिक आबादी के लिए मानवीय सहायता में रुकावट बनी हुई है। दूसरी ओर, हमास अब भी गाजा में नियंत्रण में है और 59 बंधकों में से 24 जीवित बताए जा रहे हैं, जिन्हें 7 अक्टूबर 2023 के हमले में अगवा किया गया था।

**अमेरिका और इजरायल में सांठगांठ**

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ 12 मई को इजरायल पहुंच सकते हैं और नेतन्याहू व रक्षा मंत्री इज़राइल काट्ज़ से मुलाकात करेंगे। वहीं नेतन्याहू ने 7 मई से शुरू होने वाला अजरबैजान का दौरा रद्द कर दिया है, जिसकी वजह गाजा और सीरिया में बिगड़ते हालात बताए जा रहे हैं।

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 13 मई से मध्य पूर्व दौरे पर जाएंगे, जिसमें सऊदी अरब, क़तर और अबूधाबी शामिल हैं, लेकिन इजरायल नहीं। गौर करने वाली बात यह भी है कि नेतन्याहू की गठबंधन सरकार के कट्टरपंथी नेता बेज़ालेल स्मोतरीच ने हमास को पूरी तरह खत्म करने की मांग की है — भले ही इसके लिए बंधकों की जान जोखिम में क्यों न पड़े। मगर कान न्यूज के हालिया सर्वे के मुताबिक, ज्यादातर इजरायली अब युद्ध का अंत और बंधकों की सुरक्षित वापसी चाहते हैं।

## आज का इतिहास

1479- सिखों के तीसरे गुरु अमरदास का जन्म।
1818- महान विचारक, इतिहासकार और जाने माने जर्मन अर्थशास्त्री कार्ल मार्क्स का जन्म।
1821- चर्च के वर्चस्व को ढहाने और यूरोप को विज्ञान व बहुसंस्कृति की ओर मोड़ने वाले नेपोलियन का निधन।
1916- भारत के पूर्व राष्टपति ज्ञानी जैल सिंह का जन्म।
1961- अमेरिका के पहले अंतरिक्ष यात्री कमांडर ऐलन शेपर्ड अपने अंतरिक्ष यान से अटलांटिक महासागर में उतरे। उन्हें एक हेलिकॉप्टर ने पानी से बाहर निकाला और शेपर्ड ने अपनी इस यात्रा को 'शानदार सैर' करार दिया।
1980- लंदन में स्थित ईरानी दूतावास को कुछ हमलावरों के कब्जे से आजाद कराया गया। ब्रिटिश एसएएस कमांडो ने पांच हमलावर ईरानी बंदूकधारियों को मार डाला और एक को हिरासत में लेकर इस नाटक का अंत किया।
2005- ब्रिटेन में लेबर पार्टी के नेता टोनी ब्लेयर ने तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभाला।
2006- संगीत के जादूगर कहे जाने वाले संगीत निर्देशक नौशाद अली का निधन।

## सुडोकू 6903

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 7 |
| 8 | 2 | | | | | 6 | 9 | |
| | | 4 | | 3 | | 5 | 2 | |
| | | 2 | | | 9 | 1 | 6 | |
| 3 | | | 1 | | 6 | | | 2 |
| | 1 | 8 | 2 | | | 7 | | |
| | 4 | 5 | | 2 | | 3 | | |
| | 8 | 6 | | | | | 1 | 5 |
| 7 | | | | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# ब्रिटेन को भी दहलाने की साजिश कर रहे थे आतंकी

ब्रिटेन में आतंकवादी हमले की योजना बनाने के संदेह में चार ईरानी नागरिकों सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया गया। यह जानकारी मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने दी। बयान में कहा गया कि आतंकवाद रोधी पुलिस ने सक्रिय जांच के अंतर्गत आतंकवाद संबंधी अपराधों के संदेह में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसका नेतृत्व मेट्रोपोलिटन आतंकवाद रोधी कमान कर रही है। गौरतलब है कि पांचवें व्यक्ति की नस्ल का पता लगाया जा रहा है। वे सभी अभी हिरासत में हैं। हिरासत में लिए गए लोगों की उम्र 29 से 46 वर्ष के बीच है। जांच के दौरान पुलिस लंदन, स्विंडन और ग्रेटर मैनचेस्टर में भी तलाशी ले रही है। पहलगाम में हुए आतंकी हमलों के बाद ब्रिटेन ने खुलकर भारत का समर्थन किया है। ब्रिटेन ने कहा कि आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में वह खुलकर भारत के साथ है। ब्रिटेन में बडी संख्या में पाकिस्तानी भी रहत हैं। हालांकि गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में कोई भी पाकिस्तान का नहीं है। भारत और पाकिस्तान के तनाव का असर भी लंदन की सड़कों पर दिखाई दे रहा है। खालिस्तानी भी बार-बार सड़कों पर उतरते हैं। इसके बाद भारत समर्थक उन्हें उनकी ही भाषा में जवाब देते हैं। ब्रिटेन ने यह भी कहा था कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने में भी वह सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है।

## इजरायली प्रधानमंत्री ने अजरबैजान यात्रा स्थगित की

**यरूशलम, (आईएएनएस)।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अजरबैजान की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी है। उनके कार्यालय की ओर से यह जानकारी साझा की गई। शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि गाजा पट्टी और सीरिया में हालिया घटनाक्रम के साथ-साथ व्यस्त राजनीतिक और सुरक्षा कार्यक्रम के कारण प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अजरबैजान की अपनी यात्रा को स्थगित कर बाद की तारीख के लिए टाल दिया है। प्रधानमंत्री ने अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव को उनके निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया तथा दोनों देशों के बीच मधुर संबंधों की सराहना की। हालांकि, इजरायली समाचार वेबसाइट वाल्ला और अन्य इजरायली मीडिया ने बताया कि दौरे को रद्द करने का कारण तुर्की द्वारा नेतन्याहू के विमान को अजरबैजान की राजधानी बाकू जाते समय अपने क्षेत्र से उड़ान भरने की अनुमति देने से इनकार करना था। नेतन्याहू के करीबी सूत्रों का हवाला देते हुए वेबसाइट ने कहा कि उनके कार्यालय ने वैकल्पिक मार्गों के जरिए उड़ान भरने की संभावना पर विचार किया था। हालांकि, इससे उड़ान की अवधि लगभग दोगुनी हो जाती, इसलिए फिलहाल जाना स्थगित कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री कार्यालय ने ग्रीस और बुल्गारिया के रास्ते वैकल्पिक उड़ान मार्ग से बाकू तक यात्रा करने की संभावना पर विचार किया, लेकिन ऐसा न करने का निर्णय लिया, क्योंकि उड़ान का समय लगभग दोगुना हो जाएगा। यह पहली बार नहीं है कि इजरायल के साथ तुर्की के बढ़ते खराब संबंधों के कारण वरिष्ठ अधिकारियों की यात्रा योजना में बाधा उत्पन्न हुई है। इससे पहले, नवंबर 2024 में राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए, आखिरी समय में अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र कॉप29 जलवायु सम्मेलन में अपनी यात्रा रद्द कर दी थी। हालांकि, उस समय की रिपोर्टों से पता चला कि उड़ान रद्द करने का असली कारण यह था कि तुर्की ने इजरायल के राष्ट्रपति को अपने हवाई क्षेत्र से उड़ान भरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का 'एक्स' अकाउंट भारत में ब्लॉक

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ लगातार सख्त रुख अपनाती हुई नजर आ रही है। इसके अलावा, सरकार देश के खिलाफ जहर उगलने वाले पाकिस्तानी नेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट्स को भारत में बैन कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के 'एक्स' अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। भारत में इमरान खान और बिलावल भुट्टो के एक्स को सर्च करने पर अकाउंट की प्रोफाइल पिक्चर और कवर इमेज ब्लैंक नजर आ रही है। इसके साथ ही एक संदेश भी लिखा हुआ दिख रहा है, जिसमें कानूनी बाध्यता का जिक्र है। इससे पहले, पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार के एक्स अकाउंट को भी भारत में बैन कर दिया गया है। तरार ने हाल ही में दावा किया था कि इस्लामाबाद के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है, जिससे पता चलता है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली 24 से 36 घंटे के भीतर पड़ोसी देश पर सैन्य हमला कर सकता है।



इसके अलावा, भारत ने शुक्रवार को ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक यूट्यूब अकाउंट को भी ब्लॉक कर दिया था। शरीफ का चैनल अब तक का सबसे हाई-प्रोफाइल सोशल मीडिया अकाउंट है, जिसे भारत सरकार ने ब्लॉक किया। शहबाज शरीफ के ब्लॉक किए गए प्रोफाइल में लिखा है, राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित सरकार के आदेश के कारण यह कंटेंट फिलहाल इस देश में उपलब्ध नहीं है। सरकार की तरफ से हटाए जाने के अनुरोधों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया गूगल पारदर्शिता रिपोर्ट देखें।

# अब तक तो नहीं पड़ी जरूरत, यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हथियारों को लेकर क्या बोले पुतिन


रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को प्रसारित एक संदेश में कहा कि यूक्रेन में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आवश्यकता नहीं पड़ी है और उम्मीद करता हूं कि आगे भी ऐसी आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

सरकारी टेलीविजन पर पुतिन का साक्षात्कार प्रसारित होने से पहले टेलीग्राम पर साक्षात्कार का संक्षिप्त वर्जन साझा किया गया है जिसमें पुतिन कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि रूस के पास यूक्रेन में संघर्ष को 'तार्किक निष्कर्ष' तक पहुंचाने की ताकत और साधन है। यूक्रेन द्वारा रूसी क्षेत्र पर किये जा रहे हमलों के संदर्भ में पूछे गए एक सवाल के जवाब में पुतिन ने कहा, 'उन (परमाणु) हथियारों का उपयोग करने की कोई आवश्यकता नहीं थी ... और मुझे आशा है कि उनकी आवश्यकता नहीं होगी।' रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम करवाने के लिए अमेरिका भी बहुत प्रयास कर रहा है। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप अब तक दोनों देशों में कोई समझौता करवाने में सफल नहीं हो पाए हैं। पुतिन ने कहा, 'हमारे पास पर्याप्त शक्ति और साधन हैं, जिससे 2022 में जो शुरू किया गया था, उसे रूस की अपेक्षाओं के अनुरूप तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाया जा सके।' बता दें कि व्लादिमीर पुतिन पहले भी यूक्रेन को परमाणु हथियारों की धमकी दे चुके हैं। पुतिन ने नवंबर 2024 में रूस की संशोधित परमाणु नीति को मंजूरी दी थी, जिसमें उन परिस्थितियों का उल्लेख किया गया है जो उन्हें रूस के परमाणु शस्त्रागार का उपयोग करने की अनुमति देती हैं। रूस के पास दुनिया का सबसे बड़ा परमाणु हथियार जखीरा है।

# 15 घंटे चली प्रेस कॉन्फ्रेंस, इस मुस्लिम देश के राष्ट्रपति ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड

पड़ोसी देश मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने रविवार को लगभग 15 घंटे लगातार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राष्ट्रपति कार्यालय ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मुइज्जू ने इस कॉन्फ्रेंस के जरिए यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की द्वारा बनाया गया सबसे लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए उन्होंने लगभग सभी सवालों के जवाब दिए। रिपोर्ट के मुताबिक 46 साल के मुइज्जू ने सुबह 10 बजे अपनी मैराथान प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू की और कुछ प्रार्थना और छोटे-छोटे ब्रेक के साथ यह प्रेस कॉन्फ्रेंस कुल मिलाकर 14 घंटे 54 मिनट तक चलती रही। कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि यह कार्यक्रम आधी रात तक जारी रहा। यह किसी भी राष्ट्रपति द्वारा बनाया गया एक नया विश्व रिकॉर्ड है। ऐसा ही दावा साल 2019 में यूक्रेन की राष्ट्रीय रिकॉर्ड एजेंसी ने किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि जेलेंस्की ने लगातार 14 घंटों तक पत्रकारों के जवाब देकर, बेलारूस के नेता लुकाशेंकों का सात घंटे का रिकॉर्ड तोड़ा है। लगभग 15 घंटे तक चली इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर सरकार ने कहा कि राष्ट्रपति का इरादा इसे विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के साथ शामिल करने का था। इसलिए उन्होंने इसे और भी ज्यादा लंबा कर दिया। कार्यलय न कहा, राष्ट्रपति ने समाज में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया और तथ्यात्मक, संतुलित और निष्पक्ष रिपोर्टिंग के महत्व पर जोर दिया।

## वर्ग पहेली 6903



**दायें से बायें:-**
१. संकीर्ण हृदय, कंजुस, न देने वाला
३. योगासन का एक भेद
५. प्रमाणित (उर्दू)
६. अस्तित्व (उर्दू)
७. दुख से भरा (उर्दू)
८. किसी व्यक्ति-वस्तु आदि की सुरक्षा के लिए नियुक्त व्यक्तियों का दल
१३. चीरने वाला
१५. चिल्लाना, बहुत जोर की आवाज निकालना (उर्दू)
१६. श्रृंगार रस, पारा
१७. हृदय, मन
१८. बीच का, दरमियानी, राशियोंके जोड़ को उनकी संख्या को भाग देने पर प्राप्त भागफल २०. अनुदेश, निर्देश (उर्दू)
२२. कहानी
२३. आजीवन कुंआरी रहने वाली

**ऊपर से नीचे:-**
१. कृष्णपक्ष की अंतिम तिथि
२. श्रीकृष्ण
३. कमल, सौ पंखुड़ियों वाला
४. पर्यायवाची
५. सिद्ध करने वाला, पूरा करने वाला,तपस्वी
९. नाश करने वाला
१०. न्यायालय (उर्दू)
११. पूर्व दिशा
१२. अनुग्रह, कृपा, प्रदान (उर्दू)
१४. हार, मात
१७. आकाश
१९. प्राणवान
२०. कल्याण, भलाई
२१. निश्चित, निर्धारित

## वर्ग पहेली-6902

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ख | ट्टे | २ हो | ना | | | ३ अ | स्त | ४ ब | ल |
| ट | | शि | | ५ वि | लो | प | | ल | |
| ६ प | र्सि | या | | जि | | ७ ला | ज | वा | ब |
| ट | | ८ र | ९ ज | त | कुं | भ | | ई | |
| | १० ह | | क | | | | ११ भो | | १२ अ |
| १३ मु | ठ | भे | ड़ | | १४ द | | १५ र | ग | ड़ |
| | ध | | १६ ना | ग | र | ता | | | च |
| १७ श | र्मी | ली | | | बा | | १८ यौ | १९ व | न |
| शां | | | २० ना | ज | री | २१ न | | स | |
| २२ क | ष्ट | प्र | द | | | २३ भ | या | व | ता |

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

**चुनौती** *पहलगाम हमले के बाद ट्रेनों के संचालन में कोई प्रगति नहीं*

# जम्मू से कश्मीर तक आरंभ होने वाली ट्रेनों का शुभारंभ लटका

**जम्मू, (देशबन्धु)। पिछले छह महीनों से जम्मू से चलने वाली जिन बीसियों रेलों को जम्मू रेलवे यार्ड का रिमाडलिंग का कार्य पूरा करने की खातिर रद्द कर दिया गया था वे अब फिर से शुरू हो गई हैं। पर अब रेल के मोर्चे पर लाख टके का सवाल यह है कि कश्मीर कब रेलमार्ग से जुड़ेगा क्योंकि पहलगाम नरसंहार के उपरांत जम्मू से कश्मीर तक आरंभ होने वाली ट्रेनों का शुभारंभ फिलहाल लटक गया है।**

रेलवे ने जम्मू से चलने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को फिर से बहाल कर दिया है। 16 नवम्बर, 2024 से शुरू हुए यार्ड रि-मॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द या उनके मार्ग में परिवर्तन किया गया था। अब यह कार्य पूर्ण होने के बाद एक मई से इन ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है। हालांकि, कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को मार्च में बहाल कर दिया गया था, लेकिन अभी भी कई ट्रेनें रद्द ही चल रही थीं पर पहलगाम नरसंहार के उपरांत कश्मीर के लिए शुरू होने वाली वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू होने पर संकट के बादल छा गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19 अप्रैल को हरी झंडी दिखाए जाने वाली हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेन को क्षेत्र में खराब मौसम की चेतावनी सहित कई मुद्दों पर अंतिम समय में रद्द कर दिया गया था। पहलगाम हमले के बाद ट्रेन के उद्घाटन को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में 'कमजोर' रेलवे बुनियादी ढांचे पर आतंकी खतरे की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा प्रमुख प्राथमिकता बन गई है। सुरक्षा प्रतिष्ठान ने घाटी में गैर-स्थानीय कर्मचारियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति वाले भारतीय रेलवे को



■ **अनुकूल माहौल वापस आने तक तीन माह तक की देरी संभव**

अपने निर्धारित स्थानों से बाहर जाने से बचने की सलाह दी थी।

भारतीय रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना था कि अभी परिचालन शुरू करने पर कोई प्रगति नहीं हुई है। हमें लगता है कि अनुकूल माहौल वापस आने तक इसमें तीन महीने तक की देरी हो सकती है। वे कहते थेकि कई मुद्दों पर गौर करने की जरूरत है। इसमें एक प्रमुख सुरक्षा आडिट, व्यवहार्यता और बाद में वीआईपी की उपलब्धता शामिल है जो ट्रेन को हरी झंडी दिखा सके। अब स्थिति यह है कि 270 किलोमीटर में फैली उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक औपचारिक उद्घाटन का इंतजार कर रही है। चार महीने पहले वाणिज्यिक संचालन के लिए मंजूरी मिल गई थी। पूरी रेल परियोजना चार चरणों में पूरी की जा रही है, जिसमें उधमपुर-कटरा (जुलाई 2014 में पूरा हुआ), बनिहाल-काजीगुंड (जून 2013 में पूरा हुआ), काजीगुंड-बारामुल्ला (2009 तक चरणों में) और कटरा-बनिहाल शामिल हैं। कश्मीर घाटी तक सीधा रेल संपर्क उपलब्ध कराने के लिए भूकंपीय क्षेत्र 5 और ऊबड़-खाबड़ पहाड़ों और गहरी घाटियों से गुजरने वाले 111 किलोमीटर लंबे बनिहाल-कटरा गलियारे को चालू किया जाना है।

# खेल जगत

## पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों पर सरकार सख्त कार्रवाई करेगी : रवि कुमार दहिया

**नई दिल्ली**, 4 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले पर भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। मुझे अपनी सरकार पर पूरा भरोसा है कि वह पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों पर सख्त कार्रवाई करेंगे। रविवार को दिल्ली में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया शामिल हुए। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम घटना को लेकर सरकार कार्रवाई कर रही है और मुझे भरोसा है कि सरकार इस हमले के गुनहगारों को ढूंढ कर उन्हें सजा दिलाने का काम करेगी। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के बारे में रवि कुमार दहिया ने कहा कि फिटनेस बहुत जरूरी है क्योंकि स्वस्थ शरीर ही हमारी पहली सच्ची दौलत है।



## रोमांचक मुकाबले में कोलकाता नाइटराइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हराया

**कोलकाता**, 4 मई (एजेंसियां)। आंद्रे रसल (नाबाद 57), अंगकृष रघुवंशी (44) और रहमानउल्लाह गुरबाज (35) रनों की पारियों के बाद गेंदबाजों के जूझारू प्रदर्शन के दम पर कोलकाता नाइटराइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 53वें मुकाबले में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हरा दिया। 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। वैभव सूर्यवंशी (चार) और कुणाल सिंह राठौड (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान रियान पराग ने यशस्वी जायसवाल के साथ तीसरे विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी की। सातवें ओवर में मोईन अली ने यशस्वी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। यशस्वी ने 21 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाये। अगले ही ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने ध्रुव जुरेल (शून्य) और वानिंदु हसरंगा (शून्य) को बोल्ड कर राजस्थान को संकट में डाल दिया। ऐसे समय संकट के समय में शिमरॉन हेटमायर ने रियान पराग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट के लिए 92 रन जोड़ कर राजस्थान की उम्मीदों को जिंदा रखा। 16वें ओवर में हर्षित राणा ने शिमरॉन हेटमायर (29) को और 18वें ओवर में रियान पराग को आउटकर कोलकाता की मैच में वापसी कराई। रियान पराग ने आठ छक्के और छह चौके लगाते हुए (95) रनों की तूफानी पारी खेली। इसके बाद शुभम दुबे और जोफ्रा आर्चर आक्रामक बल्लेबाज का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत की दहलीज तक ले गये पर मैच की आखिरी गेंद पर जोफ्रा रनआउट हो गये और राजस्थान रॉयल्स निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 205 रन ही बना सकी और एक रन से मुकाबला हार गई। जोफ्रा आर्चर आठ गेंदों में (12) रन बनाकर आउट हुये वहीं शिवम दुबे ने 14 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 25) रनों की पारी खेली।

कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और मोईन अली ने दो-दो विकेट लिये। वैभव अरोड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे आज यहां कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइटराइडर्स की शुरुआत खराब रही और उसने सुनील नारायण (11) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान अजिंक्य राहणे ने रहमानउल्लाह गुरबाज के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में महेश तीक्षणा ने अजिक्य राहणे को आउटकर कोलकाता को दूसरा झटका दिया। राहणे ने 24 गेंदों में दो छक्के एक चौका लगाते हुए (30) रन बनाये। कोलकाता का तीसरा विकेट रहमानउल्लाह गुरबाज 25 गेंदों में (35) के रूप में गिरा। जोफ्रा आर्चर ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर अंगकृष रघुवंशी 31 गेंदों में (44) को आउट किया।



- 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही
- राजस्थान ने मात्र आठ के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए

## आयुष म्हात्रे सीएसके के लिए बेहतरीन खोज, अगले साल के लिए आत्मविश्वास देगी यह पारी : अंबाती रायडू

**बेंगलुरु**, 4 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायडू ने 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे की बल्लेबाजी की तारीफ की। साथ ही इस युवा बल्लेबाज की खोज करने के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के मैनेजमेंट की भी सराहना की। आयुष म्हात्रे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के तौर पर शानदार बल्लेबाजी की। हालांकि, सीएसके इस रोमांचक मुकाबले में दो रनों से हार गई। लेकिन, इस युवा खिलाड़ी ने अपने बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया।

म्हात्रे ने आरसीबी के खिलाफ 48 गेंदों में 94 रन की पारी खेली और 17 साल और 292 दिन की उम्र में आईपीएल में अर्धशतक बनाने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शेख रशीद के साथ 51 रनों की ओपनिंग साझेदारी करने के बाद रवींद्र जडेजा के साथ तीसरे विकेट के लिए 114 रन जोड़े। लेकिन उनकी शानदार पारी बेकार चली गई क्योंकि सीएसके लक्ष्य से दो रन दूर रह गई। अंबाती रायडु जियो हॉटस्टार पर कहा कि वह सबसे बढ़िया खिलाड़ी हैं। उन्होंने वाकई दिखाया है कि वे क्या कर सकते हैं। आरसीबी के सामने उन्होंने कुछ शानदार शॉट्स खेले। जिसमें कुछ गगनचुंबी छक्के और बाउंड्री भी शामिल है। मुझे लगता है कि वह सीएसके के लिए एक बेहतरीन खोज है और उन्होंने जिस तरह से अपना खेल दिखाया है इससे वह भी संतुष्ट होंगे।

रायडू ने कहा, 'यह कुछ ऐसा है जो उन्हें अगले साल के लिए बहुत आत्मविश्वास देगा। अगर आप इसे देखें, तो उन्होंने मैदान के चारों ओर रन बनाए हैं। सीएसके के आगे के भविष्य को देखते हुए, मुझे लगता है कि वह ऋतुराज गायकवाड़ और डेवाल्ड ब्रेविस के इर्द-गिर्द एक अच्छे बल्लेबाज के तौर पर टीम को मजबूती प्रदान कर सकते हैं। मुझे लगता है कि अगले साल के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।'



म्हात्रे ने आरसीबी के खिलाफ 48 गेंदों में 94 रन की पारी खेली

### सीएसके और आयुष म्हात्रे का साथ लंबे समय तक बने रहने की उम्मीद : फ्लेमिंग

**बेंगलुरु**। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने खुलासा किया है कि आयुष म्हात्रे की किस बात ने उन्हें सबसे ज्यादा प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि 17 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है। सीएसके पहले ही आईपीएल 2025 के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। पांच बार की चैंपियन टीम शनिवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ दो रन से हार गई, बावजूद इसके म्हात्रे ने 48 गेंदों पर 94 रन की प्रभावशाली पारी खेली, जिससे वह 17 साल और 292 दिन की उम्र में आईपीएल में अर्धशतक बनाने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। मैच के बाद फ्लेमिंग ने इस बल्लेबाज की जमकर तारीफ की और कहा कि म्हात्रे के स्वभाव और धैर्य ने उन्हें काफी प्रभावित किया। फ्लेमिंग ने कहा, 'कभी-कभी यह समझाना मुश्किल होता है, लेकिन वह जो कर रहा था, उसमें एक खासियत थी। लेकिन उसका धैर्य कुछ ऐसा था जिसने मुझे प्रभावित किया। उसके पास प्रतिभा है और उसके पास आक्रामक शैली की बल्लेबाजी है, वह सब कुछ जो हमें आधुनिक समय के टी20 खिलाड़ी में पसंद है। लेकिन मैं उसके स्वभाव से काफी ज्यादा प्रभावित हूं।'

## सात साल में पहली बार श्रीलंका महिला टीम ने भारत को हराया




- हर्षिता समाराविक्रमा (53) और नीलाक्षी डिसिल्वा (56) ने शानदार बल्लेबाजी की

**कोलंबो**, 4 मई (एजेंसियां)। चामरी अट्टापट्टू और सुगंधिका कुमारी (तीन-तीन विकेट) के अच्छे प्रदर्शन के बाद हर्षिता समाराविक्रमा (53) और नीलाक्षी डिसिल्वा (56) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर श्रीलंका महिला टीम ने रविवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के चौथे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया।

सात सालों में श्रीलंका की भारत पर यह पहली एकदिवसीय जीत है। 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 30 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट हसिनी परेरा (22) रनआउट के रूप में गवां दिया। इसके बाद हर्षिता समाराविक्रमा ने विष्मी गुणारत्ने के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी हुई।

23वें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने विष्मी गुणारत्ने (33) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद 27वें ओवर में प्रतिका रावल ने हर्षिता समाराविक्रमा (53) को आउटकर भारत को चौथी सफलता दिलाई। कप्तान चामरी अट्टापट्टू (23), कविशा दिलहारी (35) और देवमी विहंगा (एक) रन बनाकर आउट हुईं।

## गॉफ को हराकर सबालेंका ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब



**मैड्रिड**, 4 मई (एजेंसियां)। विश्व की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने कोको गॉफ को हराकर मैड्रिड ओपन का खिताब अपने नाम किया। बेलारुस की सबालेंका ने काजा मैजिका क्ले कोर्ट पर खेले गये जोरदार फाइनल मुकाबले में अमेरिका की गॉफ को 6-3, 7-6 (7-3) से मात देते हुए अपना तीसरा मैड्रिड ओपन खिताब जीता। यह उनके टेनिस करियर का 20वां खिताब है। इससे पहले सबालेंका ने 2021 और 2023 में मैड्रिड ओपन का खिताब जीता था। इस जीत के साथ ही सबालेंका ने टूर्नामेंट में सबसे अधिक जीत के मामले में चेक गणराज्य की खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा के 2011, 2015, 2018 में तीन बार खिताब जीतने की बराबरी कर ली हैं।

## जीत के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम ने किया ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत



ऑस्ट्रेलिया पर 1-0 से जीत दर्ज कर अपने दौरे का सुखद अंत किया

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया)**, 4 मई (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को पांचवें और अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 1-0 से जीत दर्ज कर अपने दौरे का सुखद अंत किया। आज यहां पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले के पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने खेल पर दबदबा बनाया और दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये लेकिन भारत की मजबूत रक्षा पंक्ति ने उन्हें विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर के छह मिनट बाद भारत की उप कप्तान नवनीत कौर के मैदानी गोल की बदौलत टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में दोनों टीमें गोल करने का प्रयास किया लेकिन भारत ने संयम बनाए रखा और अपनी मामूली बढ़त का सफलतापूर्वक बचाव किया। अंतिम क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया को एक महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन उसने मौका गंवा दिया और मेहमान टीम को जीत दिला दी।

## सार संक्षेप


### मांडविया ने शिक्षकों के साथ चलाई साइकिल

**नई दिल्ली**। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अगुवाई में रविवार सुबह आयोजित फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के नवीनतम संस्करण में शिक्षकों, एथलीटों, फिट इंडिया प्रभावितों और फिटनेस प्रेमियों सहित 750 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आज यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में अयोजित 'शिक्षकों के साथ साइकिल चलाना' विषय पर लेकर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मांडविया ने कहा कि शिक्षक हमारे छात्रों के नायक हैं और अब आपको विकसित भारत के नायक बनना है। आप सभी साइकिल चलाना एक फैशन बना सकते हैं और मैं सभी शिक्षकों से आग्रह करता हूं कि वे स्वयं साइकिल का उपयोग फिर से शुरू करें और छात्रों से भी इसका अनुकरण करने को कहें। हम डिजिटल युग में हैं लेकिन हमें अपनी शारीरिक फिटनेस में भी सुधार करने की जरूरत है। साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीएफआई), माई भारत और राज्य सरकारों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में खेल सचिव हरि रंजन राव, टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि दहिया, ओलंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता दीपक पुनिया, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक रोहताश चौधरी (भारत के पुश-अप मैन) और प्रसिद्ध पर्वतारोही नरेंद्र कुमार के साथ राष्ट्रीय स्तर की कई हस्तियों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों और निजी संस्थानों सहित शहर भर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक, सलाहकार और अकादमिक प्रशिक्षक ने साइकिल चलाई।

### श्रीपर्णा डे ने जिमनास्टिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीते चार स्वर्ण पदक

**अगरतला**। त्रिपुरा की जिमनास्ट श्रीपर्णा डे ने कलात्मक जिमनास्टिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में राज्य के लिए चार प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीते। पुणे में आयोजित चैंपियनशिप में श्रीपर्णा ने 42.40 अंकों के शानदार समग्र स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। वॉल्टिंग टेबल (11.55), अनइवन बार्स (8.30), बैलेंसिंग बीम (11.35) और फ्लोर एक्सरसाइज (11.20) में कुशलता और संयम का परिचय दिया। शनिवार को श्रीपर्णा ने तीन श्रेणियों- वॉल्टिंग टेबल, बैलेंसिंग बीम और फ्लोर एक्सरसाइज में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अतिरिक्त स्वर्ण पदक हासिल किए।

## 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में सेना के शूटर्स का दबदबा



**भोपाल**, 4 मई (एजेंसियां)। यहां चल रही 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल (केएसएसएम) निशानेबाजी चैंपियनशिप की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सेना के निशानेबाजों ने शीर्ष छह में से पांच स्थान हासिल किए। केदारलिंग बालकृष्ण उचागांवे ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके साथी अजय कुमार अंबावत को रजत पदक मिला। नौसेना के उज्ज्वल मलिक ने कांस्य पदक जीता। शनिवार को मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में फाइनल मुकाबले में, केदारलिंग और अजय दोनों 24 में से 22 शॉट्स के बाद 223.6 अंकों के साथ बराबरी पर थे। अजय ने 23वें शॉट में परफेक्ट 10.9 अंक हासिल कर बढ़त बना ली, लेकिन आखिरी शॉट में 9.6 अंक के कारण जीत उनसे छिन गई। केदारलिंग ने दबाव में शानदार 10.6 अंक का आखिरी शॉट लगाकर कुल 244.4 अंकों के साथ जीत दर्ज की। इस स्पर्धा में कुल 552 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह ने 579 अंक बनाए और 18वें स्थान पर रहे। वहीं सेना के रविंदर सिंह और ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने क्रमश: 583 और 581 अंक हासिल किए। रविंदर फाइनल में छठे स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में चंडीगढ़ के धैर्य पराशर ने 241.6 अंकों के साथ गोल्ड मेडल जीता। क्वालिफिकेशन में 300 से अधिक जूनियर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

## बिहार में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' शुरू पीएम मोदी ने वैभव का किया जिक्र


**नई दिल्ली**, 4 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बिहार में आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह मंच आपकी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सामने लाएगा और सच्ची खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के दौरान बिहार के अलग-अलग हिस्सों में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि भारत में खेल अब एक संस्कृति के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। ये खेल संस्कृति जितनी बढ़ेगी, उतनी ही यह भारत की सॉफ्ट पावर भी बढ़ाएगी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत में खेलों का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। उन्होंने खेल के क्षेत्र में देश की ताकत को बढ़ावा देने का भी संकल्प लिया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी के ऐतिहासिक प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा, 'हम सभी ने बिहार के बेटे वैभव सूर्यवंशी का आईपीएल में शानदार प्रदर्शन देखा है। वैभव ने इतनी कम उम्र में एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। उनके खेल के पीछे उनकी मेहनत तो है ही, लेकिन विभिन्न स्तरों पर मैच खेलने का भी बड़ा योगदान है। इसका मतलब है कि 'जो जितना खेलेगा, वो उतना ही खिलेगा'।'



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में खेलों के विकास के लिए इस साल के 4,000 करोड़ रुपए के बजट में से एक बड़े हिस्से का उपयोग खेलों के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय खेलों को नई दिशा मिलेगी और देश में खेलों के प्रति जागरूकता और जोश बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि खेल भारत में केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान बन चुके हैं। जैसे-जैसे हमारी खेल संस्कृति का विकास होगा, वैसे-वैसे भारत की ताकत भी सुपरपावर के रूप में बढ़ेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बिहारी व्यंजनों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी बिहार के बाहर से आए हैं, वे बिहार में लिट्टी-चोखा का स्वाद जरूर लें।

## सीएसके के खिलाफ है विराट का खास रिकॉर्ड

**नई दिल्ली**, 4 मई (एजेंसियां)। विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में अपने 500 रन पूरे करने के साथ ही इस लीग में अपनी हैट्रिक भी लगा दी है। यह लगातार तीसरी बार है जब कोहली ने एक सीजन में 500 प्लस रन बनाए। विराट सीजन 2025 में अब तक 143.46 की स्ट्राइक रेट के साथ 505 रन बना चुके हैं। विराट कोहली ने पिछले सीजन में 154.69 की स्ट्राइक रेट के साथ 741 रन बनाए थे। सीजन 2023 में भी उन्होंने 140 की स्ट्राइक रेट के साथ 639 रन बनाए थे। इससे पहले कोहली ने सीजन 2018 में 530 रन बनाए थे। पिछले लगातार तीन सीजन कोहली की बल्लेबाजी उनकी निरंतरता के साथ परिपक्वता को भी दर्शाती है। कोहली ने आठ मौकों पर ऐसा किया है जब उन्होंने आईपीएल के एक सीजन में 500 प्लस रन बनाए हैं। डेविड वार्नर ने ऐसा सात बार किया है। केएल राहुल छह बार ऐसा कर चुके हैं। शिखर धवन पांच बार ऐसा कर चुके हैं। जब-जब कोहली की फॉर्म में एक गिरावट आई, वह तब-तब इससे उभरकर बल्लेबाजी के एक नए दौर में पहुंचे। इससे उम्र के इस पड़ाव में भी उनकी बैटिंग पहले की तरह विश्वसनीय और दर्शनीय है। आईपीएल 2025 में तो उनकी बैटिंग और भी खास रही है क्योंकि उनके रनों के योगदान के दम पर आरसीबी ने मैच जीते हैं।



### कोहली के पास फिर वापस आई ऑरेंज कैप

**बेंगलुरु**। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में ऑरेंज कैप के बीच जारी मुकाबले में रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने साई सुदर्शन को पछाड़ते हुए एक बार फिर से इसे हासिल कर लिया है। आईपीएल 2025 में हर दूसरे मैच के बाद ऑरेंज कैप का मालिक बदल रहा है। फिलहाल विराट कोहली ने शनिवार को खेले गये मैच में ऑरेंज कैप फिर से हासिल कर ली है।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 2- | मुंबई इंडियंस | 11 | 7 | 4 | 14 | +1.274 |
| 3- | गुजरात टाइटंस | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.867 |
| 4- | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 13 | +0.199 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 10 | 6 | 4 | 12 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 11 | 5 | 5 | 11 | +0.249 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.325 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.716 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 | -1.192 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 2 | 9 | 4 | -1.117 |

# कृषि जगत



# ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती का सही समय, बढ़िया उत्पादन के लिए बीजोपचार के बाद ही करें बुवाई

किसान इस समय गर्मी यानी जायद में बोई जाने वाली मूंग की बुवाई कर सकते हैं। मूंग जैसी दलहनी फसलों की बुवाई से यह फायदा होता है कि यह खेत में नाइट्रोजन की मात्रा को बढ़ाती हैं, जिससे दूसरी फसलों से भी बढ़िया उत्पादन मिलता है।

मूंग की फसल के लिए ज्यादा बारिश नुकसानदायक होती है, ऐसे क्षेत्र जहां पर 60-75 सेमी तक वार्षिक बारिश होती है, मूंग की खेती वहां के लिए उपयुक्त होती है। मूंग की फसल के लिए गर्म जलवायु की जरूरत पड़ती है। मूंग की खेती सभी प्रकार की मिट्टी में सफलतापूर्वक की जाती है, लेकिन मध्यम दोमट, मटियार भूमि समुचित जल निकास वाली, जिसका पीएच मान 7-8 हो इसके लिए उत्तम होती है।

**ऐसे करें खेत की तैयारी**- खेत की पहली जुताई हैरो या मिट्टी पलटने वाले रिज़र हल से करनी चाहिए। इसके बाद दो-तीन जुताई कल्टीवेटर से करके खेत को अच्छी तरह भुरभरा बना लेना चहिए। आखिरी जुताई में लेवलर लगाना अति जरूरी है, इससे खेत में नमी लम्बे समय तक संरक्षित रहती है। दीमक से ग्रसित भूमि को फसल की सुरक्षा के लिए क्यूनालफास 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 किलोग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से अंतिम जुताई से पहले खेत में बिखेर दें और उसके बाद जुताई कर उसे मिट्टी में मिला दें।

**मूंग की इन किस्मों की करें बुवाई**- पूसा वैसाखी - फसल अवधि 60-70 दिन , पौधे अर्ध फैले वाले, फलियां लम्बी , उपज 8-10 क्विंटल/ हैक्टेयर

मोहिनी - फसल अवधि 70-75 दिन, उपज 10-12 क्विंटल/ हैक्टेयर पीला मोजैक वायरस व सर्कोस्पोरा लीफ स्पोट रोग के प्रति सहनशील।

पन्त मूंग 1 - फसल अवधि 75 दिन ( खरीफ ) तथा 65 (जायद ) दिन , उपज क्षमता 10-12 क्विंटल/ हैक्टेयर

एमएल 1 - फसल अवधि 90 दिन , बीज छोटा व हरे रंग का , उपज क्षमता 8-12 क्विंटल/ हैक्टेयर।

वर्षा - यह अगेती किस्म है , उपज क्षमता 10 क्विंटल/ हैक्टेयर

सुनैना - फसल अवधि 60 दिन , उपज क्षमता 12-15 क्विंटल/ हैक्टेयर ग्रीष्म मौसम के लिए उपयुक्त .

जवाहर 45 - इस किस्म को हाइब्रिड 45 भी कहा जाता है, फसल 75-85 दिन अवधि उपज क्षमता 10-13 क्विंटल/ हैक्टेयर, खरीफ के मौसम के लिए उपयुक्त .

कृष्ण 11- अगेती किस्म फसल अवधि 65-70 दिन , उपज क्षमता 10-12 क्विंटल/ हैक्टेयर .



पन्त मूंग 3 - फसल अवधि 60-70 दिन, ग्रीष्म ऋतू में खेती के लिए उपयुक्त, पीला मोजैक वायरस तथा पाउडरी मिल्ड्यू रोधक ।

अमृत - फसल आधी 90 दिन यह खरीफ मौसम के लिए उपयुक्त की है , पीला मोजैक वायरस रोग के प्रति सहनशील , उपज क्षमता 10-12 क्विंटल/ हैक्टर।

**बीज की मात्रा और बीजोपचार**- खरीफ मौसम में मूंग का बीज 12-15 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर लगता है।

जायद में बीज की मात्रा 20-25 किलोग्राम प्रति एकड़ लेना चाहिए। 3 ग्राम थायरम फफूंदनाशक दवा से प्रति किलो बीज के हिसाब से उपचारित करने से बीज और भूमि जन्य बीमारियों से फसल की सुरक्षित रहती है।

600 ग्राम राइज़ोबियम कल्चर को एक लीटर पानी में 250 ग्राम गुड़ के साथ गर्म कर ठंडा होने पर बीज को उपचारित कर छाया में सुखा लेना चाहिए और बुवाई कर देनी चाहिए। ऐसा करने से नत्रजन स्थरीकरण अच्छा होता है।

**फसल बुवाई का समय**- बुवाई खरीफ और जायद दोनों फसलो में अलग अलग समय पर की जाती है।

खरीफ में जून के अन्तिम सप्ताह से जुलाई के अंतिम सप्ताह तक बुवाई करनी चाहिए। जायद में मार्च के प्रथम सप्ताह से अप्रैल के द्वितीय सप्ताह तक बुवाई करनी चाहिए।

कतार से कतार के बीच दूरी 45 से.मी. तथा पौधों से पौधों की दूरी 10 सेमी उचित है द्य

**खाद और उर्वरक**- खाद एवं उर्वरकों के प्रयोग से पहले मिटटी की जाँच कर लेनी चहियेद्य फिर भी कम से कम 5 से 10 टन गोबर की खाद या कम्पोस्ट खाद देनी।

मूंग के लिए 20 किलो ग्राम नाइट्रोजन तथा 40 किलो ग्राम फास्फोरस 20 किलो ग्राम पोटाश 25 किलो ग्राम गंधक एवम् 5 किलो ग्राम जिंक प्रति हैक्टेयर की आवश्कता होती है।

**सिंचाई**- खरीफ की फसल में सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है. परंतु फूल आने की अवस्था पर सूखे की स्थिति में सिंचाई करने से उपज में काफी बढ़ोतरी होती है.

खरीफ की फसल में वर्षा कम होने पर फलियाँ बनते समय एक सिचाई करने की आवश्यकता पड़ती है तथा जायद की फसल में पहली सिचाई बुवाई के 30 से 35 दिन बाद और बाद में हर 10 से 15 दिन के अंतराल पर सिचाई करते रहना चाहिए जिससे अच्छी पैदावार मिल सकती है।

**खरपतवार नियंत्रण** - प्रथम निराई बुवाई के 20-25 दिन के भीतर व दूसरी 40-45 दिन में करना चाहिये।

फसल की बुवाई के एक या दो दिन बाद तक पेन्डीमेथलीनकी बाजार में उपलब्ध 3.30 लीटर मात्रा को 500 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना चाहिए। फसल जब 25 -30 दिन की हो जाये तो एक गुड़ाई कस्सी से कर देनी चहिये या इमेंजीथाइपर की 750 मिली . मात्रा प्रति हेक्टयर की दर से पानी में घोल बनाकर छिड़काव कर देना चाहिए।

**रोग और कीट नियंत्रण**- दीमक- बुवाई से पहले अंतिम जुताई के समय खेत में क्यूनालफोस 1.5 प्रतिशत या क्लोरोपैरिफॉस पॉउडर की 20-25 किलो ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से मिट्टी में मिला देनी चाहिए।

**कातरा**- इस कीट की लट पौधों को आरम्भिक अवस्था में काटकर बहुत नुकसान पहुंचती है द्य कतरे की लटों पर क्यूनालफोस 1 .5 प्रतिशत पाउडर की 20-25 किलो ग्राम मात्रा प्रति हैक्टेयर की दर से भुरकाव कर देना चाहिये द्ध

मोयला, सफ़ेद मक्खी और हरा तेला ‍ इनकी रोकथाम के किये मोनोक्रोटोफास 36 डब्ल्यू ए.सी या मिथाइल डिमेटान 25 ई.सी. 1.25 लीटर को प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना चाहिए ।

**फली छेदक:** फली छेदक को नियंत्रित करने के लिए मोनोक्रोटोफास आधा लीटर या मैलाथियोन या क्युनालफ़ांस 1.5 प्रतिशत पॉउडर की 20-25 किलो हेक्टयर की दर से छिड़काव /भुरकाव करनी चहिये।

**रस चूसक कीट**- इन कीट की रोकथाम के लिए एमिडाक्लोप्रिड 200 एस एल का 500 मिली. मात्रा का प्रति हेक्टयर की दर से छिड़काव करना चाहिए। आवश्कता होने पर दूसरा छिड़काव 15 दिन के अंतराल पर करें चीती जीवाणु रोग- इस रोग की रोकथाम के लिए एग्रीमाइसीन 200 ग्राम या स्टेप्टोसाईक्लीन 50 ग्राम को 500 लीटर में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना चाहिए ।

**पीत शिरा मोजैक**- यह रोग एक मक्खी के कारण फैलता हैद्ध इसके नियंत्रण के लिए मिथाइल डेमेटान 0.25 प्रतिशत व मैलाथियोन 0.1प्रतिशत मात्रा को मिलकर प्रति हेक्टयर की दर से 10 दिनों के अंतराल पर घोल बनाकर छिड़काव करना काफी प्रभावी होता है ।

**तना झुलसा रोग**- इस रोग की रोकथाम हेतु 2 ग्राम मैकोजेब से प्रति किलो बीज दर से उपचारित करके बुवाई करनी चहिए। बुवाई के 30-35 दिन बाद 2 किलो मैकोजेब प्रति हेक्टयर की दर से 500 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चहिये ।

**पीलिया रोग**- इस रोग के कारण फसल की पत्तियों में पीलापन दिखाई देता है। इस रोग के नियंत्रण हेतू गंधक का तेजाब या 0.5 प्रतिशत फैरस सल्फेट का छिड़काव करना चहिये द्ध

जीवाणु पत्ती धब्बा, फफुंदी पत्ती धब्बा और विषाणु रोग‍ इन रोगो की रोकथाम के लिए कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम , स्ट्राप्टोसाइलिन की 0.1 ग्राम और मिथाइल डेमेटान 25 ई .सी.की एक मिली.मात्रा को प्रति लीटर पानी में एक साथ मिलाकर पर्णीय छिड़काव करना चहिये द्य

**फसल कटाई और गहाई का समय** - मूंग की फलियों जब काली पड़ने लगे तथा सुख जाये तो फसल की कटाई कर लेनी चाहिएद्ध अधिक सूखने पर फलियों चिटकने का डर रहता है। फलियों से बीज को थ्रेसर द्वारा या डंडे द्वारा अलग कर लिए जाता है

**उत्पादन**- वैज्ञानिक विधि से खेती करने पर मूंग की 7 -8 कुंतल प्रति हेक्टयर वर्षा आधारित फसल से उपज प्राप्त हो जाती है द्ध सिंचित फसल की औसत उपज 10-12 क्विंटल / हैक्टेयर तक हो सकती है।

**भण्डारण**- बीज के भण्डारण से पहले अच्छी तरह सुखा लेना चाहिए. बीज में 8 से 10 प्रतिशत से अधिक नमी नहीं रहनी चाहिए. मूंग के भण्डारण में स्टोरेज बिन का प्रयोग करना चाहिए।

# किसान इस विधि से करें करेले की खेती, एक एकड़ में ढाई लाख होगा मुनाफा



बाराबंकी के किसान अब करेले की खेती में नई तकनीकों का इस्तेमाल कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने पारंपरिक खेती से हटकर आधुनिक तकनीकों को अपनाया है, जिससे कम लागत में अधिक उपज मिल रही है। गर्मियों में करेले की मांग बढ़ने से किसानों को इसका अच्छा दाम मिल रहा है. सरकार भी किसानों की आय बढ़ाने के लिए नई-नई तकनीकों को बढ़ावा दे रही है, जिससे वे पारंपरिक खेती के बजाय लाभकारी फसलों की ओर रुख कर रहे हैं.

रिपोर्ट- संजय यादव

बाराबंकी जिले के सरसौंदी गांव के किसान श्रीकांत वर्मा पिछले कई वर्षों से करेले की खेती कर रहे हैं और इससे लाखों का मुनाफा कमा रहे हैं. उन्होंने पारंपरिक खेती छोड़कर सब्जियों की खेती शुरू की, जिससे उन्हें बेहतर लाभ मिला. वर्तमान में वे लगभग एक एकड़ में करेले की खेती कर रहे हैं, जिससे उन्हें प्रति फसल दो से ढाई लाख रुपये तक का मुनाफा हो रहा है. श्रीकांत वर्मा ने लोकल 18 से बातचीत में बताया कि पहले वे धान और गेहूं की खेती करते थे, लेकिन इसमें खास मुनाफा नहीं हो रहा था. इसके बाद उन्होंने एक बीघे में करेले की खेती शुरू की और अच्छा मुनाफा मिलने लगा. अब वे करीब एक एकड़ में करेले की खेती कर रहे हैं, जिसमें करीब 60 हजार रुपये की लागत आती है. इसमें बीज, बांस, डोरी, पन्नी और मजदूरी का खर्च शामिल है, जबकि मुनाफा दो से ढाई लाख रुपये तक हो जाता है. श्रीकांत वर्मा ने बताया कि वे मल्च विधि से करेले की खेती कर रहे हैं. इस विधि से सब्जियों की पैदावार अच्छी होती है और फसल में रोग भी कम लगते हैं. इस तकनीक से खेत में नमी बनी रहती है और खरपतवार भी कम उगते हैं, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर होती है.

करेले की खेती करना बहुत आसान है. सबसे पहले खेत की जुताई की जाती है, फिर पूरे खेत में बेड बनाए जाते हैं और उन पर पन्नी बिछा दी जाती है. इसके बाद पन्नी में एक से डेढ़ फीट की दूरी पर छेद किए जाते हैं और उनमें करेले के बीज लगाए जाते हैं.

जब पौधा थोड़ा बड़ा होने लगता है, तब उसकी सिंचाई की जाती है. इसके बाद खेत में बांस का ढांचा बनाया जाता है, जिस पर करेले के पौधों को डोरी के सहारे बांध दिया जाता है, जिससे वे संरचना पर फैल जाते हैं. इससे फसल तैयार होने पर तोड़ने में आसानी होती है. पौधे लगाने के 60 से 70 दिनों में फसल निकलनी शुरू हो जाती है और इसे हर दिन तोड़कर बाजार में बेचा जा सकता है. यह फसल लगभग तीन महीने तक चलती है. करेले की खेती की यह विधि कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली तकनीक साबित हो रही है. श्रीकांत वर्मा जैसे कई किसान अब पारंपरिक खेती छोड़कर सब्जियों की खेती में रुचि ले रहे हैं और आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर अपनी आय बढ़ा रहे हैं।

# कद्दू की उन्नत खेती, उन्नत किस्में, बुवाई का उचित समय और पैदावार

भारत में कद्दू या काशीफल की खेती पुरातन काल से होती आ रही है। कददूवर्गीय सब्जियों में कददू एवं कुम्हड़ा का विशेष स्थान है। इसके कच्चे व पके हुए फलों से कई प्रकार की सब्जियां बनाई जाती हैं। उत्तर भारत में तो विवाह व त्यौहार आदि अवसरों पर इसकी सब्जी बनाने की प्रथा है। कद्दू कच्चा और पका फल सब्जी के लिए तथा पके फलों का मिठाई (पेठा) बनाने में प्रयोग होता है। कुम्हड़ा या कददू की एक किस्म मिष्ठान पेठा बनाने में प्रयुक्त होता है। इसके पके हुए फलों को साधारण ताप पर भी लम्बे समय तक रखा जा सकता है। यही कारण है कि जिस समय बाजार में सब्जियों का अभाव रहता है उस समय भी यह उचित मूल्य पर उपलब्ध रहता है।

इसकी कोमल पत्तियों तथा फूलों की भी पहाड़ी लोग स्वादिष्ट सब्जी बनाकर उपयोग में लाते हैं। इसके बीज चीनी / शक्कर के साथ मिलाकर फीताकृमि (टेपवर्म) से पीड़ित व्यक्तियों को खिलाते हैं। इसके फलों का गूदा फुलटिस के रूप में फोडों और घाव पर बाँधा जाता है। इसकी सब्जी में सभी आवश्यक पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाये जाते हैं। कम लागत केराटीन की अधिक मात्रा तथा अच्छी भंडारण क्षमता के कारण ग्रीष्म कालीन ग्रत्रियों में काटत की पत्नी अधिक पसंद की जाती है।

**भूमि एवं उसकी तैयारी**- काशीफल की खेती प्राय: सभी प्रकार की मृदा में की जा सकती है। अच्छी पैदावार लेने के लिए दोमट या बलुई दोमट भूमि जिसमें जीवांश की पर्याप्त मात्रा हो तथा उचित जल निकास वाली भूमि सर्वोत्तम रहती है। गंगा जमुना नदी के दोआब क्षेत्र की कछारी मिट्टी में भी उचित जीवांश मात्रा मिलाकर अच्छी खेती की जाती है। अधिक अम्लीय तथा क्षारीय भूमि इसकी खेती के लिए नुकसानदायक साबित होती है। 6.0 से 7.2 पी.एच. मान वाली भूमि में अच्छी उपज देती है। पहली गहरी जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से कर के दो से तीन जुताई देशी हल या हैरो से करते हैं। प्रत्येक जुताई के बाद पाटा चलाकर मिट्टी को भुरभुरा और समतल करना चाहिए।

बीज के अंकुरण के समय भूमि का तापमान 18-20 डिग्री सेन्टीग्रेड होना चाहिये तथा पौधे की वृद्धि एवं विकास हेतु 24-27 डिग्री सेन्टीग्रेड तापमान उपयुक्त रहता है।

पूर्वोत्तर प्रदेश में छप्पन कद्दू की बुवाई सितम्बर माह के द्वितीय पखवाड़े से लेकर नवम्बर के प्रथम पखवाड़े तक करें। लो टनल की सुविधा होने पर दिसम्बर माह में भी बुवाई की जा सकती है।

**बुवाई का समय तथा बीज की मात्रा** - उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में काशीफल की फसल वर्ष में दो बार बोई जाती है। ग्रीष्म कालीन फसल की बोआई मुख्यत: फरवरी-मार्च में की जाती है। नदी के कछारी क्षेत्रों में तो दिसम्बर-जनवरी माह में ही बीज बो दिये जाते हैं। बरसात की फसल के लिए बीज जून-जुलाई में बोया जाता है। एक हेक्टेयर की बुवाई करने के लिए 7-9 किलोग्राम बीज पर्याप्त रहता है। पर्वतीय क्षेत्रों में इसकी बवाई मार्च-अप्रैल में की जाती है।

**बीज बोने की विधि तथा दूरी**- सामान्यत: बरसात वाली फसल की बुवाई समतल खेत में 3 मीटर की दूरी पर कतार बनाकर छोटे थाले / कुण्ड 60×60×45 से.मी. आकार के गड्डे या थालों में करते हैं। थाले से थाले की दूरी 1.5 मीटर रखी जाती है। प्रत्येक क्यारी में 8-10 बीज बोने चाहिए। कतार से कतार की दूरी 2-2.5 मीटर रखते हैं तथा कुण्ड कुण्ड की दूरी 1.5 मीटर रखी जाती है। प्रत्येक कुण्ड या थाले से में 4-5 बीज एक ही जगह बोने चाहिये। बीजों के अंकुरण पश्चात् दो



स्वस्थ पौधों को छोड़कर बाकी के पौधे उखाड़ देने चाहिए। ग्रीष्म ऋतु में पानी की अधिक आवश्यकता पड़ती है। अत: इस फसल की बोआई नालियों में करना अच्छा रहता है। इसके लिए 2.5 से 3 मीटर के फासले पर लगभग 1 मीटर चौड़ी नालियाँ बनाते हैं और इन्हीं नालियों के दोनों किनारों पर दो थालों या कुण्डों में बीज की बुवाई की जाती है। कुण्ड से कुण्ड की दूरी 1-1.5 मीटर रखते हैं।

**खाद एवं उर्वरक**- काशीफल की अच्छी उपज लेने के लिए खाद एवं उर्वरक दोनों का ही समुचित मात्रा में प्रयोग करना चाहिए। खेत की प्रारम्भिक जुताई के समय 200 से 250 क्विं. / हेटेक्यर के हिसाब से गोबर की अच्छी सड़ी हुई खाद या वर्मीकम्पोस्ट 100-150 क्विं. मिला देना चाहिए। 20 किलोग्राम नीम खली, 30 किलो ग्राम अरण्डी की खली, यूरिया 120 किलोग्राम, एस. एस.पी. 500 किलोग्राम, एम.ओ.पी. 75 किलोग्राम तथा 60 किलोग्राम नत्रजन, 80 किलोग्राम स्फुर/ फास्फोरस, 45 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर के उर्वरक का प्रयोग करना चाहिए। नाइट्रोजन की एक तिहाई मात्रा तथा फास्फोरस और पोटाश की पूरी मात्रा को बुवाई से पूर्व अन्तिम जुताई के समय मिट्टी में अच्छी तरह मिला कर खेत तैयार कर देना चाहिए। नाइट्रोजन की शेष मात्रा को दो बराबर भागों में बांटकर दो बार में पौधों में 4-5 पत्तियाँ निकल आने पर यानि बुवाई के 22-25 दिन बाद अंतिम शेष मात्रा फूल आते समय टापड्रेसिंग द्वारा पौधों के चारों ओर दे देनी चाहिए। इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि उर्वरक पौधों की जड़ व तने के सम्पर्क में न आने पाये।

**सिंचाई एवं जल निकास**- यदि बीज उगने के लिए खेत में पर्याप्त नमी न हो तो पहली सिंचाई बोआई के बाद शीघ्र कर दें। दूसरी और तीसरी सिंचाई भी जल्दी यानि 4-6 दिन के अन्तर से करें। ऐसा करने से बीज शीघ्र तथा आसानी से उग आयेंगें। ग्रीष्म ऋतु की फसल में 8-10 सिंचाइयों की आवश्यकता पड़ती है। आवश्यकतानुसार 7-10 दिन के अन्तर से सिंचाई करते रहना चाहिए। बरसात की फसल में प्राय: सिंचाई की आवश्यकता नहीं पड़ती है। यदि वर्षा लम्बे समय तक न हो तो सिंचाई अवश्य कर देनी चाहिए। बरसात की फसल में उचित जल -निकास की व्यवस्था का होना आवश्यक है ताकि खेत में वर्षा का फालतू पानी इकट्ठा न होने पाए।

# सोयाबीन की उन्नत किस्में और बुवाई का सही तरीका

सोयाबीन की बुवाई जून के प्रथम सप्ताह से शुरू हो जाती है। ऐसे में सोयाबीन की बंपर पैदावार लेने के लिए किसानों को इसकी उन्नत किस्में और बुवाई के सही तरीके की जानकारी होना बेहद जरूरी है। सोयाबीन के किसानों को अच्छे भाव मिलते हैं क्योंकि सोयाबीन से तेल निकाला जाता है। इसके अलावा सोयाबीन से सोया बड़ी, सोया दूध, सोया पनीर आदि चीजें बनाई जाती है। बता दें कि सोयाबीन तिलहनी फसलों में आता है और इसकी खेती देश के कई राज्यों में होती है। विशेषकर मध्यप्रदेश में इसकी खेती प्रमुखता से की जाती है सोयाबीन का भारत में 12 मिलियन टन उत्पादन होता है। यह भारत में खरीफ की फसल है। भारत में सबसे ज्यादा सोयाबीन मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान में उत्पादित होती है। मध्य प्रदेश का सोयाबीन उत्पादन में 45 प्रतिशत जबकि महाराष्ट्र का 40 प्रतिशत हिस्सा है।

**सोयाबीन की खेती का उचित समय** - खरीफ सीजन में सोयाबीन की बुवाई प्रमुखता से की जाती है। इसकी बुवाई जून के प्रथम सप्ताह से शुरू हो जाती है। लेकिन सोयाबीन की बुवाई का सर्वोत्तम समय जून के तीसरे सप्ताह से जुलाई के मध्य तक होता है।

**सोयाबीन की खेती के लिए जलवायु व मिट्टी**- सोयाबीन की खेती के लिए गर्म और नम जलवायु में अच्छी रहती है। इसकी खेती के लिए उचित तापमान 26-32 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए। सोयाबीन की खेती के अच्छे जल निकास वाली दोमट भूमि अच्छी रहती है। मिट्टी का पीएच मान 6.0 से 7.5 सेल्सियस होना चाहिए ।

**सोयाबीन की उन्नत किस्में**- भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान ने चार सोयाबीन किस्मों का विकास किया है जैसे एनआरसी 2 (अहिल्या 1), एनआरसी -12 (अहिल्या 2), एनआरसी -7 (अहिल्या 3) और एनआरसी -37 (अहिल्या 4) है। इसके अलावा संस्थान ने कई किस्मों जैसे-जेएस 93-05, जेएस 95-60, जेएस 335, जेएस 80-21, एनआरसी 2, एनआरसी 37, पंजाब 1, कलितुर को उच्च बीज लॉजिविटी के साथ विकसित किया गया है। इसके अलावा एम. ए.सी.एस. भारतीय वैज्ञानिकों ने सोयाबीन की एक



नई किस्म जो अधिक उपज देने वाली और कीट प्रतिरोधी किस्म एमएसीएस 1407 विकसित की है। यह नई किस्म असम, पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों में खेती के लिए उपयुक्त बताई जा रही है। इसके बीज वर्ष 2022 के खरीफ के मौसम के दौरान किसानों को बुवाई के लिए उपलब्ध कराएं जाएंगे।

**सोयाबीन की खेती के लिए तैयारी** - रबी फसल की कटाई उपरांत खेत की गहरी जुताई रिवर्सिबल मोल्ड बोर्ड प्लाऊ से प्रति तीन वर्ष के बाद पर अवश्य करें एवं प्रति वर्ष खेत अच्छी तरह तैयार करें। गहरी जुताई के लिए रिजिड टाईन कल्टीवेटर अथवा मोल्ड बोर्ड प्लाऊ का प्रयोग करें। प्रति तीन वर्षों बाद खेत का समतलीकरण जरूर करें। खेत की ग्रीष्मकालीन जुताई के बाद सोयाबीन की फसल को बोया जाना चाहिए। सोयाबीन की बुवाई में इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पहले फसल सीजन में बोई फसल के साथ नहीं बोना चाहिए। एक बात और 100 मिमी वर्षा होने पर ही इसकी बुवाई करना उचित रहता है। इससे कम बारिश में इसकी बुवाई नहीं करनी चाहिए।

**बुवाई के लिए बीज व उसकी मात्रा**- सोयाबीन की बुवाई के लिए हमेशा प्रमाणिक बीज ही उपयोग में लेना चाहिए। यदि स्वयं के खेत में पिछली बार बचाए गए बीज प्रयोग में ले रहे है तो उसे पहले उपचारित कर लेना चाहिए। बाजार से लिए गए बीज प्रमाणिक हो इसके लिए सहकारी बीज भंडार से बीज खरीदें और इसकी पक्की रसीद अवश्य लें। सोयाबीन की बुवाई के लिए बीज की मात्रा का निर्धारण दानों के आकार के अनुसार बीज की मात्रा का निर्धारण करें।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# जबलपुर में 117 करोड़ की लागत से बनेंगे वकीलों के चेम्बर

## सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस और मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन



### मल्टी लेवल पार्किंग की जरूरत

गौरतलब है कि हाईकोर्ट परिसर में लॉयर्स चेंबर एण्ड मल्टी लेवल पार्किंग की आवश्यकता लंबे समय से की जा रही थी। इसके लिये अधिवक्ताओं ने विभिन्न माध्यमों से संबंधितों तक आवाज पहुंचाई थी। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ताओं ने मामला उठाया था। राज्यसभा सदस्य एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा ने भी उक्त समस्या को प्राथमिकता पर उठाया था। अब समस्या के निदान का रास्ता साफ हो गया है। वाहनों के जाम का संकट भी भविष्य में खत्म होने के आसार हैं। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि हाईकोर्ट परिसर के समीप सड़कों के किनारे अनगिनत वाहन खड़े रहते हैं इससे यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है और आम राहगीरों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को जबलपुर पहुंचे। उन्होने यहां पर 117 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले आधुनिक भवन, वकीलों चेम्बर एवं मल्टीलेवल पार्किंग का भूमिपूजन किया।

इस मौके पर उनके साथ इस कार्यक्रम में दिल्ली से जबलपुर पहुंचे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके महेश्वरी, जस्टिस एससी शर्मा,जस्टिस सूर्यकांत शर्मा भी मौजूद रहें। इसके अलावा एमपी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत, जस्टिस संजीव सचदेवा व महाधिवक्ता प्रशांत सिंह भी मौजूद रहें। आलीशान बिल्डिंग बनने के बाद सैकड़ों अधिवक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

इस मौके पर हाईकोर्ट के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा कि यह दिन सभी के लिए सौभाग्य हैए क्योंकि अधिवक्ताओं के लिए बहुत बड़ी सौगात मिली है। जब यह बिल्डिंग बनकर तैयार हो जाएगी तो यह सभी अधिवक्ताओं के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगी। वहीं प्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि लंबे समय से सरकार से मांग की जा रही थी कि हाईकोर्ट में एक ऐसी बिल्डिंग हो जो कि अधिवक्ताओं के बैठने व उनकी गाडियों की पार्किंग की व्यवस्था हो, इसके लिए कार्यकारिणी जब भी चीफ जस्टिस से मुलाकात करते थे, तब मांग की जाती थी।

**इनकी रही उपस्थिति-** कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट, प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस के साथ मुख्यमंत्री श्री यादव, महाधिवक्ता सिंह, स्टेट बार काउंसिल के चेयरमेन राधेलाल गुप्ता, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन, मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमेन आरके सिंह सैनी, सीनियर एडवोकेट काउंसिल की अध्यक्ष शोभा मेनन, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अमित जैन, प्रदेश स्टेट बार काउंसिल के सेक्रेटरी राजेश कुमार शुक्ला, हाई कोर्ट ऑफ़ प्रदेश के रजिस्ट्रार जनरल धर्मेंद्र सिंह राठौड़ व हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव परितोष त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जबलपुर में जल संकट, आधी आबादी को पानी की आपूर्ति करने वाली लाइन फूटी

## दो से तीन लग सकता है सुधार कार्यों में



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में भरी गर्मी के दौरान 39 वार्डो में जल संकट गहराया गया है। यहां रहने वाली जनता को चार से पांच दिनों तक पानी से वंचित रहना पड़ सकता है। रमनगरा की पाईप लाइन मेडीकल कॉलेज के पास फूट गई है, इससे वार्डो में पानी की आपूर्ति बंद हो गई है। सुधार कार्य में तीन से चार दिनों तक समय लगने की संभावना है। राईट टाउन, नेपियर टाउन, स्नेह नगर, गढ़ा, दीनदयाल उपाध्याय, यादव कालोनी, मोतीनगर इत्यादि वार्ड शामिल हैं। जहां पर जल संकट गहरा गया है।

यहां से शहर के करीब 40 वार्डो में पानी की सप्लाई की जाती है। इससे माना जा सकता है कि जबलपुर की आधे से ज्यादा जनता प्यासी रहेगी, अभी से जबलपुर शहर के इन वार्डो में पानी के लिये परेशान होने लगे हैं। अभी तेज गर्मी है, ऐसे में बूंद-बूंद पानी के लिये लोगों को संघर्ष करना पड़ने की स्थिति बन गई है। लोगों ने अभी से पानी को बचाना शुरू करा दिया है, ताकि गर्मी में सूखते गले को तर किया जा सके। वहीं जल विभाग के प्रभारी एवं एमआई सदस्य दामोदर सोनी ने कहा है कि सुधार कार्य के लिये नागपुर से टीम बुलाई गई है जो देर रात तक पहुंच जायेगी और उम्मीद है कि पानी की आपूर्ति सामान्य हो जायेगी।

### मेडीकल के पास फूटी पाइप लाइन

रमनगरा से मेडीकल कॉलेज की टंकी के लिये एक सामान्तर पाइप लाइन भी बिछाई गई थी, इसका वॉल्ब भी मेडीकल के पास फट गया है, जिससे मेडीकल की पानी टंकी भी नहीं भर पा रही है। यह वही टंकी है जिसके माध्यम से शहर के आधे से ज्यादा आबादी को पानी की सप्लाई की जाती है।

ननिज के जल विभाग के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया है कि सुधार कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है, दो से तीन दिनों में वॉल्ब ठीक होने की स्थिति है। इसके अलावा मेन लाईन जो फूटी है उसमें सुधार कार्य के दौरान पांच से छ दिनों का समय लग सकता है।

### टैंकरों से पानी की सप्लाई करेंगे

इधर नगर निगम के आला अधिकारियों ने कहा है कि फिलहाल प्रभावित रिहायशी इलाकों मे पानी की आपूर्ति टेंकरों को माध्यम से की जायेगी। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने कहा है कि उन्होंने साथी पार्षदों के साथ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू से जल्द जल संकट को दूर करने की मांग की है ताकि जनता को होने वाली गंभीर समस्या से राहत मिल सके। फिलहाल लोगों को जल संकट से जूझना पड़ेगा।

# जबलपुर सहित 45 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी

## मौसम में बदलाव, प्रदेश के कई शहरो में 7 मई तक रहने का पूर्वानुमान

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में गर्मी के साथ-साथ आंधी-बारिश व ओले गिरने का दौर जारी है। रविवार को भी जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन व इंदौर सहित 45 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। बीते दिन भी जबलपुर सहित कुछ जिलों में बारिश के साथ ओले गिरने से मौसम बदल गया, इसी तरह भोपाल में धूल भरी आंधी चली।

मौसम विशेषज्ञों की माने तो तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन के साथ साथ दो टर्फ लाइन भी गुजर रही है, जिसके चलते मौसम में बदलाव हुआ है। अभी सात मई तक प्रदेश में कहीं तेज आंधी तो कहीं बारिश के आसार बने हुए है। आंधी व बारिश के चलते छतरपुर के बरद्रवाहा गांव में शाम को तेज आंधी के कारण बीएसएनएल का टॉवर गिर गया, स्थानीय लोगों का कहना था कि यह टॉवर लंबे समय से बंद पड़ा था, इसकी खराब स्थिति के बारे में प्रशासन को कई बार सूचित किया गया।

**प्रदेश में आंधी-बारिश के साथ गर्मी**-तेज हवा के साथ बारिश का दौर कई जिलों में देखने को देखने को मिल रहा है। नरसिंहपुर प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रहा, यहां पर दिन का तापमान 43.8 डिग्री रहा. इसके अलावा रतलाम में 43.4 डिग्री, खरगोन में 42.6 डिग्री, शाजापुर में 42.4 डिग्री व खंडवा में पारा 42.1 डिग्री रहा। बड़े शहरों के तापमान पर एक नजर डाले तो जबलपुर में 38.09 डिग्री, भोपाल 41.1 डिग्री, इंदौर में 40.8 डिग्री, ग्वालियर 34.1 डिग्री व उज्जैन में 41.4 डिग्री दर्ज किया गया। सिवनी, छिंदवाड़ा, सीधी, टीकमगढ़, रायसेन व शिवपुरी में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 7 मई तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से आंधी व धूल भरी हवा चलने की संभावना है।

### 47, 48 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान

मौसम विशेषज्ञों की माने तो मई के महीने में ही प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्मी पडने़ की संभावना है। कई शहरों में पारा 47.48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, दिन में हीट वेव चलेगी तो रातें भी गर्म रहेंगी, इस महीने में बारिश का भी ट्रेंड रहता है। इस बार मई की शुरुआत में ही मौसम बदला हुआ है। पहले ही दिन कई जिलों में बारिश हुई। भोपाल में पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है जबकि इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में भी पारा इतना रह सकता है। बड़े शहरों में ग्वालियर में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ेगी। यहां पारा 46.47 डिग्री के बीच पहुंचने की संभावना है।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन टी-250 बाड़े में शिफ्ट

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की बाघिन टी-250 को बहेरहा इंक्लोजर में स्थानांतरित कर दिया गया है। 2 मई को जंगल से रेस्क्यू कर बाघिन को बाड़े में रखा गया। बताया जा रहा है कि बाघिन ने ग्रामीणों पर हमले और मवेशियों का शिकार किया था। इस वजह से वन प्रबंधन ने ये फैक जानकारी के मुताबिक, करीब 10 वर्षीय यह बाघिन पहले पनपथा कोर पतौर कोर परिक्षेत्र में रहती थी। इसके बाद में दूसरी बाघिन के साथ संघर्ष के कारण इसने पनपथा बफर और पतौर की सीमा में अपना क्षेत्र बना लिया। संघर्ष में इसकी आंख के पास चोट लगी और शरीर के अन्य हिस्सों में भी निशान पड़े।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल के नियमों में बदलाव

## अब साल में दो बार परीक्षा, नहीं होगी पूरक परीक्षा

**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) ने इस साल से 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए एक नई परीक्षा प्रणाली लागू की है। अब छात्रों को पूरक परीक्षा (सप्लीमेंट्री परीक्षा) का सामना नहीं करना पड़ेगा। यानि इस बार या तो छात्र उत्तीर्ण होंगे या फिर अनुतीर्ण। जो छात्र कुछ विषयों में अनुतीर्ण होंगे वे वे जुलाई और अगस्त में दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

नई परीक्षा प्रणाली छात्रों के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हो सकती है। अब छात्रों को दो बार परीक्षा देने का मौका मिलेगा, जिससे उनकी सफलता की संभावना और भी बढ़ जाएगी। इस बदलाव से विद्यार्थियों को सफलता पाने का नया मार्ग मिलेगा, और उनकी मेहनत का सही फल मिलेगा। पिछले साल 10वीं में 42 फीसद और 12वीं में 64.49 फीसद छात्रों ने परीक्षा उतीर्ण की थी। 10वीं में 1,15,839 छात्रों को सप्लीमेंट्री मिली थी, जबकि 12वीं में 1,04,727 छात्रों को सप्लीमेंट्री का अवसर प्राप्त हुआ था। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि इस व्यवस्था में हर साल कई छात्र परीक्षा में असफल होते थे लेकिन अब नए बदलाव से छात्रों को अधिक अवसर मिलेगा।

**अंक सुधार के लिए परीक्षा-** जो छात्र पहली परीक्षा में पास हो जाएंगे, वे अंक सुधार के लिए भी दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इस परीक्षा में छात्र पहले परीक्षा में लिए गए विषय नहीं बदल सकेंगे। इस बदलाव से छात्रों को अपनी कठिनाईयों से उबरने का अवसर मिलेगा और वे अपने परिणाम को बेहतर बना सकते हैं।

**आगामी परीक्षा और रिजल्ट-** बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, परीक्षा परिणाम मई के पहले सप्ताह में घोषित हो सकते हैं। इसके बाद जुलाई में द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसमें पहली परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र ही भाग ले सकेंगे।

**छात्रों के लिए नए अवसर** नई व्यवस्था के तहत, जो विद्यार्थी दूसरी परीक्षा में बैठने के योग्य होंगे, उन्हें कक्षा में अस्थायी प्रवेश मिल सकेगा। अगर वे दूसरी परीक्षा में सफल होते हैं, तो उनकी उपस्थिति को भी माना जाएगा। इस कदम से छात्रों को परीक्षा में सुधार का एक और मौका मिलेगा, जो उन्हें अपनी मेहनत का सही परिणाम पाने का अवसर देगा।

### सप्लीमेंट्री का प्रावधान खत्म

*इस बदलाव के बाद अब अगर छात्र किसी भी विषय में फेल होते हैं, तो उन्हें जुलाई और अगस्त में आयोजित होने वाली दूसरी परीक्षा में बैठने का मौका मिलेगा। यह परीक्षा उन्हीं छात्रों के लिए होगी जो पहली परीक्षा में फेल हुए हैं। खास बात यह है कि छात्र कितने भी विषयों में फेल हों, वे दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।*

# रिटायर्ड शिक्षक की जमा पूंजी पर बहू के प्रेमी ने किया था हाथ साफ

## लाखों के जेवरात व नगदी के साथ दोनों गिरफ्तार

**डिंडोरी, देशबन्धु।** रिटायर्ड शिक्षक की नकदी व जेवरात घर की बडी बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर चोरी करवाये थे। पुलिस ने विवेचना के बाद दोनों के पास से चोरी के जेवरात व नगदी बरामद करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेष पर दोनों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार साकेत नगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक ने राम गोपाल तिवारी ने 05 और 06 अप्रैल की रात घर में एक लाख नगद और 16 लाख रुपये के जेवरात चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उन्होने बताया था कि दुर्गा अष्टमी के दिन हम पूजा करने पैतृक गांव कुकर्रामठ गये थे। बडी बहु प्रिया तिवारी दूसरे दिन 5 अप्रैल को गांव पहॅुची थे और उसी रात को घर में चोरी की घटना घटित हुई। विवेचना के दौरान पुलिस को परिवार के बहू प्रिया पर षंक हुआ। पुलिस ने उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने प्रेमी आसिफ खान निवासी विक्रमपुर के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उसने बताया कि लगभग ढाई साल पहले वह बस में सवार होकर जबलपुर से डिंडोरी लौट रही थी। इस दौरान आसिफ ने मॉ से बात करने उसका फोन लिया था। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत प्रारंभ हो गयी और दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गये। घर में कोई नही होने के जानकारी उसे देते हुए नगदी व जेवरात रखे होने की स्थान की जानकारी दी थी। पुलिस ने दोनों के पास से चोरी के जेवरात व नगदी बरामद की है।

# उधना-समस्तीपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलेगी

## कटनी एवं सतना स्टेशनों पर होगा ठहराव

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना-समस्तीपुर-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 05-05 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 09069 उधना-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 03 मई से 31 मई 2025 तक प्रत्येक शनिवार को उधना स्टेशन से रात 20: 35 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी सुबह 06: 05 बजे, जबलपुर 09:20 बजे, कटनी 10: 45 बजे, सतना 12:25 बजे पहुंच कर, अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सोमवार 02:35 बजे समस्तीपुर स्टेशन पहुंचेगी। (05 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 09070 समस्तीपुर-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 05 मई से 02 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को समस्तीपुर स्टेशन से प्रात: 05:00 बजे प्रस्थान कर, सतना 19:10 बजे, कटनी रात 22:00 बजे, अगले दिन जबलपुर मध्यरात्रि 00:05 बजे, इटारसी 03:35 बजे पहुँचकर,अन्य स्टेशनों से होते हुए मंगलवार दोपहर 14:00 बजे उधना स्टेशन पहुंचेगी। (05 ट्रिप।



**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्य संरक्षा आयुक्त मनोज अरोरा का मुंबई से आगमन हुआ। रेल प्रबंधक कमल तलरेजा, स्टेशन निदेशक संजय शर्मा के साथ वे जोन की रेल लाईनों का निरीक्षण करेंगे।


**J.B.F.A**

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 140 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 136 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 124 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 124 |

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 120 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 130 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 136 |

मो.- 9039925999




**NH नेशनल हॉस्पिटल**

स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612

C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त

सुपर स्पेशिलिटी विभाग

● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग

28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान